✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार




अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 54 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 20 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



एडीजे कुंदन कृष्णन ने अपने विवादित बयान पर मांगी माफी

# निष्क्रिय एनजीओ और सोसायटी पर गिरेगी गाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में ऐसे एनजीओ और सोसायटी, जो केवल कागजों पर सक्रिय हैं लेकिन जमीनी स्तर पर कोई गतिविधि नहीं चला रहे, अब उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने ऐसे गैर-क्रियाशील संस्थानों के निबंधन को रद्द करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।



विभाग उन संगठनों की पहचान कर रहा है, जो वर्षों से निष्क्रिय हैं, जिनका पता बदल गया है या जो निर्धारित मानकों पर कार्य नहीं कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य एनजीओ क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। वर्ष 1860 से लेकर 2016 तक राज्य में कुल 34,776 एनजीओ निबंधित हुए हैं। वर्ष 2016 के बाद से ऑनलाइन निबंधन प्रणाली शुरू की गई, जिसके तहत अब तक 4570 एनजीओ और 1771 फर्म निबंधित हो चुके हैं। एनजीओ यानी गैर-सरकारी संगठन मुख्यतः समाज कल्याण के लिए काम करते हैं जबकि फर्म व्यावसायिक लाभ के उद्देश्य से दो या दो से अधिक व्यक्तियों द्वारा संचालित की जाती है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल कागजी संस्थाएं राज्य की नीतियों और योजनाओं में बाधा बनती हैं। ऐसे में यह कदम एनजीओ व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक बड़ा सुधार माना जा रहा है।

## भूमि अधिग्रहण में तेजी के लिए एमवीआर का होगा विशेष पुनरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतमाला परियोजना के तहत प्रस्तावित पटना-पूर्णिया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य को गति देने की तैयारी तेज हो गई है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को सुगम और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने प्रारंभिक अधिसूचना से पूर्व प्राक्कलित न्यूनतम मूल्य के विशेष पुनरीक्षण का निर्देश दिया है। इस संबंध में विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, मधेपुरा और पूर्णिया जिलों के समाहर्ताओं को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि केंद्रीय मूल्यांकन समिति से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद ही अधिसूचना प्रकाशन की प्रक्रिया शुरू की जाए। यह निर्देश 17 जुलाई को मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद जारी किया गया। बैठक में परियोजना की प्रगति में पारदर्शिता, शीघ्र निष्पादन और भूमि स्वामियों को लाभकारी मुआवजा सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

# घूस लेते रंगे हाथ पकड़ी गई महिला थानाध्यक्ष

### केस रफा-दफा करने के एवज में मांगे थे 40 हजार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर महिला थाने की प्रभारी थानाध्यक्ष पुतुल कुमारी को निगरानी विभाग की टीम ने शनिवार को 20 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई निगरानी डीएसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में की गई। टीम ने महिला थाना परिसर में छापेमारी कर आरोपित थानाध्यक्ष के साथ उसके चालक गुड्डू कुमार को भी हिरासत में ले लिया।

पुतुल कुमारी मूल रूप से मोतिहारी जिले की रहने वाली हैं। निगरानी विभाग के अनुसार, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छतौना गांव निवासी राजीव रंजन ने 10 जुलाई को विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि गांव की पूजा कुमारी नामक महिला ने उनके खिलाफ समस्तीपुर महिला थाना में आवेदन दिया था। इसी को लेकर थानाध्यक्ष ने उन्हें नोटिस भेजा और मामला निपटाने के लिए 40 हजार रुपये की मांग की गई। अंततः सौदा 20 हजार में तय हुआ। राजीव रंजन ने बताया कि 8 जुलाई को जब वह थाने पहुंचे तो उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया गया। इसके बाद उन्होंने निगरानी विभाग से संपर्क किया। शिकायत की जांच में आरोप सही पाए जाने पर विजिलेंस टीम ने पूरी रणनीति के साथ ट्रैप बिछाया। शनिवार को राजीव रंजन के साथ टीम महिला थाना पहुंची और जैसे ही थानाध्यक्ष ने 20 हजार रुपये लिए, उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

## करंट की चपेट में आकर मां-बेटे की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र स्थित रत्नपुर केवल गांव में शुक्रवार देर शाम करंट लगने से मां और उसके सात वर्षीय बेटे की मौत हो गई। हादसे के वक्त महिला अपने तीन बच्चों के साथ जलावन लेने निकली थी। इस घटना में दो अन्य बच्चे बाल-बाल बच गए। मृतका की पहचान पिंकी देवी (30) के रूप में हुई है। उनके पति मिलन राय ने बताया कि बारिश के बीच पत्नी पिंकी देवी तीनों बेटों के साथ घर के पीछे जलावन लेने गई थी। उसी दौरान वहां लगे बिजली के पोल में करंट फैल गया। बड़ा बेटा हंस राज (7) जब पास गया तो उसे जोर का झटका लगा और वह छटपटाने लगा। मां ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गई। घटना की सूचना मिलते ही बरियारपुर थाने की थानाध्यक्ष चांदनी सवारियां पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कुंदन कृष्णन ने अपने विवादित बयान पर मांगी माफी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) कुंदन कृष्णन अपने विवादित बयान को लेकर बैकफुट पर आ गए हैं। उन्होंने किसानों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए कहा है कि उनका उद्देश्य किसानों की भावनाएं आहत करना नहीं था। यह सफाई उन्होंने बिहार पुलिस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर जारी एक वीडियो संदेश के माध्यम से दी।

दरअसल, बीते दिनों एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एडीजी कुंदन कृष्णन ने कहा था कि मई-जून के महीनों में हत्या की घटनाएं बढ़ जाती हैं, क्योंकि इन महीनों में किसानों के पास कोई विशेष कार्य नहीं होता। इस बयान के बाद सियासी गलियारों में हलचल मच गई थी।

विपक्षी दलों के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री एवं लोजपा-रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने भी इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने इस टिप्पणी को किसानों का अपमान बताते हुए बयान वापस लेने और माफी मांगने की मांग की थी। बढ़ते विरोध के बीच एडीजी ने अपनी सफाई में कहा कि मेरे बयान को मीडिया के कुछ वर्गों द्वारा तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया गया, जिससे गलतफहमी और विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। मेरा उद्देश्य कभी भी किसानों को गलत ठहराना नहीं था।

### लहेरी थाना चैराहे 7 दिन बंद स्मार्ट सिटी का बड़ा फैसला

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना चैराहे पर कच्ची सड़क की वजह से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए बिहारशरीफ स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने बड़ा फैसला लिया है। आज प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में हुई बैठक में लहेरी थाना चैराहे का जंक्शन सुधार का काम तुरंत शुरू करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में तय किया गया कि लहेरी थाना से भरावपर के बीच स्थित लहेरी थाना चैराहे पर जंक्शन इम्प्रूवमेंट का काम किया जाएगा जिसके लिए चैराहे पर नई सड़क का निर्माण होगा। इस काम के दौरान 21 जुलाई से 28 जुलाई तक यानी 7 दिनों तक इस रूट पर आम लोगों का आना-जाना बंद रहेगा। प्रबंध निदेशक ने संबंधित ठेकेदार को सख्त निर्देश दिया है कि यह काम 7 दिन के अंदर ही पूरा कर लिया जाए।

### इलाज के दौरान जदयू नेता की मौत

**बिहारशरीफ।** इसलामपुर थाना क्षेत्र के हैदरचक गांव में कुछ दिन पूर्व मारपीट में जख्मी जदयू नेता इंद्रदेव प्रसाद की मौत पटना में इलाज के दौरान हो गई। बताया जाता है कि इसलामपुर थाना क्षेत्र के हैदरचक गांव मे बीते 12 जूलाई को आपसी रंजिश को लेकर नीपू कुमार नामक युवक ने नशे की हालत मे इंद्रदेव प्रसाद को लाठी डंडे से मार कर उन्हें बुरी तरह से जख्मी कर दिया था। घटना के बाद परिजनों के द्वारा जख्मी इंद्रदेव प्रसाद को इलाज के लिए इसलामपुर सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां स्थानीय चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद जख्मी इंद्रदेव प्रसाद को पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की संध्या में इंद्रदेव प्रसाद की मौत हो गई।

# मुख्यमंत्री ने गंगा के बढ़ते जलस्तर का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार में लगातार हो रही बारिश और नेपाल से छोड़े गए पानी के कारण गंगा नदी रौद्र रूप में आ गई है। राजधानी पटना में गंगा कई घाटों पर खतरे के निशान को पार कर चुकी है, जिससे दियारा और निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जल संसाधन विभाग ने हाई अलर्ट जारी किया है और बांधों की 24 घंटे निगरानी शुरू कर दी है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में तैनात हैं। गंगा के जलस्तर में आई तेजी से वृद्धि के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को स्थिति का जायजा लियाउन्होंने जेपी गंगा पथ से गंगा के बढ़ते जलस्तर का मुआयना किया। आपदा की स्थिति में निपटने के लिए किये गए एहतियाती इंतजामों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को राहत कार्य के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। वे सबसे पहले नित्तन घाट पहुंचे, जहां उन्होंने गंगा के जलस्तर का जायजा लिया। इसके बाद वे गांधी घाट गये और वहां भी स्थिति का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के साथ कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने उन्हें गंगा के जलस्तर और संभावित बाढ़ की स्थिति से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पूरी तरह से सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गंगा का जलस्तर लगातार हर दो घंटे पर एक सेंटीमीटर बढ़ रहा है, जो चिंताजनक है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से लगातार स्थिति पर नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। उधर, गांधी घाट, दीघा घाट, दानापुर और मनेर जैसे प्रमुख घाटों पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को छू रहा है। जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पटना के प्रमुख घाटों पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है या उसके करीब है। पिछले दो दिनों में जलस्तर में ढाई फुट की वृद्धि हुई है। जिससे दियारा, दानापुर और मनेर में पानी फैलने लगा है। पटना में बाढ़ से निपटने के लिए 119 ऐसे स्थलों का चयन किया गया है जो ऊंचे स्थानों पर है। यहां से बाढ़ आने की स्थिति में राहत शिविर, सामुदायिक रसोई केंद्र या अन्य आपदा राहत सेवाएं चलाई जाएगी। वहीं बाढ में घिरे लोगों को बचाने के लिए 245 नाविकों की टीम तैयार रखी गई है। साथ ही नाव, गोताखोर को एहतियाती इंतजामों के तहत रखा गया है। साथ ही पटना के सभी नुमंडल अधिकारियों, अंचलाधिकारियों और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को भी अपने क्षेत्रों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है।

# गैंगस्टर चंदन मिश्रा हत्याकांड में आठ पुलिसकर्मी निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** चर्चित गैंगस्टर चंदन मिश्रा हत्याकांड में लापरवाही बरतने के आरोप में पटना पुलिस के आठ जवानों पर कार्रवाई की गई है। इनमें एक दारोगा और दो सिपाहियों समेत कुल आठ पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है। यह कार्रवाई पटना के एसएसपी कार्तिकेय शर्मा द्वारा की गई है। बताया गया है कि हत्या के वक्त इलाके में गश्त नहीं होने और पुलिस की सतर्कता में भारी चूक सामने आने के बाद यह निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि बीते दिनों पटना के बहुचर्चित पारस अस्पताल परिसर में घुसकर चार हथियारबंद बदमाशों ने गैंगस्टर चंदन मिश्रा पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी थी। इस हमले में चंदन मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद हमलावर आसानी से फरार हो गए थे। यही नहीं, हमलावरों का एक फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वे हथियार लहराते हुए बाइक पर नजर आए थे। इस घटना ने राजधानी पटना में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। इधर, हत्या के बाद फरार पांचों आरोपितों को बिहार एसटीएफ और बंगाल पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में शुक्रवार देर रात कोलकाता के न्यू टाउन इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी आरोपित एक फ्लैट में छिपे हुए थे। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर उन्हें ट्रैक कर पकड़ा। पकड़े गए आरोपितों में चार शूटर बताए जा रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर राज्य में कानून-व्यवस्था और पुलिस की जवाबदेही को लेकर बहस छेड़ दी है।






# बिहार बना निवेश का नया हॉटस्पॉट

## नीतीश सरकार के प्रयासों से उद्योगों को लग रहे पंख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार अब केवल कृषि आधारित राज्य नहीं रहा, बल्कि देश का एक नया औद्योगिक केंद्र बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में तेजी से औद्योगिक विकास हो रहा है। 13 करोड़ से अधिक आबादी और देश के सबसे युवा राज्य होने के कारण बिहार का कंज्यूमर मार्केट बहुत बड़ा है और सरकार इसे और विस्तारित करने के लिए सतत प्रयास कर रही है। पहले यह धारणा थी कि बिहार में बड़े पैमाने पर निवेश संभव नहीं है, लेकिन नीतीश सरकार की स्पष्ट और अनुकूल औद्योगिक नीतियों की वजह से ये धारणा बदल गई है। आज बिहार फूड प्रोसेसिंग, कपड़ा, पर्यटन, आईटी और बायोफ्यूल्स जैसे क्षेत्रों में निवेश का पसंदीदा स्थल बन चुका है। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 इसका बड़ा उदाहरण है जिसमें 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर हुए और 423 कंपनियों ने भाग लिया। बिहार स्टार्टअप नीति युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रही है। इस नीति के तहत 10 वर्षों के लिए 10 लाख रुपये तक की ब्याजमुक्त सहायता दी जा रही है। राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण के लिए भी सहायता दे रही है जिससे गया और पटना जैसे शहर इंडस्ट्री हब के रूप में तेजी से विकसित हो रहे हैं। बिहार में उद्योग लगाने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए सरकार ने सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम लागू किया है। निवेशकों को मात्र 7 दिनों के भीतर भूमि आवंटन किया जा रहा है। साथ ही प्लग एंड प्ले इंडस्ट्रियल शेड जैसे सुविधाएं दी जा रही है जिससे उद्योग जल्द शुरू किए जा सके।

बिहार सरकार निवेशकों को पूंजी सब्सिडी, बिजली शुल्क में छूट, रोजगार सृजन अनुदान, टैक्स राहत, ब्याज प्रतिपूर्ति, पेटेंट सहायता जैसी सुविधाएं ओर विशेष अनुदान जैसे लाभ भी प्रदान कर रहा है। बिहार इथेनॉल उत्पादन प्रोत्साहन नीति लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। यहां 8 इकाइयों में उत्पादन शुरू हो चुका है और 60 और इकाइयां भविष्य में शुरू होने वाली हैं। बॉयोफ्यूल्स को प्रोत्साहन देने के लिए नीति बनाई गई है जिसके तहत 5 करोड़ तक की सब्सिडी दी जाती है। बिहार की लेदर एंड टेक्स्टाइल नीति के तहत 10 करोड़ रुपये और लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए नीति के तहत उद्यमियों को 25 करोड़ तक की सब्सिडी और 60 करोड़ तक की ब्याजमुक्त प्रतिपूर्ति देती है। टेक्सटाइल, लॉजिस्टिक्स, आईटी और पर्यटन के क्षेत्र में भी राज्य सरकार विशेष सब्सिडी और नीतियों से निवेश को बढ़ावा दे रही है।

# भाजपा ने बिहार को बनाया तालिबान : तेजस्वी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर विपक्ष लगातार राज्य की मौजूदा एनडीए सरकार पर निशाना साध रहा है। इस बीच प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने बढ़ते अपराध के साथ ही भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को लेकर हमला बोला है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हेंडल एक्स पर लिखा कि भाजपा ने बिहार को बनाया तालिबान! गया में डॉक्टर को मारी गोली, पटना में दो गुटों में खुली गोलीबारी, पटना में महिला को मारी गोली, रोहतास में व्यवसायी की हत्या, मोदी-नीतीश भाजपाई सरकार बेबस, डीके टैक्स संरक्षित, गुंडे अपराधी बेधड़क! इसके साथ ही तेजस्वी ने शनिवार को एक गाना लॉन्च किया जिसमें भाजपा के कई वादों को उठाया गया है। इस गाने को उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने एक्स पर गाने का वीडियो शेयर करते हुए उसके कैप्शन में लिखा है, 'मोदी जी ओ मोदी जी, आदरणीय मोदी जी, आपके झूठ और जुमलों से तंग आकर बिहारवासियों ने आपको यह गाना समर्पित किया है। इस गाने में जहां बंद पड़ी चीनी मिल के फिर से शुरू करने के वादे नहीं निभाने का जिक्र किया गया, वहीं यह भी कहा गया कि बिना चुनाव के पीएम मोदी नहीं आते हैं। इसके अलावा बिहार में पुल टूटने और कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति को लेकर भी निशाना साधा गया है।

राजद प्रमुख लालू यादव ने भी पीएम मोदी के बिहार दौरे को लेकर तंज कसते हुए एक्स पर लिखा कि जुमला सुनाने बिहार क्या मतदाता सूची में हेरा-फेरी के बाद आओगे? बिहारी, हेराफेरी तो होने देंगे नहीं'। बता दें कि पीएम मोदी ने शुक्रवार को मोतिहारी के गांधी मैदान में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जोरदार हमला किया था। इस दौरान उन्होंने 7200 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया था।

# अपराध को लेकर हर किसी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी : चिराग पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर केंद्रीय मंत्री एवं लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान ने शनिवार को नीतीश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से जिम्मेदारी निभाने की मांग करते हुए वैशाली में एक बच्ची की हत्या का जिक्र कर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा है कि सरकार और पुलिस को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी अन्यथा अपराध की घटनाओं पर लगाम नहीं लगेगी। चिराग पासवान ने कहा कि हर किसी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। चाहे हमारी सरकार हो या किसी और की, अपराध को ऐसे मैनेज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब सौगात लेकर आ रहे हैं तो उनकी प्राथमिकताएं अलग हैं। वे बिहार को एक विकसित राज्य बनाने की सोच के साथ कार्य कर रहे हैं जहां तक कानून-व्यवस्था की बात है तो ये सभी जानते हैं कि ये राज्य सरकार का विषय है। ऐसे में प्रधानमंत्री को चिंता नहीं है, यह कहना जायज नहीं है जिस तरीके से हाल के दिनों में आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं जिस तरीके से पारस अस्पताल में घुसकर हत्या की गई इसे जायज नहीं ठहराया जा सकता है।

# देश के लिए मिसाल है बिहार में महिलाओं का सशक्तिकरण : ललन सिंह

## अब अस्पतालों व प्रखंड कार्यालयों के अलावा आवासीय विद्यालयों की रसोई भी संभालेंगी जीविका दीदियां : मंत्री श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना किसी भी परिवार, समाज, राज्य या देश के विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती। बिहार आज विकास के रास्ते पर इसलिए अग्रसर है कि जब नीतीश कुमार ने वर्ष 2005 में बिहार के मुख्यमंत्री का पद संभाला तो उन्होंने सबसे पहले राज्य में महिला सशक्तिकरण की नींव रखी थी।

पंचायती राज मंत्री ललन सिंह शनिवार को सचिवालय स्थित अधिवेशन भवन में 'महिला सहभागिता से विकसित बिहार की परिकल्पना' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का आयोजन भारतीय लोक प्रशासन संस्थान और जीविका ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी व पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह, केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर बिहार सरकार के विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली के महानिदेशक एसएन त्रिपाठी, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह समेत राज्य व केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी और राज्यभर से आयीं जीविका समूह की दीदियां मौजूद थीं। केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि आज देशभर में 9.2 प्रतिशत की विकास दर के साथ बिहार तीसरे स्थान पर है। इसका मुख्य कारण है महिला सशक्तिकरण। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आबादी 50 प्रतिशत है। महिलाओं की शक्ति को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सबसे पहले पहचाना और उन्हे न केवल समाज की मुख्यधारा में लाने के प्रयास तेज किए बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए उन्हें आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाने का बीड़ा भी उठाया। उन्होंने सबसे पहले पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया। बाद के दिनों में नीतीश कुमार ने स्वयं सहायता समूहों के जरीये महिलाओं को सशक्त करने की रणनीति बनाई। आज बिहार में 11 लाख स्वयं सहायता समूह हैं और इन समूहों से राज्य की 1.40 करोड़ से भी अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। ललन सिंह ने कहा कि बिहार की लड़कियों को शिक्षा से जोड़ने के लिए उन्होंने स्कूली छात्राओं के लिए साइकिल और पोशाक योजना की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि महिलाओं की मांग पर ही मुख्यमंत्री ने वर्ष 2016 में बिहार में पूर्ण शराबबंदी का फैसला लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए

# भाजपा ने तेजस्वी यादव को बताया 'क्रेडिट चोर'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए सत्ता और विपक्ष के बीच पोस्टर वार से लेकर सोशल मीडिया तक सियासी जंग तेज हो गई है। इसी कड़ी में भाजपा ने तेजस्वी यादव को 'क्रेडिट चोर' बताते हुए पोस्टर जारी किया तो तेजस्वी ने गाने के जरिए उस पर पलटवार किया। भाजपा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर पोस्टर जारी कर लिखा कि बिहार के लोग मस्त, क्रेडिट चोर तेजस्वी पस्त। पोस्टर में दावा किया गया है कि बिहार सरकार ने एक करोड़ रोजगार, 1100 रुपये पेंशन, 125 यूनिट फ्री बिजली और 35 फीसदी महिला आरक्षण जैसे बड़े फैसले लिए हैं, लेकिन तेजस्वी यादव इन उपलब्धियों का क्रेडिट लेने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के इस पोस्टर वार पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अलग ही अंदाज में पलटवार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें एक महिला मोतिहारी में मोदी सरकार पर तंज कसते हुए गाना गा रही है। गाने के बोल हैं, 'मोतिहारी की चाय फीकी है, वह मोदी जी चीनी मिल अपने लगवाए नहीं वह मोदी जी। तेजस्वी ने इस वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा, 'मोदी जी, आपके झूठ और जुमलों से बिहार तंग आ चुका है, बिहारियों ने आपके लिए यह गाना समर्पित किया है।'

# मोदी जी के राज में कानून का राज : ललन सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने शनिवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी के शासन में देश में कानून का राज है। उन्होंने पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए लालू यादव, तेजस्वी यादव, राहुल गांधी और ममता बनर्जी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली का नेता प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहा है और बिहार में जो नेता है, वह मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहा है। सच्चाई यह है कि ये सभी जमीन घोटाला में फंसे हुए हैं। इसलिए चिंता छोड़ दीजिए मोदी जी के राज में कानून का राज है। कानून सम्मत कार्रवाई होगी। गड़बड़ करिएगा तो अंदर जाइएगा। ललन सिंह ने लालू यादव पर चुटकी लेते हुए कहा कि लालू जी बिहार का विकास इतना किए थे कि पूरा शहर चकाचक हो गया था। सड़क का नाम नहीं था..गड्ढा ही गड्ढा था..बिजली कहीं नहीं थी., लालटेन से लोग काम चलाते थे, कानून व्यवस्था गड़बड़ था, लालू के राज में 6 बजे के बाद कोई घर से नहीं निकलता था। बिहार में अपहरण का उद्योग चल रहा था। उन्होंने कहा कि लालू जी तो बोलबे न करेंगे, लालू जी तो बिहार में अपना राज कायम करके मजा ले ही लिए। लालू परिवार का पूरा सदस्य जमीन घोटाला में फंसा हुआ है। वही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी तीखा हमला बोलते हुए ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी मां दुर्गा का नाम लेंगे कि मां काली का नाम लेंगे कि जय श्री राम का नाम लेंगे। ममता बनर्जी से पूछ कर लेंगे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सात्विक आदमी हैं, पूरे मनोयोग से देश की सेवा कर रहे हैं, उनके लिए सभी देवी देवता समान हैं। ममता जी ना सोंचे कि बंगाल में क्या हो रहा है? बंगाल में प्रतिदिन हालत बिगड़ता जा रहा है। बंगाल में सरकार ममता दीदी का है या तृणमूल कार्यकर्ताओं का यह समझ से परे है। ललन सिंह ने मीडिया से कहा कि आप सभी पत्रकार हैं, हम आपसे भी आग्रह करेंगे कि एक दिन बंगाल का टिकट कटा लें। यदि टिकट कटाने में दिक्कत होगी तो हम कटवा देंगे। बंगाल में कोई इलाका में घूमकर चले आईए वहां 100 आदमी से पूछियेगा 90 प्रतिशत आदमी कहेगा कि बंगाल में आतंक की सरकार है, बंगाल में जंगल राज है।

# तेजस्वी ने 'वोटबंदी' के खिलाफ देश के 35 दिग्गज नेताओं को अंग्रेजी में लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने राज्य में चल रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण को वोटबंदी बताते हुए इसे लेकर देश के 35 बड़े नेताओं को अंग्रेजी में पत्र लिखा है। उन्होंने अंग्रेजी में यह पत्र इस लिए लिखा है। ताकि दक्षिण भारतीय और गैर हिंदीभाषी नेत भी इसे पढ़ सके जिन नेताओं को पत्थर भेजा गया है उनमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव आदि प्रमुख हैं। उन्होंने बीजेपी सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण की आड़ में मतदान के अधिकार एवं लोकतंत्र पर किए जा रहे हमले के विरुद्ध देश के नेताओं को पत्र लिखा है। हम सब मिलकर इस प्रक्रिया का तब तक विरोध करेंगे जब तक यह पारदर्शी एवं समावेशी न हो। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है, मैं आपको गहरी पीड़ा और तात्कालिकता के साथ लिख रहा हूं। बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण का तमाशा और त्रासदी बड़े पैमाने पर मताधिकार से वंचित करके लोकतंत्र की नींव हिला रही है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कैसे भारतीय चुनाव आयोग जैसी 'स्वतंत्र संस्था' हमारी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता में जनता के विश्वास को खत्म करने पर अड़ी हुई है। इस देश का हर व्यक्ति, चाहे उसकी पृष्ठभूमि या स्थिति कुछ भी हो, अपने वोट पर गर्व करता है। देश के शासन में भागीदारी करने की क्षमता अत्यंत सशक्त बनाती है। उन्होंने लिखा है कि अब लाखों मतदाताओं को, बिना किसी गलती के, अधिकारहीन और अपमानित किया जा रहा है। 16 जुलाई 2025 के इसीआई प्रेस नोट के अनुसार लगभग 4.5% आबादी 'अपने पते पर मतदाता नहीं मिलने' के नाम पर पहले ही मतदान से बाहर हो चुकी है। यह उन 4% लोगों के अतिरिक्त है जो 'संभवतः' मर चुके हैं या स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं। इन आंकड़ों के आधार पर जमीनी पत्रकार और इस प्रक्रिया पर नजदीकी से नजर रख रहे राजनीतिक वैज्ञानिकों का अनुमान है कि मताधिकार से वंचित लोगों की संख्या 12% से 15% के बीच है। यह हमारे देश के इतिहास में अभूतपूर्व है। जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा है एसआईआर का समय संदिग्ध है। चुनाव आयोग ने इस प्रक्रिया की घोषणा और क्रियान्वयन बेतरतीब और मनमानी तरीके से करके खुद के लिए कोई उपकार नहीं किया है। वे पारदर्शी नहीं रहे हैं। वे अपने नियम बना और तोड़ रहे हैं। इससे भी बुरी बात यह है कि वे पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करने वाले हर व्यक्ति को निशाना बना रहे हैं।

# सांस्कृतिक विरासत को संजोने का जिम्मा फिर गुरु और शिष्य पर

## योजना के माध्यम से कला प्रेमियों को एक सशक्त मंच प्रदान कर रही बिहार सरकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की मिट्टी में रची-बसी अनगिनत लोककलाएं, दुर्लभ संगीत विधाएं, विलुप्तप्राय चित्रकला और शास्त्रीय परंपराएं अब नए सिरे से जीवंत होने जा रही हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में कला संस्कृति एवं युवा विभाग ने राज्य की सांस्कृतिक जड़ों को संरक्षित करने और युवा प्रतिभाओं को इस विरासत से जोड़ने के लिए एक अनूठी पहल 1नपकन्ममुख्यमंत्री गुरु-शिष्य परंपरा योजना की शुरुआत की है। इस योजना का उद्देश्य केवल कलाओं का संरक्षण ही नहीं, बल्कि कला प्रेमियों को एक सशक्त मंच प्रदान करना भी है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना के लिए 1.11 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इसके तहत दुर्लभ और लगभग विलुप्त हो चुकी लोकगाथाओं, लोकनाट्य, लोकनृत्य, लोकसंगीत, लोकवाद्ययंत्र, शास्त्रीय कलाओं और पारंपरिक चित्रकलाओं को फिर से जीवित करने का संकल्प लिया गया है। खास बात यह है कि इन सभी क्षेत्रों में दो वर्षों तक प्रशिक्षित करने के लिए अनुभवी गुरुओं और युवा शिष्यों के बीच पारंपरिक गुरु-शिष्य पद्धति को अपनाया जाएगा। नीतीश सरकार की यह योजना न सिर्फ सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का माध्यम बनेगी, बल्कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे लाने का भी अवसर देगी। योजना के अंतर्गत चयनित 20 गुरु प्रत्येक को 15,000 रुपये प्रतिमाह, संगतकार को 7,500 रुपये और 160 शिष्यों को 3,000 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी। खास बात है कि प्रशिक्षण की समाप्ति पर भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा, जिसमें प्रशिक्षु अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे और उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। यह योजना राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में संस्कृति के पुनर्जागरण की नींव रखेगी और आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने का कार्य करेगी। इस योजना के अंतर्गत दो वर्षों तक चयनित कलाओं में नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को हर माह कम से कम 12 दिन अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा।

# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में यूजी वोकेशनल कोर्स में नामांकन 24 से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना ने स्नातक वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए संशोधित तिथि जारी कर दी है। विश्वविद्यालय के अधीन अंगीभूत, सरकारी और संबद्ध कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2025-28 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 जून से शुरू हो चुकी है। अब अभ्यर्थी 21 जुलाई 2025 तक आवेदन कर सकेंगे। 22 जुलाई को फॉर्म में सुधार का अंतिम मौका मिलेगा। पहली मेधा सूची 24 जुलाई को प्रकाशित होगी जबकि इस सूची पर 27 जुलाई तक नामांकन किया जा सकेगा। कॉलेजों को 28 जुलाई तक नामांकन की वैधता की पुष्टि करनी होगी। दूसरी मेधा सूची 30 जुलाई को जारी होगी और इस पर 3 अगस्त तक नामांकन लिया जाएगा। कॉलेजों को 4 अगस्त तक वैधता सत्यापित करनी होगी। नए सत्र की शुरुआत और विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 5 अगस्त 2025 से होगा। विश्वविद्यालय में वोकेशनल कोर्स में दस हजार सीटें हैं जबकि आवेदन 4800 ही आवेदन प्राप्त हुए हैं। डीन ने प्रो राजीव रंजन ने बताया कि छात्रों को 21 जुलाई तक आवेदन का मौका दिया गया। सीट से कम आवेदन प्राप्त हुए हैं। सत्र विलंब नहीं हो सके। इस वजह अब तिथि नहीं बढ़ाई जाएगी।

# नाबार्ड से ग्रामीण संपर्क को मिली रफ्तार, 4820 किमी सड़कों का हुआ निर्माण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नाबार्ड की सहायता से राज्य की ग्रामीण सड़कों का बड़ी संख्या में निर्माण कराया जा रहा है। इस योजना के तहत विभिन्न जिलों में स्वीकृत सड़कों के निर्माण की जिलावार प्रगति रिपोर्ट जारी की गई है। इसके मुताबिक 2023 सड़कों के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी गई थी जिनमें से अब तक 1853 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इन सड़कों की लंबाई 4 हजार 820 किमी से अधिक है। ग्रामीण कार्य विभाग की तरफ से जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक नालंदा जिला इस योजना के तहत सबसे आगे है जहां 214 सड़कों की स्वीकृति में से 199 सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है। नालंदा में 370 किलोमीटर से अधिक का निर्माण हो चुका है। वहीं गया में 129 सड़कों की स्वीकृति दी गई थी जिनमें से 120 सड़कों का निर्माण हो चुका है और कुल 365.78 किलोमीटर लंबाई की सड़कें बन चुकी हैं। वहीं पटना जिले में 166 सड़कों की स्वीकृति दी गई थी जिनमें से 156 सड़कों का निर्माण हुआ है। यहां 328 किमी से अधिक सड़कों का निर्माण हुआ है। वहीं, औरंगाबाद में 244.86 किलोमीटर, दरभंगा में 235.39 किमी, पूर्वी चंपारण में 230.77 किमी, मुंगेर में 202.75 किमी, रोहतास में 176.46 किमी, जहानाबाद में 169.61 किमी, सीतामढ़ी में 151.35 किमी, मुजफ्फरपुर में 139.68 किमी सड़कों का निर्माण हो चुका है। वहीं, गोपालगंज, किशनगंज और नवादा में लगभग काम पूर्ण हो चुका है। ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि नाबार्ड सहायता प्राप्त राज्य योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के निर्माण में बिहार ने जो उपलब्धि हासिल की है, वह राज्य के निरंतर विकास और मजबूत बुनियादी ढांचे की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। स्वीकृत 2023 परियोजनाओं में से 1853 सड़कों का समयबद्ध और सफल निर्माण इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार की नीतियां जमीनी स्तर पर प्रभावशाली तरीके से लागू हो रही हैं।

# संगीत की तान के साथ सावन के गीतों पर जमकर थिरकी महिलाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना में सावन मिलन समारोह की धूम है। पटना के होटल प्रेम रेजिडेंसी में प्रगति मंच की ओर से सावन संगम का आयोजन किया गया। रजनी सिंह एवं सोनी गुप्ता ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया था जिसमें महिलाओं ने हरे रंग की साड़ी और चूड़ी पहनकर उत्साह से भाग लिया। गीत, संगीत की धुन पर मस्ती के बीच सावन मिलन उत्सव मनाया गया जहां हरे परिधानों में सजी महिलाओं ने सावन गीतों पर नृत्य किया। सावन के महीने में महिलाओं द्वारा सावन मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और पारंपरिक संस्कृति का प्रतीक है। इस दौरान महिलाओं ने हरे रंग के आकर्षक परिधान पहने, मेहंदी लगवाई और सावन के गीतों पर झूमकर सावन की मस्ती का आनंद लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व मंत्री समीर महासेठ ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर बिहार राज्य महिला आयोग की सदस्य पिंकी कुशवाहा एवं समाजसेवी वीणा मानवी भी उपस्थित रहीं। पूर्व मंत्री समीर महासेठ ने सभी महिलाओं को सावन की शुभकामनाएं दीं और हमेशा प्रसन्न रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सावन का बड़ा ही महत्व है। भगवान शिव की महिमा इस माह में बरसती है जिसे सभी आशीर्वाद के रुप में प्राप्त करते हैं। पिंकी कुशवाहा व वीणा मानवी ने भी उपस्थित सभी महिलाओं को सावन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की आयोजक रजनी सिंह ने बताया कि सावन महिलाएं के लिए विशेष महत्व रखता है। हम सभी भक्ति के साथ सावन की हरियाली को अपनी संस्कृति का प्रतीक मानते हैं। आयोजक सोनी गुप्ता ने बताया कि सावन में सजने संवरने का खास महत्व होता है। यही वजह है कि हम सावन में श्रृंगार रस की धारा में डूबते हैं। आज सावन संगम के दौरान गीत, संगीत के साथ नृत्य का दौर चला। साथ ही रैंप वॉक, क्वीज व फनी गेम भी हुए।

# इनर व्हील क्लब गया सिटी ने इंस्टालेशन सेरोमनी मनाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया जी।** हर साल की तरह इस बार भी इंस्टालेशन सेरेमनी का आयोजन इनर व्हील क्लब ऑफ गया जी सिटी द्वारा किया गया है। इसकी मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष रश्मि गुप्ता आमंत्रित थीं। इसकी शुरुआत जिलाध्यक्ष के साथ विष्णुपद मन्दिर में डस्टबीन और व्हील चेयर दान किया गया है। इसमें अध्यक्ष सीमा भदानी, स:ध्यक्ष स्मिता भदानी सेक्रेटरी मन्दाकिनीजी, पी पी रीना प्रसाद, स्वीटी आदि शामिल थीं। फिर वहां से इंस्टालेशन सेरेमनी में सारे अतिथिगण पी डी सीकिरण प्रकाश, अंजना पोद्दार, गीता अग्रवाल और क्लब ऑफ सनराइज की अध्यक्ष निभाजी, क्लब ऑफ ओजस्वी की अध्यक्ष प्रिया डालमिया जी शामिल थीं। सारे अतिथियों को तिलक लगाकर पौधे देकर उन्हें सम्मानित किया गया। फिर दीप प्रज्ज्वलन में सारे अतिथि शामिल हुए। सी जी आर शिखा रानी के द्वारा जिला अध्यक्ष रश्मि गुप्ता का परिचय दिया गया है। फिर पी पी मुक्ता अग्रवाल के द्वारा जिलाध्यक्ष के समक्ष सिमा भदानी को इंस्टालेशन कोट पहनाया गया है। फिर सभी पदस्थापित सदस्यों को जिलाध्यक्ष के द्वारा बैच पहनाया गया है इसके बाद सभी पदस्थापित सदस्यों ने अपना - अपना कार्य बताया।

# आरपीएफ ने किया लावारिस हालत में 8 किलो गांजा बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** शनिवार को निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम एवं अपराध आसूचना शाखा रेलवे सुरक्षा बल गया के निर्देश एवं नेतृत्व में सउनि/जे.पी.चतुर्वेदी, प्र.आ. रामाशंकर सिंह, आरक्षी अभिमन्यु सिंह एवं अपराध आसूचना शाखा रे.सु. ब.-गया के निरीक्षक चंदन कुमार, आरक्षी दीपक कुमार व सीपीडीएस टीम 2 गया के उप निरी-मुकेश कुमार प्र.आ.-अमरेन्द्र कुमार, आरक्षी-राजू कुमार आरक्षी-सुनील कुमार तथा रेल थाना डिहरी ऑन-सोन पीटीसी चंदन कुमार की संयुक्त टीम के द्वारा डिहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर गाड़ियों को सुरक्षित पास करवाने के क्रम में स्टेशन के पश्चिमी ऊपरी गामी पैदल पुल पर एक लावारिस बैग पड़ा देखा गया। यह जानकारी देते हुए आरपीएफ के मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि यात्रियों से पूछने पर किसी भी यात्री ने अथवा आने जाने वाले किसी ने भी उस बैग के लिए मालिकाना हक होना नहीं बताया। बैग के अंदर से गांजे का गंध आ रहा था जिससे स्पष्ट था कि बैग के अंदर गांजा है। बैग की तलाशी लेने पर भूरे रंग के टैप में लपेटा हुआ 08 अदद गांजा का बंडल कुल वजन- 08 किलोग्राम 538 ग्राम बरामद हुआ। मामला मादक पदार्थ का बनता पाकर मौके पर ही जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया। मौके की समस्त कार्यवाही के बाद जब्त गांजा को राजकीय रेल थाना डिहरी ऑन सोन को सहायक उप निरीक्षक जे.पी. चतुर्वेदी के द्वारा दिये गए शिकायत पत्र के साथ अग्रिम कार्यवाही वास्ते रेल थाना डिहरी ऑन सोन को सुपुर्द किया गया जहां शिकायत पत्र के आधार पर रेल थाना डिहरी ऑन सोन में संबंधित धारा में कांड पंजीकृत किया गया है।

## किसान खेत की ओर गया पर वापस घर नहीं लौटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**काराकाट (रोहतास)।** कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगरांव गांव में गुरुवार की दोपहर एक किसान खेत की ओर गया तो था, पर वापस नहीं लौटा। स्वर्गीय केशो सिंह के 62 वर्षीय पुत्र शिव नारायण यादव रोज की तरह खेत में कृषि कार्य के लिए निकले थे। शाम ढलने लगी, लेकिन श्री यादव के घर की चौखट पर उनकी परछाई तक नहीं लौटी। चिंतित परिजन उन्हें खोजने के लिए निकल पड़े। रात भर उम्मीद और बेचैनी के बीच हर पगडंडी और खेत की मेंड़ पर उनकी तलाश चलती रही। शुक्रवार की सुबह से फिर खोज तेज हुई, पर दिन ढलते-ढलते जो खबर आई, उसने पूरे परिवार की दुनिया ही उजाड़ दी। गांव के समीप निगराईन (बाहा) के पास झाड़ियों में उनका शव फंसा हुआ मिला। शिव नारायण यादव की मौत की खबर सुनकर उनके परिजनों की चीख-पुकार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। एक किसान जो जीवन भर खेत में पसीना बहाता रहा, आखिर खेत के रास्ते पर ही उसकी अंतिम यात्रा थम गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कछवां थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया।

## लापरवाही बरतने वाले पांच बीएलओ का वेतन स्थगित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार बिहार में मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। इसकी समीक्षा लगातार जिले के वरीय पदाधिकारी द्वारा की जा रही है। भभुआ एसडीएम के समीक्षा में बातें सामने आई कि 5 बीएलओ कार्य में शिथिलता बरत रहे हैं । उनके ऊपर अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए उनका वेतन स्थगित कर दिया गया है। बूथ नंबर 60 के बीएलओ द्वारा 6 जुलाई तक एक भी फॉर्म अपलोड नहीं किया गया जिस कारण उन पर कार्रवाई करने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है। भभुआ एसडीएम ने बताया भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम 25 जून से लेकर 26 जुलाई तक चलेगा। इसके आलोक में हमारे यहां कुल 312 बूथ है। इसको लेकर सभी बीएलओ को प्रशिक्षण भी दिया गया है कि कैसे उन्हें काम करना है। हर 10 बीएलओ पर एक सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। प्रतिदिन इस कार्य की समीक्षा की जाती है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ बीएलओ द्वारा कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है और शिथिलता बरती जा रही है जिसमें बूथ नंबर 11, 63 ,15 ,166 और 284 के बीएलओ पर शिथिलता बरतने का आरोप है। इन पांच बीएलओ पर अनुशासनिक कार्वाई की जा रही है। उनका वेतन स्थगित कर दिया गया है। बूथ नंबर 60 के बीएलओ चंद्रमा प्रसाद पर इनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के लिए डीएम को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

## तिलौथू हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक बने रहेंगे मैकू राम

### मैकू राम से प्रभार हटाने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** तिलौथू हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक मैकू राम के प्रभार को लेकर चल रहे विवाद में न्यायालय ने बड़ा निर्णय दिया है। पटना उच्च न्यायालय ने शिक्षा विभाग द्वारा प्रभार हटाने की प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है। यह आदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अंजनी शरण की एकलपीठ ने सिविल रिट याचिका संख्या - 15369/2025 (सी.डब्ल्यू.जे.सी.) की सुनवाई के दौरान दिया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा है कि जब तक मामले की पूरी सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक मैकू राम ही तिलौथू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक बने रहेंगे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी उच्च न्यायालय के इस आदेश के अनुपालन की बात कही है। विभाग के अनुसार न्यायालय के आदेश के आलोक में मैकू राम यथावत अपने पद पर बने रहेंगे। मैकू राम ने न्यायालय के इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था। सत्य की हमेशा जीत होती है। विद्यालय के विकास के लिए मैं पहले की तरह पूरी निष्ठा से कार्य करता रहूंगा। गौरतलब है कि मैकू राम के प्रधानाध्यापक पद को लेकर शिक्षा विभाग में कुछ अधिकारियों ने प्रभार बदलने की प्रक्रिया शुरू की थी जिस पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। अब न्यायालय के आदेश से स्थिति स्पष्ट हो गई है।

## नंदकिशोर अध्यक्ष तो संकित बने अभाविप मंत्री

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् नगर इकाई की कार्यकारिणी का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** शहर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों की बैठक हुई जिसमें नगर इकाई को भंग कर नई कार्यकारणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में नंदकिशोर कुमार को नगर अध्यक्ष तो संकित श्रीवास्तव को नगर मंत्री बनाया गया। कार्यकारिणी के गठन के बाद सदस्यों ने देशहित के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक रिशु उपाध्याय व संचालन संकित श्रीवास्तव ने किया। कार्यकारिणी में नगर सह मंत्री खुशी कुमारी, शिल्पा कुमारी, आयुष कुमार, गुलशन कुमार, नगर एसएफडी प्रमुख अनुराग कुमार, विवेक कुमार, नगर छात्रा प्रमुख रोमा कुमारी, नगर छात्रा सह प्रमुख चांदनी कुमारी, नगर एसएफएस प्रमुख आदित्य कुमार, नगर सह प्रमुख अंकुर कुमार, नगर कोषाध्यक्ष, उज्ज्वल कुमार पदाधिकारी व नगर कार्यकारिणी के सदस्यों में सिमी कुमारी, अंकिता कुमारी, सूरज कुमार, रोहित कुमार, वैभव सागर, राहुल यादव, संदीप कुमार, श्रीकांत कुमार इत्यादि शामिल हैं। बैठक में विद्यार्थी परिषद् मोहनियां के नगर मंत्री अजीत कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने कहा कि विद्यार्थी परिषद एक ऐसे छात्र शक्ति की रचना में विश्वास रखता है जो देश के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित कर सकें। बांग्लादेश घुसपैठ और कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए जैसे विषयों के लिए विद्यार्थी परिषद के सदस्य समय-समय पर आंदोलन करते रहे हैं।

## एक नजर

### भाजपा जिला महामंत्री ने मुख्यमंत्री को दिया 7 सूत्री ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा क्षेत्र को विकसित करने के उद्देश्य से भाजपा जिला महामंत्री सह बिहार प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अजय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र भेज कर सात सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया है। पत्र में उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री के अभी तक के शासनकाल में राज्य के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं, लेकिन डिहरी विधानसभा क्षेत्र कई मामलों में अभी भी पिछड़ा है। उन्होंने यातायात सुविधा के लिए डिहरी में रिंग रोड बनाने, कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना करने, सोन नदी कटाव रोकने हेतु मरीन ड्राइव का निर्माण, पर्यटक स्थलों के सौंदर्यीकरण सहित सात मांगे रखीं हैं। उन्होंने पत्र में लिखा है कि डिहरी एक आदर्श नगर है और भौगोलिक रूप से भी समृद्ध है।

### तीन दिन बंद रहेंगे आरएमएस बुकिंग काउंटर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डाक विभाग में आइटी 2.0 तकनीक के सफल कार्यान्वयन के लिए डिहरी ऑन-सोन आर एम एस के बुकिंग काउंटर 19 से 21 जुलाई तक बंद रहेंगे। अधीक्षक रेल डाक सेवा गया अरविंद कुमार केसरी के अनुसार इस अवधि में किसी भी प्रकार की बुकिंग सेवाएं स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, पार्सल उपलब्ध नहीं रहेंगी। डाक विभाग ने आम नागरिकों से इस असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

### ठगी के 95 हजार पीड़िता को वापस कराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर थाना ने चेनारी थाना के भरनदुआ गांव निवासी नजीम अली को साइबर ठगी के 95 हजार रुपए शनिवार को वापस कराया। थानाध्यक्ष डीएसपी गौरव कुमार यादव के अनुसार नजीम के बैंक खाते से एक लाख 80 हजार का साइबर फ्रॉड हुआ था जिसकी शिकायत उन्होंने 1930 पर किया था।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 22.24 लाख की ठगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर थाना में सासाराम नगर थाना क्षेत्र के राज कॉलोनी निवासी नीरज कुमार सिन्हा से शेयर ट्रेडिंग का विश्लेषण व स्टॉक के नाम पर 22 लाख 24 हजार 272 रुपए की ठगी की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो ठग गहने चमकाने के नाम पर ले उड़े गहने

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट एवं आसपास के क्षेत्रों में बर्तन व गहने साफ करने वाले ठगों की झुंड तेजी से घुम रहा है। वहीं इसकी शिकार बेरकप गांव की एक सास- पतोहू हो गई। ठग पहले बुजुर्ग महिला से बर्तन साफ करने के बहाने एक घर में घुसे और सास-पतोहू को बहला-फुसला कर उसके पैर में पहनी पायल साफ कर नये जैसे करने की बात बताते हुए मांगे। ठग पायल लेकर कुछ केमिकल मिलाया और पायल को नये जैसे साफ कर दिया। वहीं पतोहू कविता को ठग पर विश्वास बढ़ा और उसके बातों में आ गई और ये बात अपनी सास को बताई। वहीं पतोहू ने अपने बक्से से पांच जोड़ी कान की बाली, मांगटीका व अंगूठी तथा सास ने कान की बाली व मंगलसूत्र चमकाने के वास्ते दे दी। गहने आते ही ठग की अब बल्ले-बल्ले हो गई। अस्वस्थ वृद्ध सास बैठ कर अपनी गहने की सफाई देखने लगी। वहीं ठग ने पतोहू से एक कटोरे में पानी गर्म कर लाने को बोला। पतोहू पानी गर्म कर लाने चली गई। तब तक ठग सभी गहने लेकर गायब हो गए जब तक महिला कुछ समझ पाती तब तक दोनों ठग गांव से गायब हो गए।

### मालदा टाउन गोमती नगर ट्रेन का सासाराम जंक्शन पर स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** गाड़ी संख्या 13435/13436 मालदा टाउन गोमती नगर का ठहराव सासाराम जंक्शन पर हुआ। यह ट्रेन सासाराम जंक्शन प्रति 8.10 बजे रात्रि पहुंची। पुलिस पब्लिक हेल्प लाइन के सदस्यों ने गरम जोशी से स्वागत किया जिसने ड्राइवर और गार्ड को अंगवस्त्र एवं माला देकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।

## युवक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत गच्छई निवासी उपेंद्र सिंह के 23 वर्षीय पुत्र बीरेंद्र सिंह का शव गांव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। वहीं पूरे गांव में मातम पसर गया है। गौरतलब हो कि मृतक बंगलोर विधानसभा में सीजीएलजेएसओ के पद पर कार्यरत था। वह हाल में हीं कम्पीटिशन पास कर 26 अप्रैल 2025 को इस पद पर ज्वाइन किया था। उसके पूर्व वह सीआरपीएफ में था। परीक्षा का रिजल्ट आने पर सीआरपीएफ की नौकरी छोड़ कर बंगलोर विधानसभा में ज्वाइन किया था। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह उत्तर प्रदेश के विंध्याचल थाना से फोन आया कि बीरेंद्र सिंह का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना पर परिजन वहां पहुंचे तो उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस पोस्मार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि बीरेंद्र सिंह का शव विंध्याचल से करीब एक किलोमीटर दूर प्रयागराज जाने वाले रेलवे ट्रैक पर पाया गया। साथ ही पास में हीं बैग पड़ा था जिसमें कपड़ा, खाने-पीने का सामान आदि था। पैकेट में मिले पर्स में पैन कार्ड, वोटर आईडी, आधार कार्ड और कुछ नगदी पाया गया। बीरेंद्र की मौत कैसे हुई यह अभी स्पष्ट नहीं हो पायी है। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## दो लाख 14 क्यूसेक पानी सोन नद में छोड़ा, नहरों में पानी की आपूर्ति शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा में कमी के बाद शनिवार शाम को जलस्तर घटने का सिलसिला शुरू है। इंद्रपुरी बराज पर आज दो लाख 26 हजार क्यूसेक पानी पहुंच रहा है। बराज का 69 में से 54 गेट खोलकर लेवल मेनटेन करने के बाद दो लाख 14 हजार 701 क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा गया है। नहरों में पानी की आपूर्ति शुरू कर दिया गया है। जल संसाधन विभाग के अनुसार झारखंड, उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व जिले के कैमूर पहाड़ी इलाके में से हो रही वर्षा के थमने के बाद सोन नदी का जलस्तर घटने का सिलसिला जारी है। मध्य प्रदेश के बाणसागर जलाशय से आज एक लाख 14 हजार 417 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बाणसागर से पांच दिनों से एक लाख क्यूसेक से अधिक छोड़ा गया पानी बराज पर पहुंचने लगा है। वही उत्तर प्रदेश के रिंहद जलाशय से आज 9477 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। सोन नगर कमांड एरिया के आठों जिले रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद व पटना जिले में चार दिनों से हो रही भारी वर्षा थमने के बाद नहरों में पानी की आपूर्ति आज से शुरू कर दिया गया है। बराज से पश्चिमी संयोजक नहर में 8526 व पूर्वी संयोजक नहर में 3510 क्यूसेक पानी की आपूर्ति किया जा रहा है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

जल संसाधन विभाग के मॉनिटरिंग के कार्यपालक अभियंता भारती रानी के अनुसार इंद्रपुरी बराज पर ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से वर्ष थमने के बाद आज दो लाख 26हजार 701 क्यूसेक पानी आ रहा है जिसमें से बराज का लेवल मेनटेन करने के बाद दो लाख 14 हजार क्यूसेक 701 क्यूसेक पानी 54 गेट खोलकर सोन में छोड़ा जा रहा है। नहरों में आज से पानी की आपूर्ति शुरू कर दिया गया है।

## जनसुराज दल के पोस्टर वाली बोलेरो में शराब बरामद, प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**काराकाट (रोहतास)।** शुक्रवार रात थाना क्षेत्र के जोरावरपुर में एक बोलेरो और एक ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस मामले में हैरान करने वाली बात यह है कि बोलेरो के पीछे जनसुराज दल का पोस्टर लगा हुआ था और उसमें भारी मात्रा में शराब लदी हुई थी। बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय ने बताया कि सूचना मिलते ही काराकाट पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने पाया कि ट्रक जिसका नंबर यूपी 5 जे एच टी 9208 और बोलेरो जिसका नंबर बीआर 03 पी 7196 दोनों आपस में टकरा गए थे। हालांकि दोनों गाड़ियों के चालक या अन्य कोई भी वहां उपस्थित नहीं था जब पुलिस ने गाड़ियों की तलाशी ली तो बोलेरो में से बंटी और बबली देसी मसालेदार शराब के 200 एमएल के 175 टेट्रा पैक और ब्लू लाइन के 200 एमएल के 10 टेट्रा पैक, कुल 37 लीटर शराब बरामद की गई। इस मामले में दो अलग-अलग मामलों की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि बोलेरो के पीछे शीशा पर जनसुराज दल का पोस्टर या स्टीकर लगा है। इसकी जांच की जा रही है और वाहन मालिक पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। अब सवाल यह उठता है कि क्या जनसुराज जैसे दल के कार्यकर्ता इस तरह के कारनामे में शामिल हैं या यह शराब तस्कर द्वारा गुमराह करने की कोशिश है?

## कांवरिया संघ तारबंगला का जत्था सुल्तानगंज के लिए रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** कांवरिया संघ तारबंगला का जत्था शनिवार को सुल्तानगंज के लिए रवाना हुआ। डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने झंडी दिखाकर रवाना किया। चल कांवरिया बाबा धाम कांवरिया संघ तारबंगला के व्यवस्थापक ललन सिंह गदर, अजय पासवान ने बताया कि हमलोग शिव भक्त 15-20 वर्षो से सावन माह में सैकड़ों की संख्या में एक परिधान में नाचते गाते बाबा की नगरी बैधनाथ धाम पहुंचते हैं। वार्ड नं 38,39 के शिव भक्त बोल बम का नारा लगाते हुए कांवरियों का जत्था तार बंगला से निकल कर निरंजन बिगहा, झारखंडी मंदिर, अनुमंडल स्थित हनुमान मंदिर, डिहरी बाजार स्थित हनुमान मानस मंदिर में माथा टेकने के उपरांत स्टेशन की ओर प्रस्थान करते हैं। रास्ते में बोल बम, बोल बम, बाबा बैद्यनाथ, हर हर महादेव, बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है जैसे जयकारा लगाते हुए प्रस्थान किया। झारखंडी मंदिर में वरिष्ठ अधिवक्ता उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय का व्यवस्थापक ललन सिंह गदर ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सूई बम, अजय सिंह, अमरजीत चौधरी, साधु जी अखिलेश, नारायण यादव, उमेश चौधरी, मनीष शर्मा, लक्ष्मण सिंह, बिट्टू शर्मा मनीष शर्मा, चंदन चौधरी, राजा चौधरी सहित काफी संख्या में शिव भक्त शामिल थे।

## अमृत भारत एक्सप्रेस नई ट्रेन का सासाराम जंक्शन पर किया स्वागत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सासाराम रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत एक्सप्रेस नई ट्रेन मालदा टाउन से गोमती नगर लखनऊ का परिचालन के अवसर पर सासाराम स्टेशन पर कार्यक्रम का रेलवे की ओर से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सासाराम सांसद मनोज कुमार के प्रतिनिधि के रूप में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश्वर कुशवाहा अधिकृत थे। इस अवसर पर श्री कुशवाहा, पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद सहित सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता भेंट देकर रेलवे प्रबंधन के तरफ से सम्मानित किया गया। अमृत भारत ट्रेन को श्री कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। कार्यक्रम में सामाजिक संगठन एवं शहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। 2025 में बंदे भारत के परिचालन में सासाराम संसद का भी योगदान रहा है। रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के लिए रेलमंत्री एवं मंत्रालय के अधिकारी से मिलते रहे हैं। कार्यक्रम में प्रवक्ता राम अवतार राय, दीपक शुक्ला, अनिल वीरेंद्र कुशवाहा, संतोष पांडेय, राधा प्रसाद, तौफीक अहमद मकरानी, राम नारायण राम, कामेश्वर तिवारी, उमाशंकर गुप्ता, सद्दाब अंसारी, आसिफ अली गुड्डू, मुन्ना सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## सरकारी अस्पताल या सरकारी उपेक्षा भवन, मरीज लाचार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**तिलौथू (रोहतास)।** तिलौथू सरकारी अस्पताल की आलीशान इमारत देखकर लगता है जैसे यहां इलाज नहीं, राजकीय महोत्सव होता होगा। लेकिन हकीकत मरीज पसीने में लथपथ, तीसरे मंजिल पर हॉल में एक भी एसी नहीं और डॉक्टरों का व्यवहार ऐसा जैसे मरीज सरकारी मेहमान नहीं, सजा काटने आए कैदी हों।

सरैया के मुखिया संजय चौधरी और तिलौथू पूर्वी की मुखिया पुनीता द्विवेदी ने जब अस्पताल का निरीक्षण किया तो 7 करोड़ की लागत की इमारत के भीतर इंसानियत की जगह बर्फ जैसा ठंडा व्यवहार और गर्म हवा के थपेड़े मिले। ऊपर में एसी तो दूर, मरीजों के लिए पानी तक की व्यवस्था भगवान भरोसे! स्वास्थ्य मंत्री जी के दावों की हकीकत इतनी ठंडी है कि उसे पंखा भी शर्मिंदा कर दे। मंत्री जी कहते हैं-'सभी व्यवस्था दुरुस्त है' । शायद उनका 'दुरुस्त' मतलब दीवारों पर पेंट और मरीजों पर बेरुखी होता है। कहना है कि अगर यही 7 करोड़ से एक आलीशान शादी हॉल बनता तो शायद वहां एसी, वेटर और सम्मान सब होता। लेकिन अफसोस-ये तो सरकारी अस्पताल है... यहां बीमारी का इलाज नहीं, व्यवस्था की बीमारी फैलती है। मेंटेनेंस चार्ज प्रत्येक वर्ष 5 लाख रुपए बताया गया जबकि अस्पताल के दोनों साइड 20 लाख का शौचालय बेकार पड़ा हुआ है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के तहत शनिवार को सासाराम के कंपनी सराय मुहल्ला में रोहतास भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश कुमार सिन्हा द्वारा संजय कुमार राम प्रदेश सह संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश की उपस्थिति में मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में एक अति आवश्यक बैठक विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्तओं के साथ आयोजित की गई। बैठक में पटना से आये हुए संजय कुमार ने विस्तार से मतदाता पुनरीक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी दिये एवं प्रकोष्ठ के अधिवक्ताओं से इस कार्यक्रम को घर-घर तक जाकर इसकी पूरी जानकरी देने तथा बी एल ओ से मिलकर एवं ऑनलाइन के माध्यम से मतदाता पुनरीक्षण में लोगों को सहयोग करने की अपील की। जिला संयोजक कमलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि जिला में प्रकोष्ठ के सभी अधिवक्ता इस मतदाता पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय रूप से लगे हैं एवं अपने स्तर से घर-घर जाकर पुनरीक्षण कार्य को करवा रहे हैं। कार्यक्रम में रोहतास भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप दुबे, जिला सह संयोजक भानू प्रताप सिंह, मनोज कुमार, जिला प्रवक्ता श्याम जी ओझा, संजय कुमार तिवारी, सचिदानंद सिंह, कोष प्रमुख अमरजीत श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार तिवारी, सुबोध मिश्रा एवं विद्या सागर राय, दीपक कुमार राय, दीपक कुमार, सुनील कुशवाहा, प्रतिभा पल्लवी, कृष्ण सुदामा सहित बहुत सारे अधिवक्ता एवं कंपनी सराय मुहल्ला के बहुत सारे लोग मौजूद थे।

## शपथ पत्र

मैं, कविता उर्फ सविता देवी उम्र करीब 41 वर्ष पति संजय प्रसाद उर्फ संजय मेहता निवासी ग्राम-पिरौंठा, पो+थाना नबीनगर जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूं। मेरे निर्गत आधार कार्ड, बैंक पासबुक में मेरा नाम कविता दर्ज है जिसका आधार नं. -7244 5262 1683 है। मेरे निर्गत एल.आई.सी. के पॉलिसी नं.-517222335 में मेरा नाम सविता देवी पति संजय मेहता दर्ज है। कविता एवं सविता देवी दोनों नाम मेरा ही है जो इन्हीं दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूं। मेरे पति संजय प्रसाद एवं संजय मेहता दोनों नाम मेरे पति का है जो इन्हीं दोनों से मेरे पति जाने व पहचाने जाते हैं। मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-8306-दिनांक-4/07/2025 है।

शपथकर्ता
सविता देवी

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी से चयनित नवनियुक्त प्रधान शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण

**नारदीगंज, नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंटर विद्यालय नारदीगंज के परिसर में शनिवार को बीपीएससी से चयनित नवनियुक्त प्रधान शिक्षक को औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया ' कहा गया नारदीगंज के प्राथमिक विद्यालय के 59 प्रधान शिक्षकों को 21 से 26 जुलाई तक विद्यालय में योगदान करने का निदेश राज्य कार्यालय से प्राप्त है । बीईओ दीपक सक्सेना ने सभी शिक्षकों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय को सुचारु रूप से चलाने का निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड लेखपाल संजीव रंजन ,बीआरपी आनंद कुमार, एमडीएम सुभाष कुमार, शिक्षक मनोज कुमार विशाल चंद्र ,प्राचार्य विपिन कुमार विमल राकेश कुमार व अन्य उपस्थित रहे।



### एसडीओ ने बीएलओ के साथ हसपुरा में की बैठक

**हसपुरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हसपुरा ब्लॉक परिसर स्थित सभाकक्ष में शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन ने बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक की. मौके पर बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, सीओ कौशल्या कुमारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार, बीएलओ ट्रेनर नीरज कुमार के अलावा प्रखंड के मतदाता विशेष गणन पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ, डाटा इंट्री ऑपरेटर, कार्यपालक सहायक के अलावा पंचायत सचिव उपस्थित थे.एसडीओ अमित राजन ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश को पार्दशिता के साथ अनुपालन करने का निर्देश दिया. बताया जाता है कि एक नया फार्म आया है जिसे घर घर जकर मतदाता से मिलकर उसके बारे में बताना है और उस फार्म को भरना है। बताया जाता है कि मतदाता विशेष गणन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। मतदाताओं से प्राप्त किया गया फार्म का अपलोडिंग कार्य चल रहा है। दो शिफ्ट में बीएलओ सहित इस कार्य में लगे कर्मियों के साथ समीक्षा की गई।



### भाजपा नेता ने चयनित छात्रा को किया सम्मानित

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रानी बाजार कौआकोल स्थित खाद्यान्न व्यापारी राधे श्याम साहू की पोती और रंजीत साव की बिटिया सिमरन कुमारी ने बिहार बोर्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगी परीक्षा बोर्ड इंजीनियरिंग परीक्षा (बीसीईसीई लेटरल एंट्री) द्वारा घोषित परिणाम ला कर आज पूरे कौआकोल के साथ साथ नवादा जिले साहू समाज का भी नाम रौशन किया है। वही भाजपा नेता रवि गुप्ता के नेतृत्व में जिले के साहू समाज के वरीय लोगो के साथ आज उनके निवास स्थान पहुंच कर सिमरन कुमारी को अंगवस्त्र और मिठाई खिलाकर उस बच्ची का स्वागत किया । उन्होंने बताया कि अतिपिछड़ा समाज की बिटिया ने शिक्षा जगत इंजीनियरिंग में परचम पहराया है । पूरा साहू समाज इस बिटिया सिर्फ साधुवाद ही नहीं देता है, बल्कि उनके परिवार से आग्रह किया कि बिटिया और उच्च शिक्षा ग्रहण कर और नाम कमा। उन्होंने ये भी बताया कि एन डी ए की सरकार में बेटियां आगे बढ़ रही है और अच्छा कर रही है। अब छोटे शहरों में भी बेटियां बेटों से कम नहीं। इस कार्यकम में भाजपा नेता प्रताप रंजन, गौतम कुमार भारती, गोपाल साव मुखिया, साहू समाज की किरण भारती, उत्तम साहू , राजेश साहू शिक्षक, रामचंद्र साहू , सोनू साहू के साथ तमाम साहू समाज के लोग मौजूद थे ।



### 24 घंटे के अंदर 45 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 18 जुलाई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 03, हत्या के प्रयास में 02, मद्य निषेध में 15 एवं अन्य गिरफ्तारी 25 कुल 45 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 661 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-14 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 530 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 69 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 04 एवं कार 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### तीन दिन बंद रहेंगे आर एमएस बुकिंग काउंटर

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डाक विभाग में आइटी 2.0 तकनीक के सफल कार्यान्वयन के लिए गया,जहानाबाद, नवादा एवं डेहरी आन सोन आर एम एस के बुकिंग काउंटर 19 से 21 जुलाई 2025 तक बंद रहेंगे।इस अवधि में किसी भी प्रकार की बुकिंग सेवाएं (स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, पार्सल) उपलब्ध नहीं रहेंगी।डाक विभाग ने आम नागरिकों से इस असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। यह जानकारी अरविन्द कुमार केसरी अधीक्षक रेल डाक सेवा गया ने दी है।

### राजद की बैठक में गहन मतदाता पुनरीक्षण पर हुई चर्चा

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखण्ड राजद कार्यालय में प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में सभी प्रकोष्ठों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश महासचिव बिरेन्द्र गोप एवं केंद्रीय टीम के सदस्य मोहम्मद राजा मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में इन दिनों बिहार में चल रहे गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर चर्चा किया गया। तथा सभी कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि कोई भी मतदाता का नाम वोटरलिस्ट से नहीं छूटे। इसके लिए सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर सक्रिय रूप से कार्य करें। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की मजबूती को लेकर भी चर्चा किया गया। मौके पर मोहम्मद सोनू, मुजफ्फर अंसारी,सुरेश हेम्ब्रम,लखन कुमार यादव,काशी मांझी आदि मौजूद थे।



# खाद्यान्न वितरण, आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी पर हुई व्यापक समीक्षा



**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता मे समाहरणालय सभाकक्ष में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने खाद्यान्न वितरण, निरीक्षण, नए राशन कार्ड का निर्माण, जन वितरण प्रणाली की दुकान, न्यायालय वाद आदि के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक की। आधार सीडिंग की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि नवादा जिला में 99.74 प्रतिशत आधार सीडिंग किया गया है। जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आधार सीडिंग के लिए एमओ और डीलर को निर्देश दिया कि जिनका आधार सीडिंग पूर्ण नहीं हुआ है, उनकी सूची तैयार करें और हर हाल में आधार सीडिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच जाकर ज्यादा से ज्यादा ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग कराएं। ई-केवाईसी के बारे में बताया गया कि जिले में 79.66 प्रतिशत ई-केवाईसी अब तक किया गया है। सभी एमओ को पंचायतवार डीलरों के साथ बैठक कर ई-केवाईसी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिस डीलर का ई-केवाईसी सबसे कम है, जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली को निर्देश दिया कि वे उन डीलरों के साथ बैठक कर ई-केवाईसी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने एसएफसी को निर्देश दिया कि 25 जुलाई 2025 तक सभी डीलरों को अगस्त माह तक के खाद्यान्न की आपूर्ति गोदाम से कराना सुनिश्चित करें। आज की बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अमित अनुराग, प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंहा, डीएम एसएफसी प्रितम कुमार सिंह के साथ-साथ सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## सिपाही भर्ती परीक्षा के कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 20 जुलाई 2025 को नवादा जिले में केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण का आयोजन एकल पाली में दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के सफल, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन तथा विधि-व्यवस्था संधारण हेतु जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान द्वारा संयुक्त निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षार्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय प्रातः 09:30 बजे निर्धारित किया गया है। 10:30 बजे पूर्वाह्न के बाद किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी परीक्षार्थियों को मुख्य प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) के पश्चात ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। महिलाओं के लिए पृथक एवं घेरायुक्त फ्रिस्किंग स्थल की व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड एवं वैध पहचान पत्र के अतिरिक्त कोई भी सामग्री जैसे पेन, कागज, रिस्ट वॉच, मोबाइल, ब्लूटूथ, या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ लाना प्रतिबंधित रहेगा।परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिले में कुल 23 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जहां पुलिस बल के साथ स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त जोनल दंडाधिकारी, गश्ती दल एवं उड़नदस्ता दल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी कैमरे, बिजली की निर्बाध आपूर्ति, ट्रैफिक नियंत्रण, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन, वाटर कैनन तथा आंसू गैस आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। परीक्षा की समुचित निगरानी हेतु समाहरणालय, नवादा में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नम्बर 06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में श्री शंभु शरण पांडेय, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं पु.अ.नि. सुजीत कुमार त्रिपाठी, प्रभारी, डीसीबी शाखा कार्यरत रहेंगे। परीक्षा अवधि में अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा सदर-1 को सभी परीक्षा केन्द्रों पर सतत गश्ती करते हुए विधि-व्यवस्था संधारण का निर्देश दिया गया है। साथ ही, परीक्षा केन्द्रों के आस-पास स्थित होटल, लॉज, फोटोस्टेट दुकानें, साइबर कैफे एवं इंटरनेट केन्द्रों को सुबह 08:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। परीक्षा दिवस को विधि-व्यवस्था की सम्पूर्ण जिम्मेदारी डॉ. अनिल कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, नवादा एवं मो. इमरान परवेज, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), नवादा के जिम्मे होगी। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कदाचार की स्थिति में बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। परीक्षार्थियों से अपील की गई है कि वे समय से परीक्षा केन्द्र पहुंचें, सभी निदेर्शों का पालन करें एवं किसी भी अनुचित गतिविधि से बचें, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके।



## पूसा कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में अंकित कुमार को स्वर्ण पदक



**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,पूसा (समस्तीपुर, बिहार) के चौथे दीक्षांत समारोह में बैच 2020झ24 के कृषि अभियांत्रिकी के छात्र अंकित कुमार को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. प्रेम लाल गौतम,कुलपति प्रो. (डॉ.) पी. एस. पाण्डेय,भारत सरकार के कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर एवं आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट उपस्थित थे। अंकित कुमार वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर में "जल अभियांत्रिकी एवं प्रबंधन" में एम.टेक कर रहे हैं। इनके पिता डॉ. भारत भूषण शर्मा ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा में कार्यरत हैं। इस सम्मान पर अंकित ने कहा, "यह पदक मेरे परिवार,शिक्षकों और मार्गदर्शकों की प्रेरणा और समर्थन का परिणाम है। यह उपलब्धि मुझे कृषि और जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में समाज के लिए बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देती है।" वहीं अंकित कुमार को स्वर्ण पदक मिलने पर ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,सुचिता तिर्की,धीरेंद्र कुमार मन्नू,दिलीप मंडल,मनोज कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह,अंगद कुमार,रौशन कुमार,पिंटू पासवान आदि ने अंकित को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### द्वितीय चरण की सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो जहानाबाद।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के द्वितीय चरण के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में परीक्षा केन्द्राधीक्षकों, नोडल पदाधिकारियों एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में 20 जुलाई, 2025 (रविवार) को आयोजित परीक्षा की सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, शांति एवं अनुशासन के साथ सम्पन्न कराना प्राथमिकता है। सभी केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय एवं साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। परीक्षा के दौरान कड़ी फ्रिस्किंग (शारीरिक जांच) सुनिश्चित करने, कमरों के अनुसार अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर की व्यवस्था करने, और सभी तकनीकी उपकरणों के सुचारु संचालन हेतु उच्च क्षमता वाले जेनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रश्न पत्रों की समय पर आपूर्ति तथा गोपनीयता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

### एचपीवी वैक्सीन लगाने का कार्यक्रम आयोजित



**नारदीगंज,नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नारदीगंज में एचपीवी वैक्सीन लगाने का कार्यक्रम शनिवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने की । इस दौरान सीएचसी नारदीगंज के डा.विजय कृष्ण परमेश्वरम, स्वास्थ्य प्रबंधक इरशाद अहमद व स्वास्थ्य कर्मियों ने इस विद्यालय में नामांकित नौ से 14 वर्ष के बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाने का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने की। विद्यालय के नौ से 14 आयु वर्ग के 83 छात्राओं को वैक्सीन लगाया गया। मौके पर कस्तूरबा के प्राचार्य विपिन कुमार विमल ,वार्डन रूबी कुमारी, प्रखंड लेखपाल संजीव रंजन शिक्षिका पुनीता कुमारी, नेहा कुमारी पूनम कुमारी व अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर डीएम की अध्यक्षता में अहम बैठक

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो



**सिवान।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 को लेकर जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से संवाद किया गया। बैठक में डीएम ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और अपलोडिंग की अद्यतन स्थिति से सभी प्रतिनिधियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अब तक अपलोड किए गए एवं नॉट-अपलोडेड गणना प्रपत्रों की सूची तैयार कर ली गई है। इसके अलावा, मृत, दोहरी प्रविष्टि वाले एवं स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं की मुद्रित सूची भी तैयार कर सभी राजनीतिक दलों को सौंप दी गई है, ताकि वे अपने स्तर से सत्यापन कर सकें। बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि ऐसे पात्र मतदाता जिनका गणना प्रपत्र अब तक अपलोड नहीं हो पाया है, उनके लिए संबंधित बीएलओ को आवश्यक सहयोग दिया जाए। विशेष रूप से बीएलए से अपील की गई कि वे इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएं, जिससे कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। इस अहम बैठक में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी समेत सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि इस विशेष पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है, जिसमें जनसहयोग अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जिले में सुचारु, निष्पक्ष एवं समावेशी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए सभी पक्षों की भागीदारी जरूरी है।

## उपभोक्ता आयोग के सामने झुकी बीमा कंपनी

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोपलगंज जिले के विशंभरपुर थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव निवासी फरेंद्र कुमार को उपभोक्ता आयोग से पांच वर्षों बाद बड़ी राहत मिली है। चोरी हुई मोटरसाइकिल का बीमा क्लेम न मिलने से परेशान फरेंद्र ने जब उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया तो आयोग ने बीमा कंपनी को न केवल बीमा राशि देने का आदेश दिया, बल्कि मानसिक, शारीरिक और आर्थिक क्षति के लिए अतिरिक्त मुआवजा भी दिलाया। फरेंद्र कुमार ने हीरो पैशन बाइक खरीदी थी, जिसका बीमा आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल इंश्योरेंस से कराया गया था। 11 जुलाई 2020 को उनकी बाइक नई बस्ती, महादेवा से चोरी हो गई। फरेंद्र ने मामले की एफआईआर महादेवा ओपी में दर्ज कराई। पुलिस जांच में चोरी की पुष्टि भी हुई। बाइक चोरी के समय बीमा वैध था और बीमा कंपनी को समय पर सूचना दी गई, साथ ही सारे जरूरी दस्तावेज भी सौंपे गए। चोरी के स्पष्ट प्रमाण और दस्तावेज सौंपने के बावजूद बीमा कंपनी ने फरेंद्र कुमार के दावे पर कोई निर्णय नहीं लिया। इस लापरवाही से फरेंद्र को मानसिक, आर्थिक और शारीरिक पीड़ा का सामना करना पड़ा। जब कोई रास्ता नहीं बचा, तो उन्होंने उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, सिवान में मामला दायर किया। अध्यक्ष जयराम प्रसाद एवं सदस्य माननीय मनमोहन कुमार की पीठ ने मामले की गहराई से सुनवाई की।

## स्थानांतरित एसडीपीओ को दी गई भावभीनी विदाई



**गोह (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय के टीसीपी एजुकेशन परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर शनिवार को स्थानांतरित एसडीपीओ कुमार ऋषि राज को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह का संचालन भाजपा जिलाउपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने किया जबकि नेतृत्व टीसीपी एजुकेशन हब के डायरेक्टर अरविंद कुमार ने की। सर्वप्रथम एसडीपीओ कुमार ऋषि राज को पुष्प का माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संबोधित करते हुए समाजसेवियों ने कहा कि कुमार ऋषि राज ने अपने कार्यकाल में बेहतरीन कार्य किया। विकट परिस्थितियों में भी अपने अनुभव द्वारा सरल तरीके से कार्यो को अंजाम तक पहुंचाया। जिम्मेदारियों का भली भांति निर्वहन करने पर प्रशंसा करते हुए कहा कि अन्य पुलिस पदाधिकारियों को भी इसका अनुशरण करना चाहिए। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए डायरेक्टर अरविंद कुमार ने कहा कि पुलिस एवं पब्लिक के बीच तालमेल बैठाकर उन्होंने बेहतर कार्य किया। कम समय में ही आम जनता के बीच लोकप्रिय होने वाले एसडीपीओ के कार्यो को हमेशा याद रखा जाएगा। अंत मे एसडीपीओ कुमार ऋषि राज ने सभी को आभार प्रकट करते हुए कहा कि जो स्नेह हमें पहले ही पोस्टिंग में दाउदनगर के लोगों से मिला है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष छह माह बिताने के बाद घर जैसा माहौल बन गया था। इस वजह से कार्य करने में आसान हो गया था। मौके पर पंचायत समिति सदस्य भोला यादव, शिक्षक सुभाष कुमार, लव, आरके, अजय कुमार बबन उपाध्याय सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थें।

### 23 प्रधान शिक्षकों को मिला औपबंधिक नियुक्ति पत्र



**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखण्ड के बीआरसी भवन में शनिवार को कैम्प लगाकर बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित और काउंसलिंग में सफल प्रधान शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र व विद्यालय पदस्थापन पत्र का वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी बीईओ सह प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी अजीत कुमार एवं एमडीएम प्रभारी संजय पासवान ने बताया कि कौआकोल में 23 शिक्षकों का चयन प्रधान शिक्षक के पद पर किया गया है। जिन्हें शनिवार को औपबंधिक नियुक्ति पत्र व विद्यालय पदस्थापन पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा चयनित प्रधान शिक्षकों को योगदान के लिए 21 से 25 जुलाई तक का समय दिया गया है।

# राजेन्द्र बने रोटरी क्लब, नवादा के अध्यक्ष, आदित्य को सचिव की जिम्मेवारी

डॉ पंकज कुमार सिन्हा






**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी इंटरनेशनल के जिला 3250 के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन डॉ बिंदु सिंह ने रोटरी क्लब नवादा के 26 वे स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर उद्घाटन करते हुए उन्होंने मानव सेवा को रोटरी का उद्देश्य बताया । जिससे पूरी दुनिया में मानव का कल्याण हो रहा है। स्थापना दिवस के इस अवसर पर नवादा के दो कायनात बहनों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। जिसने उपस्थित सभी रोटेरियन का स्वागत किया तथा श्रवण बरनवाल ने स्वागत गान की प्रस्तुति दी। रोटरी क्लब ऑफ नवादा के रोटेरियन राजेंद्र प्रसाद को अध्यक्ष एवं रो आदित्य को सचिव बनाया गया तथा रोटेरियन पीयूष को कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गयी । इस अवसर पर 10 नए लोगों को रोटरी क्लब की सदस्यता दिलाई गई। सदस्यता लेने वालों में गोपाल प्रसाद, डॉ पुष्कर चंद्र, डॉ पी एस चौधरी, डॉ प्रेम प्रकाश, जितेंद्र प्रसाद, ऋषि सिन्हा, शैलेश कुमार, उमेश कुमार, शिव शंकर कुमार एवं प्रहलाद कुमार शामिल हैं। इनलोगों ने सदस्यता लेकर मानव सेवा के लिए शपथ लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा रोटेरियन की भूमिका रही। इसका नेतृत्व रोटेरियन

### मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : बिंदु सिंह

श्याम अग्रवाल ने किया। उनके सहयोगी की भूमिका में सौरव अग्रवाल, रोटेरियन गौरव, रोटेरियन राकेश कुमार की भूमिका सराहनीय रही। रोटेरियन नीरज लोहानी के साथ रोटेरियन पंकज कुमार, रोटेरियन मनोज कुमार, रोटेरियन पंकज झुनझुनवाला की भूमिका सराहनीय रहा। इस कार्यक्रम में पड़ोसी क्लब के सदस्यों ने भी अपना अपना समय निकालकर शामिल हुए और नवादा सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। नए अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष को वर्ष 2025- 26 को यादगार वर्ष मनाने की बधाई दी। जिसमें रोटरी क्लब शेखपुरा सेंट्रल के पूर्व असिस्टेंट गवर्नर डॉक्टर आरपी सिंह ने अपने साथियों के साथ उपस्थित होकर अध्यक्ष व सचिव को बधाई दी। रोटरी क्लब नालंदा, रोटरी क्लब तथागत, रोटरी क्लब हजारीबाग के भी अध्यक्ष सचिव ने बधाई दी। बिहारशरीफ से आए डॉ अजय कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ सुजीत कुमार , डॉ सुनील कुमार ने भी नवादा क्लब के अध्यक्ष व सचिव को बधाई दी। मुख्य अतिथि बिंदु सिंह को नवादा के रोटेरियन असिस्टेंट गवर्नर नवीन कुमार सिन्हा छवि ने अंग वस्त्र एवं मोमेंटो भेंट किया। विभिन्न क्लब से आए सदस्यों का स्वागत डॉक्टर मनोज कुमार ने बुके एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इनर व्हील क्लब के अध्यक्ष सचिव एवं अन्य सदस्यों का स्वागत डॉ पिंकी बरनवाल एवं रश्मि गुप्ता तथा जयालक्ष्मी सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य सदस्य रोटेरियन वजीर प्रसाद, रोटेरियन ललित अग्रवाल, रोटेरियन बद्री प्रसाद, रोटेरियन शैलेंद्र सिंह, रोटेरियन अविनाश गुप्ता , रोटेरियन डॉ सुनील कुमार की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। मंच संचालन रोटेरियन आरपी साहू ने किया तथा अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। रोटेरियन डॉ शशि भूषण प्रसाद ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## श्रावणी मेले में स्वच्छता का संदेश: बराबर पहाड़ी पर अब तक 350 किलो प्लास्टिक अपशिष्ट का हुआ संग्रहण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो जहानाबाद।** इस वर्ष बराबर में आयोजित श्रावणी मेला में विशेष ध्यान स्वच्छता और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर दिया गया है। उप विकास आयुक्त, जहानाबाद के निर्देशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी, मखदुमपुर द्वारा मेला क्षेत्र में चार पंचायतों के स्वच्छता कर्मियों को कई पालियों में कार्य में लगाया गया है।श्रद्धालुओं द्वारा उपयोग में लाई जा रही प्लास्टिक बोतलें, प्लास्टिक के जल पात्र, डिस्पोजेबल सामग्री व अन्य कचरे का व्यवस्थित संग्रहण किया जा रहा है। अब तक 350 किलोग्राम प्लास्टिक कचरे का संग्रहण कर लिया गया है, जिसे मखदुमपुर प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई में प्रसंस्करण हेतु भेजा गया है।यह कार्य जिला सलाहकार श्री पिंकू कुमार (ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन) द्वारा दिए गए तकनीकी सुझावों और समन्वित प्रयासों से संपन्न हो रहा है। प्रसंस्कृत कचरे को आगे बिक्री हेतु फॉरवर्ड लिंकेज किया जाएगा — यह न केवल पर्यावरण हितैषी प्रयास है बल्कि आर्थिक रूप से भी उपयोगी मॉडल है। वहीं मेला परिसर की निरंतर साफ-सफाई एवं निगरानी के लिए 5 पंचायतों के पंचायत पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। इस दौरान प्रखंड समन्वयक, मखदुमपुर को दैनिक कचरा संग्रहण एवं रिपोर्टिंग कार्य हेतु नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।

# विद्यालयों के जीर्णोद्धार से बच्चों को मिलेगा बेहतर शैक्षणिक माहौल : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को गयाजी के विभिन्न स्कूलों के जीर्णोद्धार कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विद्यालयों के जीर्णोद्धार से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और उनके पठन-पाठन में सहूलियत होगी। शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। नगर प्रखंड गयाजी सदर में बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के तहत जिन विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य की शुरुआत की गई उनमें कन्या मध्य विद्यालय रामपुर, बद्री मारवाड़ी मध्य विद्यालय और डेल्हा मध्य विद्यालय



शामिल हैं। कन्या मध्य विद्यालय रामपुर के जीर्णोद्धार पर करीब 10 लाख 41 हजार रुपये खर्च होंगे, वहीं बद्री मारवाड़ी मध्य विद्यालय पर 10 लाख 55 हजार 678 रुपये और डेल्हा मध्य विद्यालय के जीर्णोद्धार में 6 लाख 28 हजार 973 रुपये की लागत आएगी। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और विद्यालय के बच्चों ने डॉ. प्रेम कुमार का फूल मालाओं से स्वागत किया और कहा कि इन कार्यों से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स गयाजी के पूर्व अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह, गयाजी गौशाला के संरक्षक अनूप केडिया, महेश सिन्हा, भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सहसंयोजक प्रेम सागर, भाजपा क्षेत्रीय प्रभारी अमित लोहानी, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवानंद पासवान, मुन्नीलाल चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष राजेश मस्तान, सूरज राणा, धनंजय धीरू, हरि यादव, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य दयानंद गिरी, वेद प्रकाश, साकेत कुमार, अशोक साहनी, राजनंदन गांधी, मुन्ना कुमार, गौतम कुमार, जितेंद्र कुमार, अमित पासवान, शिवा मांझी, शिवनारायण चंद्रवंशी, राकेश कुमार, राजू पटेल और राजगीरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# अपराधियों ने चिकित्सक को गोली मार किया घायल, अस्पताल में भर्ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के शेखपुरा मोहल्ला में अपराधियों ने आज अहले सुबह चिकित्सक डॉ. तपेश्वर प्रसाद को गोली मारकर घायल कर दिया जिसके बाद उन्हें शेरघाटी के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने औपचारिक इलाज के बाद गया शहर के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही शेरघाटी थानाध्यक्ष अजीत कुमार, शेरघाटी एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने छानबीन के दौरान घटनास्थल से एक पिस्टल लोडेड बरामद किया है। आसपास के लोगों का कहना है कि अपाची बाइक पर सवार होकर तीन अपराधी आए और लगातार तीन गोलियां चलाई जिसमें दो गोली मिस कर गया एवं एक गोली डॉक्टर के जबड़े में लगा है। वही घटनास्थल के पास मौजूद लोग ईंट पत्थर चलाना शुरु कर दिए तो आरोपी भागने में सफल रहे। चश्मदीद बताते हैं कि चिकित्सक अपने बगीचे से अपने घर की तरफ लौट रहे थे तभी अपराधियों ने गोली मारी है। वहीं शेरघाटी के एएसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि तीन अपराधियों के द्वारा चिकित्सक तपेश्वर प्रसाद को गोली मारी गई है, एक गोली उनके जबड़े में लगी है जिससे उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। गंभीर अवस्था में उनका इलाज कराया जा रहा है। अपराधियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मां बागेश्वरी फिजिकल अकादमी को दिया ऊंची कूद का गद्दा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को गया में मां बागेश्वरी फिजिकल अकैडमी, लोको ग्राउंड के युवाओं को ऊंची कूद के लिए विशेष गद्दा प्रदान किया। इस पहल का उद्देश्य अकैडमी के खिलाड़ियों को सुरक्षित प्रशिक्षण का बेहतर अवसर देना है। इस मौके पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया के युवा खेल के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों से खेलो इंडिया यूथ गेम्स जैसे आयोजन अब देश के हर कोने में हो रहे हैं। यह गया और मगध के लिए गर्व की बात है। मंत्री ने बताया कि पुलिस और सशस्त्र बलों की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए ऊंची कूद जैसी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह गद्दा उपलब्ध कराया गया है। इससे प्रशिक्षण के दौरान चोटिल होने की आशंका कम होगी और खिलाड़ी अपना अभ्यास बिना किसी भय के कर सकेंगे। मां बागेश्वरी फिजिकल अकादमी के प्रशिक्षुओं ने इस सहयोग के लिए आभार जताया। खिलाड़ियों ने कहा कि गद्दा मिलने से ऊंची कूद की प्रैक्टिस अब और भी सुरक्षित हो गई है। इससे गया के युवा खेलकूद के अलावा सैन्य और पुलिस भर्ती की तैयारियों में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। अकादमी के प्रशिक्षकों का मानना है कि इस सहयोग से गया के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

## प्रधानाध्यापक बनने पर सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्राथमिक विद्यालय दुसाध बिगहा में एक सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया जिसमें विकास कुमार शिक्षक को बीपीएससी के माध्यम से प्रधान शिक्षक बनने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक गणेश प्रसाद व संचालन दीपक कुमार ने किया। दीपक कुमार ने कहा कि वे यहां विगत 11 वर्षों से शिक्षण कार्य किये हैं। उनकी प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नति से अब सलोनी बिगहा के विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा। मौके पर रसोइया सहित बच्चे मौजूद थे।

# प्रखंड सभागार भवन में 82 प्रधानाध्यापकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड सभागार भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ अनिल कुमार ने विद्यालयों के 82 प्रधानाध्यापकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण शनिवार को किया। इस अवसर पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष मो. जमीलू रहमान, बीडीओ बिपुल भारद्वाज, अंचलाधिकारी मुकेश कुमार और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ व संचालन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने किया। इस नियुक्ति से विद्यालयों में



शिक्षा के स्तर में सुधार होगा और छात्रों को बेहतर शिक्षा मिलेगी। डॉ अनिल कुमार ने नियुक्त प्रधानाध्यापकों को बधाई दी और उन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करने का निर्देश दिया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमन ने कहा कि नियुक्त प्रधानाध्यापकों को अपने कार्यों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा से करना होगा। वहीं बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो जमीलू रहमान ने कहा कि हमारी सरकार आप सबों को सारी मांगें पूरी करेगी। आप लोग सही तरीके से विद्यालय का संचालन करें, समयानुसार स्कूल पहुंचे और बच्चों को पढ़ाएं। कार्यक्रम उपरांत विधायक श्री कुमार बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्यालय पहुंचे जहां पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कई दिशा निर्देश दिया गया। अंचलाधिकारी मुकेश कुमार से पूरे क्षेत्र में पावर सब स्टेशन बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने को कहा गया।

# नगर परिषद टिकारी विगत वर्ष की रैंकिंग के मुकाबले 76 रैंक नीचे गिरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** नगर परिषद टिकारी ने स्वच्छता सर्वेक्षण में अधूरी तैयारी के साथ रैंकिंग के लिए आवेदन कर दिया गया। नतीजतन यह रहा है कि धरातल पर सफाई कार्य सही तरीके से न होने के कारण प्रदेश में नगर परिषद की रैंक गिर गई जबकि नगर परिषद द्वारा सफाई के बजट को भी इस वर्ष बढ़ा दी गई है। बिना तैयारी के लिए आवेदन किया गया। अब रैंकिंग जारी होने पर सफाई व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 का परिणाम विगत गुरुवार को घोषित कर दिया गया। एक तरफ गया जी शहर सूबे के शीर्ष स्वच्छ शहरों में जगह बनाने में कामयाबी हासिल की है वहीं नगर परिषद टिकारी विगत वर्ष के रैंकिंग के मुकाबले 76 रैंक नीचे गिर गया। टिकारी को शीर्ष 100 निकाय से भी नीचे यानी सूबे में 104 वां रैंक




प्राप्त हुआ है जबकि नगर परिषद में इओ के साथ-साथ ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन लोक स्वच्छता पदाधिकारी के साथ-साथ नगर प्रबन्धक के पद पर भी अधिकारियों की पदस्थापना है। वर्ष 2023 में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर परिषद टिकारी को सूबे में 28वां रैंक प्राप्त हुआ था वहीं स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में 104 वां रैंक मिला है। 20-50 हजार की आबादी वाले कैटेगरी में शहर को मिले रिपोर्ट कार्ड की बात करें तो विगत वर्ष के मुकाबले डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में 26 प्रतिशत की गिरावट, कचरा निस्तारण में 100 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं सार्वजनिक शौचालय की सफाई महज 25 प्रतिशत ही पाई गई। इसके अलावा मार्केट क्षेत्र व जल स्त्रोत की सफाई सौ प्रतिशत पाई गई।

**घरों से कचरा का उठाव नहीं, गीला-सूखा कचरा की समस्या**

नगर परिषद टिकारी डोर टू डोर कचरा उठाव में 58 प्रतिशत, सेग्रिगेशन में 13 प्रतिशत, कचरा निस्तारण में शून्य प्रतिशत अंक मिले हैं जबकि नगर परिषद डोर टू डोर कचरा उठाव का दावा करती है जो रैंकिंग का परिणाम आते ही दावे का पोल खोल दिया। शहर में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने को लेकर तो नगर परिषद तो डस्टबिन बांट दिये गये वहीं सार्वजनिक जगहों पर डस्टबिन भी लगा दिये गये, लेकिन लोगों में न तो जागरूकता लाया गया न ही कोई प्रावधान बनाया गया।

## जनता दरबार में पचास फरियादों की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना के सभागार में अंचलाधिकारी मुकेश कुमार और थानाध्यक्ष शैलेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने अंचल संबंधित मामलों की सुनवाई किया। विभिन्न हल्का के करीब 50 से अधिक मामलों पर आवेदकों के शिकायतों को सुनकर आगे की प्रक्रिया पर लोगों को जानकारी दिया। इस बाबत सीओ मुकेश कुमार ने कहा कि गलत कागजातों को लेकर राजस्व प्रकरणों के निपटारे में समस्या होती है। अहर्ता वाले पेपरों पर त्वरित पहल किया जा रहा है। सीओ ने अंचल के सभी राजस्व निरीक्षकों को लंबित मामलों को त्वरित निष्पादन करते हुए रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने आमजनों से जमीन म्युटेशन, रसीद सहित अन्य मामलों पर किसी भी तरह की समस्या होने पर सीधे उनसे संपर्क करने की अपील किया है।

## हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स ने नव पदस्थापित क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक का किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गयाजी में नव पदस्थापित क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक मो.सईद अंसारी का हिंदुस्तान स्काउट्स एन्ड गाइड्स ने शनिवार को स्वागत व अभिनंदन किया। यह अभिनंदन समारोह हिंदुस्तान स्काउट्स गाइड्स के जिलाध्यक्ष अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के संयुक्त राज्य प्रशिक्षण आयुक्त सह मगध प्रमंडलीय संगठन आयुक्त श्रवण कुमार भारती ने संगठन के क्रियाकलापों से संबंधित सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त सुरेंद्र कुमार ठाकुर गया जी जिला संगठन आयुक्त अवधेश कुमार गया जी, जिला संगठन आयुक्त औरंगाबाद मोहम्मद रुस्तम आलम, जिला संगठन आयुक्त जहानाबाद शम्भू कुमार, जिला संगठन आयुक्त नवादा धनंजय कुमार, जिला संगठन आयुक्त अरवल भूपेंद्र कुमार, स्काउट मास्टर विजयंत कुमार, मुन्ना कुमार, रजनीश पाठक, कृष कुमार एवं अंजली कुमारी शामिल हुई।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI**
**NirupanBhawan, 3rd Floor, Room No. 401,56-Set,**
**Doranda,Ranchi-834002**

**e-Procurement ( Short Tender Notice )**
**Letter of Invitation (LOI) No.-13/2025-26**
**2nd Call**
**e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/13/2025-26 Date:-18.07.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Construction of Murma Khurd PWD Road to Pandu Main Road via Dhanchabar including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Palamu District in the State of Jharkhand.*Only Empanelled consultant with RCD under categoryI vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 9 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 90 Days |
| 4 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/-(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 15000.00 (Fifteen thousand only) as Earnest Money. **As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023.** |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 23.07.2025,At 05:30 PM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 06.08.2025, 12:00 noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 07.08.2025, 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |
| 11 | Advertisement no. | PR 355580 Road(25-26).D |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

**Executive Engineer,**
**Planning & Investigation Division,**
**Road Construction Department, Ranchi.**

PR 357762 (Road) 25-26 (D)


# किशोरी अपहरण मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती पंचायत के एक गांव से 7 माह पूर्व किशोरी के अपहरण मामले में आंती पुलिस ने अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सीडीआर की मदद से आरोपी की पहचान की और उसे दबोच लिया। आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत शनिवार को जेल भेज दिया गया। जानकारी देते हुए आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि आंती पंचायत के एक गांव से 7 माह पूर्व एक किशोरी यह कहकर लापता हो गई थी कि मैं हाई स्कूल आंती पढ़ने जा रही हूं। अज्ञात नंबर से फोन आया कि मैं उसकी सहेली बोल रही हूं। उसका रेल से दुर्घटना हो गया है और उसकी मृत्यु हो गई है। यह कहकर मोबाइल फोन काट दिया गया। इसके बाद जब उस नंबर पर संपर्क किया गया तो किसी व्यक्ति ने कहा कि कोई लड़की फोन करने के लिए मेरा मोबाइल मांगी थी और वह यहां अब नहीं है। इस संबंध में रेलवे स्टेशन पर पता लगाने लोग पहुंचे तो कहीं कोई दुर्घटना ट्रेन से नहीं हुई थी। पुलिस ने कांड संख्या 19/25 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की और सीडीआर की मदद से पहचान की और अप्राथमिकी अभियुक्त कंचन यादव उम्र 40 वर्ष पिता नरेश प्रसाद यादव ग्राम नेतुपुर चिरैला थाना बेलागंज जिला गयाजी को पुलिस बल के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया गया और पॉक्सो एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया। वहीं, लापता किशोरी को कुछ दिनों बाद ही एस आई मीरा कुमारी ने महिला पुलिस बल के सहयोग से बरामद कर स्वजनों को सौंप दिया गया था।

## मारपीट में पांच पर मामला दर्ज

**कोंच।** थाना क्षेत्र के जैतिया गांव में हाल ही में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस घटना ने गांव में तनाव का माहौल बना दिया था। मारपीट की यह घटना जैतिया गांव में हुई जहां दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए और मारपीट शुरू हो गई।

# विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल 2025 में सीआइएसएफ ने रचा इतिहास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया जी।** अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल 2025 में भारत की केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआइएसफ की टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 64 पदक जीतकर देश का नाम विश्व पटल पर रोशन कर दिया है। इस शानदार उपलब्धि ने भारत को कुल 560 पदकों के साथ समग्र पदक तालिका में तीसरा स्थान दिलाया है। प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 70 से अधिक देशों के 10,000 से ज्यादा एथलीटों ने हिस्सा लिया जहां सीआइएसएफ की टीम ने अपने अभूतपूर्व प्रदर्शन, अनुशासन और समर्पण से भारत को गौरवान्वित किया है। यह भव्य आयोजन 30 जून से 6 जुलाई तक अमेरिका के बर्मिंघम में संपन्न हुआ है। सीआईएसएफ की इस अद्वितीय सफलता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भारतीय सुरक्षाबल केवल सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि खेल के मैदान में भी देश का परचम लहराने में सक्षम हैं।

# एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत सीयूएसबी एवं एसएसबी के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम के तहत दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय एवं 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गयाजी के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मधुकर अमिताभ, कमांडेंट 29 वाहिनी, एसएसबी, गयाजी एवं राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) गया शामिल हुए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सीयूएसबी के कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा, उपकुलसचिव प्रतीश कुमार दास के साथ संकायगण, कर्मचारीगण, विद्यार्थीगण तथा सशस्त्र सीमा बल के अधिकारीगण एवं अन्य बालकर्मी शामिल हुए। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण की हमारी प्राचीन परंपरा रही है जिसे वर्तमान परिदृश्य में पुनः जागृत करने की आवश्यकता है। पर्यावरण के अनुसार हमें अपने को ढालना चाहिए, पर्यावरण के अनुसार जीवन पद्धति अपनी बनाई जानी चाहिए और एनवायरनमेंट फ्रेंडली लाइफ स्टाइल को अपनाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को लेकर उठाए गए कदमों एवं प्रयासों की सराहना की। सीएपी 25 के तहत प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से परिवर्णी शब्द लाइफ दिया है जिसका अर्थ लाइफ फॉर इनवायरनमेंट है। इसका उद्देश्य है कि इन्वायरमेंट के अनुसार हम अपना लाइफस्टाइल बनाएं जो हमारी प्राचीन परंपरा रही है। हमारे यहां यह परंपरा रही है बिस्तर से उठकर व्यक्ति जब पैर रखता था तो पैर रखते समय भी पहले पृथ्वी को प्रणाम करता था। यह संस्कृति इतनी संवेदनशील रही है और इसी पृथ्वी से जीवन है एक ही यह ग्रह है जिस पर लोगों का वास है। जंगल, जल, जानवर और जमीन इसकी सुरक्षा और इसी से जीवन है तो वृक्ष हम अपनी मां के नाम पर लगाएं। उन्होंने एसएसबी द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करने पर आभार प्रकट करते हुए कहा कि सीयूएसबी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है आगे भी समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर एसएसबी 29 वीं बटालियन मधुकर अमिताभ ने अपने संबोधन की शुरुआत कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सहमति देने पर साधुवाद दिया।


**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू**
**(सामाजिक सुरक्षा)**
**(निविदा आमंत्रण सूचना)**
**(अति अल्पकालीन निविदा)**

पलामू जिला अंतर्गत जेलहाता, मेदिनीनगर में संचालित सम्प्रेक्षण गृह, पलामू में आवासीत बच्चों के लिए राशन, दवा, कपड़ा इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण की गई है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 28.07.2025 को अपराह्न 01.00 बजे तक है तथा निविदा खोलने की तिथि 28.07.2025 को 03.00 बजे है।

निविदा से संबंधित जानकारी जिले के अधिकारिक बेवसाईट www.palamau.nic.in पर अथवा सामाजिक सुरक्षा कोशांग, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

सहायक निदेशक
जिला सामाजिक सुरक्षा कोशांग पलामू।

PR 357724 District(25-26)D

संपादकीय

# छांगुर का धर्मांतरण रैकेट

उत्तर प्रदेश के उतरौला में जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की गिरफ्तारी के बाद उसके द्वारा देश विदेश में चलाए जा रहे अवैध धर्मांतरण के रैकेट को लेकर रोज नए नए खुलासे हो रहे हैं। अब यह साफ है कि मुस्लिम देश और ईसाई मिशनहरियां भारत में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का खेल खेल रही हैं और इसके लिए अरबों रू. का फंड आ रहा है ताकि भारत में किसी भी तरह से हिंदुओं की आबादी को कम कर इसे या तो इस्लामी या फिर ईसाई राष्ट्र में तब्दील कर दिया जाए। छांगुर बाबा इसी व्यापक षड्यंत्र की महत्वपूर्ण कड़ी है। हिंदू लड़कियों को फंसाकर उनका धर्म बदलवाने के घृणित खेल का छांगुर बाबा मास्टर माइंड है। भारत में मुसलमानों की आबादी बढ़ाने के लिए दो तरफा साजिश पर काम हो रहा है। इसमें सोशल मीडिया की अहम भूमिका है। एक तरफ तो हिंदुओं पर सीधे आतंकी हमले हैं तो दूसरी तरफ नकली हिंदू बनकर मुसलमान युवा बड़े पैमाने पर हिंदू लड़कियों को फंसाकर पहले उनसे शादी करते हैं और लड़की फंसने के बाद उसे अपना असली मजहब और नाम बताते हैं साथ ही लड़की को भी मुसलमान बनाने के लिए मजबूर किया जाता है। नहीं बनती तो उन्हे यातनाएं दी जाती हैं और बन जाने पर उनका शारीरिक शोषण कर उन्हें वेश्यावृत्ति के धंधे में झोंक कर उनका पूरा जीवन बर्बाद कर दिया जाता है। इस गंदे खेल के लिए मुस्लिम युवकों को बाकायदा पैसा दिया जा रहा है। वो इसे 'पुण्य कार्य' समझ कर इस्लाम की सेवा के भाव से कर रहे हैं। हाल में पुलिस ने देश भर से ऐसे कई मामलों का खुलासा कर आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। लेकिन यह तो शुरूआत भर है। यह जाल बहुत दूर तक गहरे तक फैला है। छांगुर बाबा कांड ने तो पूरे हिंदू समाज की आंखें खोलकर रख दी हैं। छांगुर बाबा को ऐसी ही कुछ पीड़ित युवतियों की शिकायत के बाद यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया है। जब छांगुर बाबा की अकूत सम्पत्ति का खुलासा होने पर ईडी छांगुर के उतरौला के 12 और मुंबई के 2 ठिकानों को ईडी की टीमें खंगाल रहीं है। छांगुर ने तीन से चार हजार से अधिक हिंदुओं को निशाना बनाया था। इसमें एक महिला नीतू उर्फ नसरीन जिसे हिंदू से मुसलमान बना लिया गया था, भी अपने पति नवीन रोहरा के साथ शामिल है। उसे भी जेल भेजा गया है। वह महिलाओं को लाने का काम करती थी, इसके बदले उसे पैसा मिलता था। चिंता की बात यह है कि छांगुर भारत, नेपाल सीमा पर स्थित कई शहरों और गांवों में धर्मांतरण का रैकेट चला रहा था। छांगुर बाबा कांड की जांच एसटीएफ ने बीते वर्ष फरवरी माह में शुरू की थी, जिसके बाद नवंबर में अपनी रिपोर्ट देने के साथ एटीएस थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। बताया जाता है कि धर्म परिवर्तन के लिए छांगुर बाबा के खातों में छह देशों से 100 करोड़ से अधिक राशि जमा हुई थी। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस पूरी गैंग का असली आका कौन है? छांगुर बाहर से आने वाले किसी फोन के आदेश पर तुरंत अमल करता था। यह भी खुलासा हुआ है कि छांगुर को भारत के 640 में से उन 579 जिलों की पहचान कराई गई थी, जहां हिंदू बहुसंख्यक में हैं। सवाल यह है कि छांगुर बाबा यह रैकेट कई सालों से चला रहा था लेकिन हमारी खुफिया एजेंसियां और पुलिस बेखबर कैसे थी? अगर पीड़ित लड़कियां रिपोर्ट नहीं करतीं तो यह रैकेट यूं ही चलता रहता।

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव

**ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रूपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्रविरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दाफाश करता है। जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था।**

**ललित गर्ग**

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हालआज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। ये नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड़यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है। क्योंकि नकली नोट बाज़ार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नये भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गाँव और गरीब तक पहुँचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अदृश्य आतंकवाद बनकर देश



की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए।

इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियाँ समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड़यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुँचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजेक्शन में दुनिया में नंबर 1 है। डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहाँ एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को इक्कीसवीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की माँग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहाँ नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है।

निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नकली मुद्रा के पीछे कुछ संगठित राष्ट्रविरोधी शक्तियाँ सक्रिय हैं। पाकिस्तान स्थित आईएसआई और उसके सहयोगी संगठनों पर पहले भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे नकली भारतीय मुद्रा भारत में भेजकर आतंकवाद और अलगाववाद को आर्थिक समर्थन देते हैं। देश की सरकार ने डिजिटल इंडिया, जनधन योजना, आधार लिंकिंग, और यूपीआई जैसी क्रांतिकारी योजनाओं के ज़रिए नकदी पर निर्भरता घटाने का प्रयास किया है। लेकिन यह लड़ाई अकेली सरकार नहीं जीत सकती।

नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान है। यह और भी बड़ी चिंता की बात है कि नोटबंदी के आठ साल बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। निस्संदेह, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिये नकली करेंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं।

अध्यात्म

## जब तक सफल न हो जाएं, तब तक किसी भी प्रलोभन में फंसकर रुकना नहीं चाहिए

राजा प्रजा में से किसी को अपना उत्तराधिकारी बनाना चाहता था, राजा ने घोषणा करवा दी कि अगले दिन जो भी व्यक्ति मुझसे मिलने राजमहल आएगा, वही राजा बनेगा

वही व्यक्ति अपने लक्ष्य तक पहुंच सकता है जो किसी प्रलोभन में फंस कर रुकता नहीं है। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक राजा की कोई संतान नहीं थी, वह बूढ़ा हो गया तो इस बात की चिंता होने लगी कि मेरे बाद इस राज्य को कौन संभालेगा? राजा ने अपने गुरु से पूछा इस समस्या का हल पूछा। गुरु ने कहा कि राजन् अपनी प्रजा में से किसी योग्य व्यक्ति को उत्तराधिकारी बना देना चाहिए। ये बात राजा को समझ आ गई, उसने अपने मंत्री से कहा कि प्रजा के बीच ये घोषणा करवा दें कि कल जो भी व्यक्ति सूर्यास्त से पहले मुझसे मिलने राज महल तक आ जाएगा, उसे इस राज्य का उत्तराधिकारी घोषित किया जाएगा। ये बात सुनकर मंत्री ने कहा कि महाराज ये तो बहुत ही आसान है, पूरी प्रजा ही राजा बनने के लिए यहां पहुंच जाएगी।

राजा ने कहा कि ऐसा नहीं होगा, मुझ तक सिर्फ योग्य व्यक्ति ही पहुंचेगा। आप घोषणा करवा दीजिए। मंत्री ने राजा की आज्ञा का पालन किया और प्रजा तक संदेश पहुंचा दिया। अगले दिन बड़ी संख्या में लोग उत्तराधिकारी बनने के लिए राज महल की ओर निकल पड़े। महल के बाहर राजा ने एक बड़े मेले का आयोजन किया था। मेले में शराब थी, नाच-गाना हो रहा था, तरह-तरह के स्वादिष्ट पकवान थे। कई तरह के खेल वहां हो रहे थे। पूरी प्रजा उस मेले में ही उलझ गई। अपनी-अपनी पसंद के हिसाब से लोग मजा लेने लगे। सभी ये बात भूल गए कि उन्हें राजा से मिलने जाना है। तभी वहां एक युवक ऐसा आया जो इन प्रलोभनों में नहीं फंसा, उसे सिर्फ अपने लक्ष्य तक पहुंचना था। वह सीधे राज महल की ओर चल दिया। मुख्य द्वार पर दो पहरेदार खड़े थे। उन्होंने युवक को रोका, लेकिन वह किसी तरह उनसे बचकर राज महल में प्रवेश कर गया। अंदर पहुंचते ही उसे राजा, मंत्री और उनके मिल गए। राजा ने उस युवक को राज्य का उत्तराधिकारी नियुक्त कर दिया।

### सीख

इस प्रेरक कहानी की सीख यह है कि हम अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए रास्ते में रुकना नहीं चाहिए। सफलता मिलने तक हमें आगे बढ़ते रहना चाहिए।

# इस्लामीकरण के भयानक छांगुर तंत्र को कैसे देखें

**उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में हिंदुओं को मुसलमान बनाने का जैसा तंत्र सामने है वह देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए चेतावनी है। यह स्वतंत्र भारत का अब तक का एक व्यक्ति केंद्रित हिंदुओं को मुसलमान बनाने का ऐसा सबसे बड़ा तंत्र सामने आया है जो कंपनी की तरह व्यवस्थित है, जिसकी अनेक परतें हैं , जिसमें हिंदुओं को फंसाने ,बरगलाने के लिए युवक - युवतियों की तैयार फौज सक्रिय है, उनकी संख्या बढ़ाई जा रही है और तंत्र के स्थायी देशव्यापी ठोस ढांचे के रूप में विस्तृत होने की प्रक्रिया भी जारी है। छांगुर उर्फ जिंदा पीर ऊर्फ जलालुद्दीन को जिन्होंने कपड़ों की फेरी लगाते, अंगूठी, नग, माला देते देखा होगा उन्होंने सपने में भी उसके वर्तमान रूप की कल्पना नहीं की होगी।**

**अवधेश कुमार**

ऐसा व्यक्ति, जिसका अपने समाज में भी महत्व नहीं हो, 500 करोड़ से ज्यादा का साम्राज्य खड़ा कर ले , विदेशों में भी उसका नेटवर्क हो जाए, हिंदू लड़कियों - महिलाओं को मुसलमान बनाता रहे और उसके विरुद्ध शिकायत करने वाले की ही शामत आ जाए तो इसके विश्लेषण के लिए शब्द ढूंढने पड़ेंगे। देश - विदेश में मोटा-मोटी तीन दर्जन बैंक खाते, जिनमें लगातार धन आ और निकल रहे हों किसी बड़ी कंपनी की गतिविधियों जैसी है। बलरामपुर का मधुपुर गांव उत्तर प्रदेश एटीएस यानी आतंक विरोधी दस्ता, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, आयकर विभाग, ईडी से लेकर मीडिया की गतिविधियों का केंद्र बना है। प्राथमिक सूचना थी कि वह लगभग 1500 हिंदुओं को इस्लाम मजहब में ला चुका है किंतु अब कई गुना ज्यादा संख्या सामने आ सकती है। इस घटना के अभी अनेक पहलू रहस्य में हैं। यह ऐसे काफी प्रश्न उठाता है जिन पर विचार करना आवश्यक है? उसके बारे में नियमित हैरत में डालने वाली नई जानकारियां सामने आ रहीं हैं जो धरातल पर थीं। गांव में तीन बिघे में बना हुआ 70 कमरे का आलीशान मकान जिसमें सारी आधुनिक सुख - सुविधायें और निर्माण ऐसी कि लोगों को बंद कर कुछ भी कर दिया जाए तो बाहर पता न चले। आठ बुलडोजर को 40 कमरे वाले हिस्से को तोड़ने में तीन दिन लगे। उसकी कहानी पर सहसा विश्वास नहीं होता। उसकी ताबीज़ या नगों से कुछ लोगों को कठिनाइयों से थोड़ी बहुत मुक्ति मिली तो उन्होंने छांगुर को पीर मनाना शुरू किया और उसकी ख्याति बढ़ी। पत्नी को प्रधानी का चुनाव लड़वाया, वह दो बार जीती और क्षेत्र में उसका कद बढ़ा। इसके पीछे भी कितने लोगों का दिमाग था इसकी परतें खुलनी अभी बाकी है। नीतू और नवीन के मुसलमान बनने के दस्तावेज दुबई के हैं। यह कैसे संभव हुआ? वे अनेक बार विदेश गए। दोनों के 19 बार दुबई जाने के रिकॉर्ड हैं जिनमें केवल एक बार साथ गये! अजीब रहस्य है। ईसाई मिशनरियां दलितों व जनजातियों को लक्ष्य बनाकर धर्मांतरण करतीं हैं। उनके पास हर क्षेत्र का जनांकिकीय डाटा है। उसने वहां से डाटा हासिल किया और उत्तर प्रदेश के अलावा 550 से ज्यादा जिलों की पहचान की थी जहां हिंदू युवतियों- महिलाओं को मुस्लिम बनाने का योजनाबद्ध अभियान चलना था। कुछ हजार को उतारा भी था। सोचिए, कितनी बारीकी से वह भारत के इस्लामीकरण पर काम कर रहा था और हिंदू या गैर मुस्लिम बहुसंख्य समाज में उसका बाल तक बांका नहीं हुआ। उसके अकेले के दिमाग की बात नहीं हो सकती। क्या यह आपको नए सिरे से ऐसे तत्वों के मुकाबले के लिए भूमिका तैयार करने की चेतावनी नहीं है?हिंदू जाति व्यवस्था का ताना देने वाले ध्यान रखें कि बड़ी संख्या में ब्राह्मण और राजपूतों की लड़कियों ने छांगुर तंत्र के प्रभाव-दबाव में इस्लाम कबूल किया है। नीतू वोरा और नवीन वोरा ही नसरीन और जमालुद्दीन कैसे बन गए? इनके मामले में जाति पहलू नहीं है। मुंबई में व्यापार करने वाले दोनों पति-पत्नी कठिनाई में संपर्क में आए। वह मुंबई जाने पर उन्हीं के यहां ठहरने लगा। इन दोनों ने तय कर लिया कि गांव में उसके साथ ही रहना है और इसलिए संपत्ति बेची। छांगुर की हिंदुओं के इस्लामीकरण की कल्पना को साकार करने के लिए जिंदगी लगा दी। घर के साथ शहर की जमीन, दुकानें भी नीतू के नाम है। इनके खातों में ही ज्यादा धन आए और निकले। कोई अपने विचार से मजहब बदले यह उसका अधिकार है। किंतु धन, बाहुबल और हर तरीके से जाल में लाकर , विवश कर इस्लामीकरण का यह तंत्र अपराधियों माफियाओं का गिरोह जैसा था।आम लोगों का उसमें फंसकर विवश हो जाना आश्चर्य का विषय नहीं है। शायद छांगुर का भयानक तंत्र कायम रहता यदि चंगुल में फंसी कुछ लड़कियां, महिलायें बाहर नहीं आती। एक घटना में अनाम से संगठन विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने जब लखनऊ में कुछ की हिंदू धर्म में वापसी का हवन किया और मीडिया में बातें आई तब देश के संज्ञान में आया कि छांगुर इन सबके पीछे है। यह स्थिति डराने के साथ खीझ भी पैदा करती है कि एक व्यक्ति सरेआम हिन्दुओं को मुस्लिम बनाने की इस्लामी कॉर्पोरेट शैली में कंपनी खड़ी कर उत्तर प्रदेश से विदेश तक विस्तारित कर लेता है और पुलिस, प्रशासन, संगठनों, जनप्रतिनिधियों को इतने वर्षों तक पता नहीं चलता। उसने मुख्य मार्ग से अपने किले तक 500 मीटर सड़क बना लिया। 50 कमांडो तैयार किए जो खुलेआम चलते थे। ऐसा संभव नहीं कि लोग पुलिस, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तक शिकायत लेकर नहीं गये हों। पुलिस प्रशासन में हैसियत ऐसी कि छांगुर का सहयोगी भागकर पुलिस में शिकायत किया, पर उसके विरुद्ध ही धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज हो गया। एक स्थानीय मुस्लिम उसके बारे में पत्र लिखते रहे लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। उसके खातों में विदेश से पैसे आते रहे, उसके लोग असामान्य रूप से विदेश जाते- आते रहे और केंद्रीय एजेंसियों के कान खड़े नहीं हुए। तो इसके अर्थ क्या हैं? प्रदेश के जितने पुलिस प्रशासन के लोगों का नाम आ रहा है वे सब हिंदू हैं। राजस्थान के उदयपुर के स्वर्गीय कन्हैयालाल की शिकायत भी पुलिस ने दर्ज नहीं की और गला काट कर उनकी हत्या हो गई। बिहार में 3 वर्ष पहले पीएफआई के 2047 तक भारत को गजवा ए हिंद बनाने के तंत्र मामले में भी फुलवारी शरीफ के मुस्लिम पुलिस अधिकारी के मोबाइल पर खतरनाक मैसेज आया, पर उसकी शिकायत को फाइलों में बंद कर दिया गया। ऐसा अनेक मामलों में होता है। यह सच है कि केंद्र और अनेक प्रदेशों में भाजपा की सरकारें आने के बाद स्थिति बदली है और आज केंद्र तथा प्रदेश की भाजपा सरकार के कारण ही कार्रवाई संभव हो सकी। दूसरी सरकारों में छांगुर और उसके मजहबी उन्मादी सहयोगी इस्लामीकरण का पूरा माफिया तंत्र कायम कर चुके होते। बावजूद स्वीकारना होगा कि अभी भी मजहबी मतांतरण, लव जेहाद, मजार, मदरसों के नाम जमीन कब्जा करने आदि अनेक मामलों की आरंभिक शिकायत पुलिस प्रशासन गंभीरता से नहीं लेती, प्रायः संगठनों , राजनीति का रवैया भी उत्साहजनक नहीं रहता तथा उनके विरुद्ध काम करने वालों के जीवन में ही संकट पैदा हो जाते हैं।

ट्रेजेडी देखिए, अभी तक भाजपा विरोधी पार्टियों, नेताओं, एक्टिविस्टों मीडिया के पुरोधाओं में से किसी ने इस पर समान्य विरोधी प्रतिक्रिया भी व्यक्त नहीं की है। क्या निर्दोष, निरपराध हिंदू लड़कियों महिलाओं की इज्जत, गरिमा , उनके मानवाधिकार का महत्व नहीं? इसका उत्तर उनसे मांगा जाना चाहिए। ऐसे मामलों में एकमात्र भाजपा ही हिंदुओं के साथ खड़ी दिखती है। बावजूद उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के अंदर ऐसा होना बताता है कि पूरे एप्रोच में आमूल बदलाव की आवश्यकता है। भारत में इस्लामिक कट्टरता का मुख्य आधार उत्तर प्रदेश है। पुलिस प्रशासन का भ्रष्टाचार, अनेक नेताओं की दिशाहीनता तथा कायरता ही इसके पीछे मूल कारण है। मदरसों के सर्वेक्षणों में भी भ्रष्टाचार ने कालिख पोत दिया। मदरसों गैर निबंधित होना सबसे छोटा पहलू था। मुख्य पहलू यह है कि छोटे-छोटे मदरसा चलाने वाले मौलवी भी इतनी विदेश यात्राएं क्यों और कैसे करते हैं, उनके पास सुख -सुविधा कहां से आई? कुछ वर्षों के उनके पासपोर्ट वीजा तथा नामी बेनामी संपत्तियों पर नजर डालने की आवश्यकता थी है। भारत के हिंदुओं या सनातनियों को समझ में आना चाहिए कि चारों तरफ उनके विरुद्ध अलग-अलग तंत्र के रूप में घात लगाए हर अस्तर से शक्तिशाली शिकारियों का झुंड बैठा है। आप चौकन्ने रहकर उनके मुकाबले के लिए तैयार नहीं है तो फिर कोई सरकार या व्यवस्था आपको हिंदू या सनातनी के रूप में बचा नहीं सकती।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
विदेशी कम्पनियों से नौकरी या व्यवसाय के प्रस्ताव मिल सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपको बातचीत अवश्य करनी चाहिये। घरेलू कलह होने की सम्भावना है।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में नये मित्र बन सकते हैं। लोग आपके कार्य की प्रशंसा करेंगे। दोस्तों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं। शान्ति और धैर्य का परिचय दें।

**मिथुन**
दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। मार्केटिंग से जुड़े कार्यक्षेत्र में आपको लाभ मिलेगा। घरेलू जीवन में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा।

**कर्क**
जीवनसाथी के साथ आज भोजन के लिये बाहर जा सकते हैं। पुराने रोगों से राहत मिल सकती है। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कार्य का अतिरिक्त दबाव हो सकता है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के रखरखाव में सावधानी रखें। गूढ़ विषयों का अध्ययन कर सकते हैं।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र का वातावरण ऊर्जावान रहेगा। बच्चे अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। परिस्थितियाँ पूरी तरह से आपके लिये अनुकूल हैं।

**तुला**
जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। सहकर्मियों से अत्यधिक सहायता मिलेगी। आत्मविश्वास में कमी होने की सम्भावना है।

**वृश्चिक**
नये कार्यों को आज आरम्भ करना उचित नहीं है। सरकारी कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को उत्तम परिणाम मिलेंगे।

**धनु**
व्यापार में आप नये प्रयोग कर सकते हैं। सरकार की ओर से आपको लाभ प्राप्त होगा। महँगी वस्तुओं की खरीदी करेंगे। धर्म-कर्म के प्रति आप अत्यधिक रुचि लेने वाले हैं।

**मकर**
आपकी आर्थिक स्थिति अति उत्तम रहने वाली है। जीवनसाथी के साथ आज एकान्त में समय बिताना पसन्द करेंगे। महत्वपूर्ण मुद्दों पर परिवार के सदस्यों के साथ चर्चा करेंगे।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में परिश्रम का सार्थक परिणाम मिलने में देरी होगी। बैंकिंग से जुड़े मामलों में सावधानी रखने की आवश्यकता है। बच्चों के साथ आप समय व्यतीत करेंगे।

**मीन**
सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ मिलेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने से प्रसन्नता होगी। मूल्यवान वस्तुओं की खरीदी कर सकते हैं।

# अपर मुख्य सचिव ने किया विद्यालय का निरीक्षण

## क्लास रूम, शौचालय व पेयजल की जांच की



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** बरौनी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय असुरारी तथा उच्चय माध्यमिक विद्यालय असुरारी का निरीक्षण करने शनिवार को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के सभी क्लास रूम शौचालय, पेयजल आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के कई क्लास रूम में बल्ब के अभाव में अंधेरा रहने, पर्याप्त मात्रा में पंखा नहीं रहने तथा पंखा छत में लटका था उसमें भी अधिकतर को बंद रहने, एक कमरे में काफी संख्या में पुरानी किताब रखी रहने तथा कई कमऱे में कबाड़ रखे रहने पर विद्यालय के एचएम अनिल कुमार राय को फटकार लगाई तथा जल्द से जल्द इसमें सुधार लाने का निर्देश देते हुए कहा कि आपको विद्यालय में टेंट व जेनरेटर लगवाने के लिए समय व पैसा है, लेकिन बल्ब लगाने के लिए नहीं है, टेंट व जेनरेटर नहीं रहेगा तो कोई समस्याएं नहीं होगी, लेकिन बल्ब नहीं रहेगा तो दिक्कत होगी। अपर मुख्य सचिव श्री सिद्धार्थ ने जब विद्यालय में मौजूद बच्चों के अभिभावकों से विद्यालय से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानना चाहा तो महिलाओं ने छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिलने, विद्यालय में शिक्षकों की कमी रहने, सफाई की बेहतर व्यवस्था नहीं रहने, खाना नहीं मिलने व विद्यालय आने के दौरान रास्ता का अभाव रहने समेत कई अन्य समस्याएं सुनाई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कमरे में जाकर बच्चों से भी बात की। उन्होंने उसी परिसर के समीप मौजूद उच्य माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण के दौरान एचएम बेनुजा कुमारी को विद्यालय के क्लास रूम में लगे बोर्ड को ऊंचा रहने पर इसे और नीचे करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव ने स्थानीय लोगों की मांग पर सीओ को विद्यालय के लिए खेल मैदान व चहारदिवारी का निर्माण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर बेगूसराय डीएम तुषार सिंगला, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, बरौनी सीओ सुरजकांत, बीहट नगर परिषद के मुख्य पार्षद बबीता देवी, बरौनी नगर परिषद के वार्ड पार्षद खुशबू कुमारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष शंभु कुमार सिंह, अरुण गांधी, राम नरेश सिंह, पपरौर मुखिया प्रतिनिधि अरविंद कुमार राय, पूर्व विधायक ललन कुंवर, कृष्ण नंदन सिंह, पंसस जितेंद्र कुमार, विक्की पासवान, ग्रामीण चौधरी सिंह, रामचंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, सुरेंद्र सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### विद्यालयों में हो गुणवत्तायुक्त पढ़ाई की व्यवस्था : डा. सिद्धार्थ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** अपर मुख्य सचिव डॉ. सिद्धार्थ ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यहां बच्चे अच्छी संख्या में हैं। देखने आए थे कि यहां क्या है और क्या किया जा सकता है। ऊपर क्लास का जो भी सैंक्शन है और टीचर की व्यवस्था का जायजा लिया है परंतु विद्यालय के मेंटेनेंस की स्थिति अच्छी नहीं है, जिसे ठीक करने का निर्देश दिया गया है। हम लोग चाहते हैं कि गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई हो। लोग स्कूल में कम कमरे की बात करते हैं, लेकिन जहां कमरा है वहां कबाड़ भरा रहता है, यह चिंता का विषय है। हमने प्रिंसिपल को सफाई रखने का निर्देश दिया है। बच्चों को कोई असुविधा नहीं हो, इस पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है। हम लोग पैरेंट से भी बात कर रहे हैं, इस साल की राशि अगस्त महीने में उपलब्ध करवा देंगे। सभी स्कूलों में खेल के मैदान की व्यवस्था होगी, सुधार यह एकमात्र लक्ष्य है। सभी बच्चे स्कूल आएं और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा अटेंड करें। इस लक्ष्य पर सभी लोग काम कर रहे हैं।

## एक नजर

### मृतक के आश्रित को मिला चेक

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने सदर अंचल के मृतक मकसूदन कुमार के आश्रित माता हीरा देवी को दो लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया। ज्ञात हो की 15.मई को बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही बस में लखनऊ के मोहनलाल गंज के निकट आग लग गई थी। जिसमे मृत हुए व्यक्तियों के निकटतम आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रति मृतक को दो लाख रूपये की दर से अनुग्रह अनुदान दिये जाने की घोषणा मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा की गयी थी। जिसके आलोक में आज मृतक के आश्रित को जिलाधिकारी द्वारा अनुदान की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रभारी पदाधिकारी जिला आपदा शाखा उपस्थित थे।

### जनता दरबार में मामला निष्पादित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में एक मामला का निष्पादन किया गया। अंचलाधिकारी सूरज कुमार ने बताया कि यह मामला समसा के कैलाश महतो एवं लक्ष्मण महतो के बीच भूमि विकाद का है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों द्वारा रुचि नहीं लेने के कारण यह मामला निष्पादित किया गया। जनता दरबार में कुल पांच मामले लंबित है। छतौना के रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार,अब्बूपुर के दामोदर महतो व सोनी देवी, रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, चक्का के नारायण महतो व राजकुमार पोद्दार, शेखपुरा के सुखो ताती व मनोज पासवान, आदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख मुकर्रर की गयी।

### नावकोठी क्षेत्र का आतंक मुन्ना गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने नावकोठी के चर्चित अपराधी प्रवीण कुमार उर्फ मुन्ना सिंह सहित चार अपराधियों को असलहे तथा काफी संख्या में कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बखरी एसडीपीओ कुंदन कुमार ने थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार अपराधी प्रवीण कुमार उर्फ मुन्ना सिंह, रोहित कुमार, राजकुमार सिंह तथा एक महिला है। 12 जुलाई को चक्का में रूपेश कुमार उर्फ बिट्टू के साथ मारपीट हुई। थाना कांड संख्या 150/25 में प्राथमिकी नामजद थे। गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर इनकी गिरफ्तारी हुई है। इनके निशानदेही पर पड़ोसी मनोज दास के घर से दो देसी कट्टा जिसमें एक आटोमेटिक सेमी पिस्टल तथा 53 कारतूस और चार एंड्राइड मोबाइल बरामद किया गया। जिसमें 40,315,10 इंसास तथा 03,0.6 एम एम की कारतूस है। पूर्व से मुन्ना सिंह पर हत्या, रंगदारी, मारपीटसहित नावकोठी थाने में 36 मामले, रोहित कुमार पर भी हत्या, मारपीट, रंगदारी आदि का 15 मामले तथा राजकुमार सिंह पर मारपीट का एक मामला दर्ज है। इस गिरफ्तारी में एसडीपीओ कुंदन कुमार, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, सहायक थानाध्यक्ष मनोज प्रसाद, कुंदन रजक, अबोध कुमार सिंह, अनुमंडल क्षेत्र के थाने के पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### एसडीओ ने की कार्यों की समीक्षा

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर 197-जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी संजीत कुमार द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिवों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस क्रम में गणना प्रपत्रों के संग्रहण, अपलोडिंग तथा अन्य आवश्यक विवरणों को साझा किया गया।

# बूथ सशक्तिकरण को लेकर कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** नगर मंडल बीहट भाजपा द्वारा गढ़हारा, वार्ड-17 मंडल उपाध्यक्ष कल्याणी सिंह के आवास पर बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष यशस्वी आनंद एवं संचालन मंत्री गुंजन देवी ने किया।बैठक में अतिथि के रूप में जिला प्रभारी शशि भूषण कुमार, बबलू, जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार, जिला महामंत्री राकेश पांडे, जिला कार्यसमिति सदस्य सुबोध कुमार, मंडल प्रभारी अमरदीप सुमन ने भाग लिया। कार्यशाला में गढ़हारा-एक, गढ़हारा -दो, हाजीपुर व राजवाड़ा सांगठनिक पंचायत के अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए शशि भूषण कुमार बबलू जी ने कहा कि अनुशासन ही भाजपा की पहचान है, विरोध की राजनीति करने वालों का न तो सम्मान होता है, न स्थान। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि भाजपा में हमेशा व्यक्ति से बड़ा दल का मूल मंत्र रहा है। मौके पर मंडल उपाध्यक्ष कल्याणी सिंह ने कहा कि बूथ जीतो चुनाव जीतो के लक्ष्य के साथ हर भाजपा कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव तन्मयता से लड़ेगा।मौके पर मंडल महामंत्री सुरेंद्र कुमार, मंडल उपाध्यक्ष उदयभानु, मंडल मंत्री गुंजन देवी,गढ़हारा-1 के पंचायत अध्यक्ष संजीव कुमार, गढ़हारा-2 के पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार, हाजीपुर के पंचायत अध्यक्ष फणीन्द्र कुमार, राजवाड़ा के पंचायत अध्यक्ष राहुल कुमार, बूथ अध्यक्ष रामकुमार, रामानुज सिंह, शांति देवी, निलम देवी आदि उपस्थित थे।

# राजनीतिक दलों के साथ डीएम ने की समीक्षा

## कुल 2245144 मतदाताओं में 2017588 का गणना प्रपत्र भरकर हुआ तैयार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में कारगिल विजय भवन में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 से संबंधित जानकारी सभी राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों को दी गई। शेष बचे हुए मतदाताओं जिनका अभी तक गणना प्रपत्र संग्रह्ण नहीं हुआ है। उनकी सूची राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि अब तक कुल 2245144 मतदाताओं में 2017588 का गणना प्रपत्र भरा जा चुका है। जिसमें से 1948676 मतदाताओं का गणना प्रपत्र ऑनलाइन किया जा चुका है। अबतक कुल 86.80 प्रतिशत मतदाताओं का गणना प्रपत्र ऑनलाईन किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी ने शेष बचे हुए मतदाताओं जिनका गणना प्रपत्र अभी तक भरा नहीं गया है। उनकी सूची सभी राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी गई। उन्होंने सभी पार्टियों के जनप्रतिनिधियों से बचे हुए मतदाताओं का गणना प्रपत्र भराने में सहयोग करने की बात कहीं। साथ ही यह भी कहा कि अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार शेष बचे हुए मतदाताओं में 7-8 प्रतिशत मतदाता सिफ्ट, डुप्लिकेट एवं मृत में शामिल है। साथ ही नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत प्रचार गाड़ी एवं सार्वजनिक जगहों पर क्यूआर कोड लगाया जा रहा है, ताकि मतदाता स्वयं से भी अपना गणना प्रपत्र भर सकें।बैठक में नगर आयुक्त नगर निगम, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी अवर निर्वाचन पदाधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भोजपुर डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर/भोजपुर।** जिलाधिकारी भोजपुर ने शाहपुर अंचल अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों को दिए कई आवश्यक निर्देश। शनिवार को जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुलतानिया द्वारा शाहपुर अंचल अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने जवइनिया गांव में गंगा नदी के कारण हो रहे कटाव की स्थिति का जायज़ा लिया। गंगा नदी के जल स्तर में अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए जिलाधिकारी ने कटाव-निरोधी कार्यों में तेजी लाने तथा राहत शिविर एवं राहत सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाई जाए तथा संभावित प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए।

जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि गत वर्ष जवइनिया गांव के 29 परिवारों को भूमि उपलब्ध कराते हुए पर्चा निर्गत किया गया था, जबकि 59 परिवारों को ?1.2 लाख प्रति परिवार की दर से गृह क्षति मुआवजा प्रदान किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे गंगा नदी के बहाव क्षेत्र से दूर रहें तथा जिन परिवारों को पर्चा दिया गया है एवं सुरक्षित स्थानों पर रहने की व्यवस्था की गई है, वे वहीं स्थायी रूप से निवास करें।

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी जगदीशपुर संजीत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जगदीशपुर राजेश वर्मा, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता, बाढ़ प्रमंडल बक्सर, सहायक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी शाहपुर, बहोरनपुर थानाध्यक्ष सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम ने की स्थानीय सांसद राधा मोहन सिंह की जमकर तारीफ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जहां जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ तमाम पदाधिकारी मुस्तैद थे। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के विकास को साकार रूप देने को लेकर 7200 करोड़ रुपए से अधिक की रेल, सड़क, मत्स्य, ग्रामीण विकास और सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास उद्घाटन किया। साथ ही प्रधानमंत्री ने चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिखाकर रवाना किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद राधा मोहन सिंह ने प्रधानमंत्री को शाल ओढ़ाकर तिरंगा भेंटकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार शिक्षा स्वास्थ्य और युवा रोजगार सहित सात निश्चय योजनाओं से बिहार में काफी विकास हुआ है। वही प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही है। जिससे बिहार में विकास काफी तेजी से हो रही है। यूपीए सरकार से बढ़कर एनडीए सरकार ज्यादा फंड बिहार को दी है। साथ ही कहा की कुछ वर्षो में बिहार के युवाओं को ज्यादा रोजगार मिला है। गरीबों के लिए पक्के घर दिए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का संकल्प बिहार की धरती से ही लिया था। उसकी सफलता पूरी दुनिया ने देखी। किसानो की आय बढ़ाने के लिए भी कार्य हो रहा है। किसान सम्मन निधि योजना से किसानों को काफी लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थानीय सांसद पूर्व कृषि एवं कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि वह हमेशा चंपारण बुलाने का मौका देते हैं। यह चंपारण की धरती है जिसने बिहार को बनाया है। इसी धरती पर गांधी जी को नई दिशा और प्रेरणा मिली। मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय, सतीश चंद्र दुबे, लोजपा रामविलास के सुप्रीमो केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्थानीय सांसद राधा मोहन सिंह, बेतिया सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल, शिवहर सांसद लवली आनंद सहित केंद्रीय मंत्री, बिहार सरकार के मंत्री व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

# उलाव हवाई पट्टी पर उतरी एयरक्राफ्ट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला के उलाव हवाई पट्टी में मेसर्स एवरडेलीवर लजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के ऐयर क्राफ्ट पीसी 12 विटी-एसकेजी की शनिवार को लैंडिंग करायी गई। बतातें चलें कि मेसर्स एवरडेलीवर लजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के एकाउंट मैनेजर एस मुखर्जी द्वारा 7 जुलाई को जिला अंतर्गत उलाव हवाई पट्टी पर एयर क्राफ्ट के लैंडिंग की अनुमति मांगी गई थी। जिसके तहत जिला प्रशासन बेगूसराय द्वारा अनुमति प्रदान की गई। उक्त ऐयर क्राफ्ट 9 बजे पूर्वाह्न में कोलकात्ता एयरपोर्ट से प्रस्थान किया एवं 10 बजे पूर्वाह्न मे उलाव ऐयरपोर्ट पर लेंडिंग किया। जिसके बाद उक्त एयर क्राफ्ट उलाव एयरपोर्ट से कोलकाता एयरपोर्ट के लिए 2 बजे पूर्वाह्न में प्रस्थान कर गया। इसमें कुल 8 यात्री सवार थे। लैंडिंग को लेकर जिला प्रशासन द्वारा उलाव एयरपोर्ट पर आवश्यक व्यवस्था की गई थी। उलाव ऐयरपोर्ट पर एम्बुलेंस (रोगी वाहन), अग्निशमन वाहन एवं सुरक्षा हेतु पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति जिला प्रशासन द्वारा की गई थी।

# महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय बिहार में शैक्षणिक सत्र 2025ऽ26 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित यह केंद्रीय विश्वविद्यालय सीयूईटी (यूजी) ऽ 2025 के माध्यम से प्रवेश प्रदान कर रहा है। जिन विद्यार्थियों ने आवेदन भरते समय एमजीसीयू को चुना है, वे विश्वविद्यालय के आधिकारिक ई - समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में वाणिज्य, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार तथा कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विषयों में स्नातक डिग्री की पढ़ाई करवाई जाती है। पत्रकारिता विषय में बी.ए.जे.एम.सी. (पत्रकारिता एवं जनसंचार में कला स्नातक) की डिग्री प्रदान की जाती है, जबकि कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के अंतर्गत छात्र बी.टेक. या एकीकृत बी.टेक.ऽएम.टेक. कार्यक्रम में नामांकन ले सकते हैं। इस वर्ष एक प्रमुख शैक्षणिक नवाचार के रूप में विश्वविद्यालय ने कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में पाँच वर्षीय एकीकृत बी.टेक. एम.टेक. कार्यक्रम आरंभ किया है। इस संदर्भ में विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी ने कहा, ल्लयह एकीकृत पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की भावना के अनुरूप है, जो बहु-विषयक दृष्टिकोण और अनुसंधान आधारित शिक्षा को बढ़ावा देती है द्य एमजीसीयू इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गौरवान्वित है। प्रत्येक पाठ्यक्रम में 33 सीटें निर्धारित हैं। प्रवेश सीयूईटी (यूजी) 2025 की मेरिट सूची के आधार पर होगा, और काउंसलिंग संबंधित विभागों द्वारा ऑनलाइन या भौतिक रूप से आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रति पाठ्यक्रम 500 (सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस) या 200 (एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यूडी) का अपंजीकरणीय शुल्क देकर 24 जुलाई 2025 तक पंजीकरण करना अनिवार्य है। प्रवेश प्रक्रिया के बारे में डॉ. कृष्ण के. उपाध्याय, परीक्षा नियंत्रक ने कहा, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय एक पारदर्शी, छात्र-केंद्रित और योग्यता आधारित प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम देश के सभी भागों से विद्यार्थियों का स्वागत करते हैं कि वे हमारे विश्वविद्यालय से जुड़कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें।

# 32,11,014 गणना प्रपत्र निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर अपलोड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण- 2025 के अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई। 32,11,014 गणना प्रपत्रों को कर अपलोड दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष / सचिव /प्रतिनिधीकरण के साथ बैठक कर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई। बैठक में विधायक प्रमोद कुमार उपस्थित थे। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि अभी तक पूर्वी चंपारण जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों से आज अपराह्न 03:00 बजे तक 32,11,014 गणना प्रपत्र भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिला में कुल 36,89, 848 मतदाता है जिसमें अभी तक 32 लाख से अधिक (87.02%) मतदाताओं का प्रपत्र संबंधित वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है। इसमें बीएलओ के माध्यम से 31,24,652 एवं नागरिकगण के द्वारा 84,680 प्रपत्र अपलोड किए गए हैं। आज 19 जुलाई को अभी तक 28406 प्रपत्रों को अपलोड कराया गया है। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधिगण को जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि अब जो नाम शेष रह गए हैं उनको चिन्हित करते हुए उसकी सूची तैयार कर दी गई है जिसे सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को दे दिया जाएगा और उसके अनुसार राजनीतिक दल के लोग भी अपने बीएलए के माध्यम से छुटे हुए चिन्हित नाम को खोज कर उनका सत्यापन प्रपत्र भरवाने में सहयोग करेंगे। विधानसभावार अपलोडिंग के मामले में सबसे अधिक ढाका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कल 344879 में से 314735 अर्थात 91.26 प्रतिशत, हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 286495 में से 259244 (90.49 प्रतिशत), केसरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 281830 में 251582 अर्थात 89.27%, पिपरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 364154 में से 324429 अर्थात 89.09 प्रतिशत, सुगौली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 299 202 मतदाताओं में से 265764 अर्थात 88.82 प्रतिशत, कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 272495 में से 241358 अर्थात 88.57 प्रतिशत, गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 288 470 में से 255485 अर्थात 88.57 प्रतिशत अपलोड किया गया है।

# नगर निगम की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहार।** नगर निगम की आयोजित बोर्ड बैठक में शहर के सर्वांगीण विकास एवं कर्मचारियों के हित में कई महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नगर निगम मोतिहारी के दैनिक वेतनभोगी कर्मियों के वेतन में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। इस निर्णय से सैकड़ों कर्मियों को प्रत्यक्ष एवं उनके परिवार को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त, 'आपकी बात, आपकी सरकार' कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित क्षेत्रों में सड़क एवं नाला निर्माण, सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय निर्माण, सामुदायिक भवन, छठ घाट एवं पोखरों के जीर्णोद्धार से संबंधित 700 से अधिक योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही इन क्षेत्रों में 200 स्ट्रीट लाइट्स लगाए जाने की योजना को भी मंजूरी दी गई, जिससे नागरिकों को बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध होगी। बैठक में वार्ड संख्या 38 और 40 में स्थित चिकनी घाट रोड एवम रेलवे लाइन की ओर सड़क और नाला निर्माण से संबंधित योजनाओं को भी स्वीकृति दी गई । इन परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जाएगा और नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी ।बोर्ड बैठक मेंऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'हेनरी बाजार' का नाम बदलकर 'हिन्दी बाजार' रखने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही निगम द्वारा प्रस्तावित धर्मसमाज पोखर पार्क का नाम भारत रत्न एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम के सम्मान में 'डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पार्क' रखने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। इन सभी निर्णयों से स्पष्ट होता है कि महापौर प्रीति कुमारी के नेतृत्व में नगर निगम मोतिहारी शहर के सतत विकास एवं जनकल्याण हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है.बैठक में महापौर प्रीति कुमारी, उपमहापौर लालबाबू प्रसाद, नगर आयुक्त सुमन सौरभ यादव जी, उपनगर आयुक्त गुरु शरण माननीय निगम पार्षद गण एवं नगर निगम मोतिहारी के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# बाढ़ में डूबने से 25 वर्षीय युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत एकवना गांव में 25 वर्षीय वासुदेव कुमार सिंह की डूबने से मौत हो गई। वह एकवना वार्ड संख्या 7 निवासी उमेश सिंह का पुत्र है। घटना शनिवार की है। करीब 2:30 बजे दिन में कूड़ा कचरा घर के पास बड़े गढ़े में फेंकने गया था। गढ़े में बाढ़ का पानी भरा हुआ था। अचानक पैर फिसला और गहरे पानी में चला गया। उसे पानी में तैरने नही आता डूब गया है। परिजनों ने बताया कि गढ़े के किनारे उसका चप्पल और कूड़ा वाला डब्बा पानी में बहता देखा गया। जिससे डूबने की आशंका हुई। घटना की सूचना एसडीआरएफ टीम को दी गई। टीम ने खोजबीन किया। लेकन शाम 5:30 बजे तक सफलता नही मिली। उसके बाद बबुरा से दो गोताखोर संजय महतो व अतमी महतो बुलाये गये। दोनो जैसे ही गोता लगाया पहली बार में शव को बरामद कर लिया। शव मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का निर्णय ऐतिहासिक : जदयू

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार में 125 यूनिट बिजली फ्री करने से गरीबो एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को काफी राहत मिला है। जदयू के जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा जिलाप्रवक्ता असलम खां हक्की ने कहा कि यह बिहार के विकास का नया मॉडल है। सबका साथ सबका विकास की धारणा को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर से साबित कर दिया है। पार्टी प्रवक्ता ने कहा है कि यह कदम बिहार सरकार की जनकल्याणकारी सोच एवं संवेदनशीलता को साबित कर रहा है। यह फैसला सिर्फ ऊर्जा नहीं आत्मनिर्भरता, और सामाजिक न्याय का संगम है। वहीं सोलर संचालित उर्जा उत्पादन के लिए की गयी ऐतिहासिक निर्णय बिहार के विकास मॉडल को नई दिशा देगा किसानों,मजदूरों, और आम लोगों के जीवन में रोशनी लाएगा । इस फैसले का पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम लोगों ने भी स्वागत किया है

### प्रेमी संग बहू फरार, केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रेम प्रसंग में प्रेमी के संग बहू का फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। मामला मैनाटांड थाना क्षेत्र के एक गांव का है। महिला के ससुर ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि बिते 16 जुलाई की रात में मैनाटांड के सिंहपुर गांव का चंदेश बैठा का पुत्र धीरज कुमार शादी की नीयत से उसकी बहू को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पिडीत व्यक्ति ने पुलिस को बताया है कि जब इस मामले की जानकारी मिली तो उसने पुछताछ करने सिंहपुर गये। इस दौरान लड़का के घर वाले ने मारपीट विवाद करना शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष राणा प्रसाद ने बताया कि महिला के ससुर के आवेदन पर धीरज कुमार,परीता देवी,सीमा देवी गोलू बैठा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छान बीन शुरू कर दी है।

### करंट लगने से किसान की मौत

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया थाना क्षेत्र के गोनौली डुमरा निवासी मदन राम के 38 वर्षीय पुत्र राजू राम की मौत बिजली के करंट से हो गयी। वे खेत में पानी पटाने गये थे। सुबह जब गाँव वाले शौच के लिए गए तो देखा राजू राम जमीन पर पड़ा है। परिजन को जानकारी मिलने पर राजू राम को आनन फानन में लौरिया सामुदायिक अस्पताल लाये जहाँ चिकित्सको ने राजू राम को मृतक बताया।

### अंग्रेजी शराब जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस द्वारा शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने इस करवाई में 69 पीस फ्रूटी पैक अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वही दो शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर मुजफ्फरपुर के मठिया मोसंडी निवासी कमलेश कुमार और प्रमोद भगत है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दोनों को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों गोरखपुर से पिट्ठू बैग में शराब की खेप लेकर आ रहे थे।

### बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के गोवर्धना गांव में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना घटी है। मामले में गोवर्धना गांव निवासी सरिता देवी ने शिकारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमे श्याम बाबू साह, बादू साह, मंजू साह समेत 7 लोगों को नामजद किया है। आरोप है कि बच्चों के विवाद को लेकर उक्त सभी लोग लाठी डंडे से लैस होकर आएं और गाली गलौज तथा मारपीट करने लगे। बचाने आएं परिजनों को भी आरोपितों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया।थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच पड़ताल करते हुए करवाई की जाएगी।

### गांजा तस्कर को 12 वर्ष की सजा, दो लाख रुपया जुर्माना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गांजा तस्करी के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए एनडीपीएस एक्ट के अनन्य विशेष न्यायाधीश आनंद विश्वास धर दुबे ने कांड के नामजद अभियुक्त धनहा थाने के कठार निवासी अवधेश कुर्मी को दोषी पाते हुए उसे बारह वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है, वही उसके ऊपर दो लाख रुपया जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि का भुगतान नहीं करने पर उसे अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।एनडीपीएस एक्ट के विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि घटना 27 सितंबर 2022 को धनहा थाने की पुलिस ने वैगन आर गाड़ी की तलाशी के दौरान 76 किलो गांजा बरामद किया था। इस संबंध में धनहा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अनुसंधान के दौरान यह साक्ष्य पाया गया कि अभियुक्त अवधेश कुर्मी वेगन आर गाड़ी का मालिक है और वह गांजा की तस्करी कर रहा था। घटना के समय गाड़ी वही चला रहा था। इसी मामले की सुनवाई पूरी करते हुए विशेष न्यायाधीश ने यह सजा सुनाई है।

### राजमिस्त्री की करंट लगने से मौत, शव छिपाने का आरोप

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के महछी गांव निवासी एक राजमिस्त्री की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 38 वर्षीय कृष्णा सिंह के रूप में हुई है। वह राजमिस्त्री का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया जा रहा है कि सरिसवा में दीपक साह के मकान में निर्माण कार्य चल रहा था, जहां वह काम कर रहा था। काम के दौरान मकान में किसी वायरिंग के सम्पर्क में आ जाने से वह करंट की चपेट में आ गया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।परिजनों का आरोप है कि मकान मालिक दीपक शाह ने घटना की जानकारी छिपाने की कोशिश की। राजमिस्त्री कृष्णा सिंह के साथ काम कर रहे मजदूरों ने इस घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी। परिजन जब मौके पर पहुंचे तो मकान मालिक दीपक साह द्वारा शव को छिपाने की कोशिश की जा रही थी और मकान मालिक द्वारा घटना की सूचना नहीं दी गई थी।सूचना मिलते ही मझौलिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल बेतिया भेज दिया।पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, परिजनों द्वारा मकान मालिक पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिसकी जांच की जा रही है।

### जिला कृषि पदाधिकारी ने धान रोपनी का लिया जायजा



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला कृषि पदाधिकारी सरफराज असगर ने शुक्रवार को सिकटा प्रखंड के खेतों में पहुंचकर धान रोपाई कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने न केवल खेतों की भौगोलिक स्थिति का निरीक्षण किया, बल्कि किसानों के साथ मिलकर स्वयं धान की रोपाई भी की। उनकी इस पहल ने किसानों में उत्साह का संचार किया और कृषि कार्यों को बढ़ावा देने में एक नई मिसाल कायम की। इस दौरान सरफराज असगर ने किसानों को धान की खेती से संबंधित वैज्ञानिक तकनीकों और उन्नत प्रथाओं की जानकारी दी। उन्होंने खरपतवार नियंत्रण, उचित खाद प्रबंधन और जल निकासी के महत्व पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने किसानों को समय पर कीटनाशकों और उर्वरकों का उपयोग करने की सलाह दी ताकि फसल की पैदावार बढ़ाई जा सके।

# डीएम ने किया शिक्षा कार्यालय का निरीक्षण



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने आज जिला शिक्षा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया और डीईओ सहित अन्य पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने सरकार द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार कार्यालय का संचालन कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी पदाधिकारी एवं कर्मी नियत समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने कार्यों को निष्पादित करेंगे। सभी ड्रेस कोड का अनुपालन करेंगे। सभी के पास परिचय पत्र रहना अनिवार्य है। साथ ही कार्यस्थल पर नेम पदनाम प्लेट भी रखना अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान बिना परिचय पत्र के पाये गये कर्मियों से शोकॉज करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। जिला पदाधिकारी ने कर्मियों सहित शिक्षकों का वेतन भुगतान ससमय कराना सुनिश्चित करनें का निर्देश दिया। कहा कि तिथिवार मातृत्व अवकाश की स्वीकृति एवं एरियर भुगतान की दिशा में त्वरित गति से कार्रवाई सुनिश्चित करें।उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यालय की समुचित साफ-सफाई सहित कार्यालय के सामग्रियों, संचिकाओं, अभिलेखों आदि को सुव्यवस्थित, सुरक्षित तरीके से रखें। सभी प्रकार की संचिकाओं, अभिलेखों, रोकड़ बही आदि को अपडेट रखें।इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी, सुजीत कुमार सहित जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा शिक्षा विभाग के डीपीओ उपस्थित थे।

## ओवरलोडिंग वाहनों के परिचालन पर लगायें रोक : डीएम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने सभी अंचलाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक प्रवर्तन अवर निरीक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों को ओवरलोडिंग वाहनों एवं नावों के परिचालन पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अंचलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जहां श्रद्धालुओं यात्रियों द्वारा यातायात के लिए नाव का उपयोग किया जाता है, उसका गहन पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगे। किसी भी परिस्थिति में नाव पर ओवरलोडिंग न हो तथा सिर्फ निबंधित एवं परिचालन की अनुज्ञप्ति प्राप्त नावों के माध्यम से ही श्रद्धालुओं यात्रियों को नदी पार कराया जाय।जिला पदाधिकारी ने सभी मोटरयान निरीक्षक एवं प्रवर्तन अवर निरीक्षक को निर्देश दिया कि बस एवं अन्य छोटे वाहन आदि पर श्रद्धालुओं यात्रियों की ओवरलोडिंग की नियमित रूप से जांच करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि बस एवं अन्य वाहन पर बांस, तिरपाल आदि से तम्बू बनाकर ओवरलोडिंग नहीं करेंगे। इस प्रकार का नियम विरूद्ध कार्य करने पर मोटरयान अधिनियम 1988 की सुसंगत प्रावधानों के तहत समन के साथ-साथ अन्य विधिसम्मत कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य शाखा में बैंक के 118वें स्थापना दिवस के अवसर पर बेतिया लायंस क्लब की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में मधुमेह, ब्लड प्रेशर और दांत की जांच कि गयी । इस शिविर में बैंक में आए हुए 245 व्यक्तियों का जांच किया गया और उचित सलाह डॉ राजीव रंजन और डॉक्टर संकेत कुमार के द्वारा दिया गया । इस शिविर का उद्घाटन चंपारण रेंज के डीआईजी हर किशोर राय एवं बैंक आफ बड़ौदा के मुख्य शाखा प्रबंधक मुकुल कुमार द्वारा किया गया। आयोजन में बैंक ऑफ बड़ौदा के राजेश कुमार सिंह, गौरव कुमार, आलोक रंजन, अभिजीत सिंह, मनोरंजन कुमार व अभय कुमार तथा लॉयंस क्लब के अध्यक्ष नंदन वर्मा,



डॉ राजीव रंजन, डॉ संकेत कुमार, अभिषेक बरनवाल, सुनील कुमार गुप्ता, अजीत कुमार, प्रमोद कुमार, राजेश रंजन कुमार, इरशाद अख्तर, प्रतीक सिकारिया, उमेश्वर उपाध्याय, अर्जुन कुमार, रंजीत कुमार और मदन प्रसाद जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## पंचायत सरकार भवन निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के चमुआ पंचायत में बन रहे पंचायत सरकार भवन निर्माण में भारी अनिमितता उजागर हुआ है। यहां निर्माण कार्य मे निर्माण एजेंसी द्वारा धड़ल्ले से लोकल बालू एवं अन्य घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इतना ही नही दीवार की चुनाई में भी कही कही लाल इट का प्रयोग किया गया है। यहां तक कि योजना स्थल पर को जिम्मेदार भी उपस्थित नही है। वही योजना स्थल पर किशोरी राम (सिपाही) ने बताया कि मुंशी तीन चार दिन पहले आये थे उसके बाद से नही आये है। सिपाही ने बताया कि निर्माण कार्य मे दीवार की चुनाई के लिए सफेद बालू का उपयोग किया जाता है और ढलाई के लिए पिला बालू का। वही सिपाही ने दीवार की चुनाई में माइसेम सीमेंट एवं ढलाई में अल्ट्राटेक सीमेंट का उपयोग करने की बात कही।जबकि विभाग का सख्त निर्देश है कि पंचायत सरकार भवन के निर्माण में सोन बालू एवं उच्च क्वालिटी का मेटेरियल का ही उपयोग करना है। लेकिन निर्माण एजेंसी के संवेदक की मनमानी के चलते सोन बालू के जगह पर लोकल सफेद बालू का उपयोग किया जा रहा है। सबसे बड़ी हैरानी की बात तो ये है कि निर्माण कार्य मार्च 2024 में शुरू हुई एवं सितंबर 2025 में पूर्ण भी होनी है। लेकिन निर्माण कार्य मे उपयोग होने वाले मेटेरियल पर किसी की नजर नही पड़ी। ऐसे में निर्माण कार्य के गुणवक्ता पर सवाल उठ रहा है। बता दे कि इस पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन (एलएईओ) द्वारा कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य मे तीन करोड़ 1164528,34 रुपये की प्राकलित राशि खर्च की जा रही है। स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन (एलएईओ) के एसडीओ नीरज कुमार ने बताया कि पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य में केवल सोन नदी के बालू का उपयोग करना है। स्थल पर अन्य बालू से कार्य होने की सूचना मिली है। संवेदक को तत्क्षण वहां से यह बालू हटाने का निर्देश दिया जा रहा है।

## प्रसूता की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड में शनिवार को एक प्रसूता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने हरिपकड़ी रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए घंटों जमकर हंगामा किया। मृतका की पहचान नौतन खुर्द पंचायत के वार्ड संख्या-4 निवासी जीवन साह की 37 वर्षीय पत्नी रानी देवी के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, रानी देवी दो दिनों से गर्भावस्था से जुड़ी समस्या को लेकर महिला चिकित्सक डॉ. जमुना देवी के क्लिनिक में इलाजरत थीं। शनिवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर क्लिनिक की ओर से उसे बेतिया रेफर कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि समय पर उचित इलाज न मिलने और देर से रेफर करने के कारण रास्ते में ही रानी



देवी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित परिजन शव को लेकर क्लिनिक पहुंचे और मुख्य गेट के सामने शव रखकर रोष प्रकट करते हुए जमकर हंगामा किया। परिजन क्लिनिक को बंद करने, संचालक पर प्राथमिकी दर्ज करने और क्लीनिक को सील करने की मांग पर अड़े रहे।सूचना मिलते ही मझौलिया थाना अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ दरोगा अंकित कुमार, अमित कुमार और भानु प्रकाश सिंह भी उपस्थित थे। परिजनों ने आरोप लगाया कि क्लिनिक के बोर्ड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुपम प्रसाद का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित है, जिससे शक होता है कि नर्सिंग होम स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में अवैध रूप से चल रहा है।इस मामले में डॉ. अनुपम प्रसाद ने स्पष्ट किया कि उनका इस क्लिनिक से कोई लेना-देना नहीं है और उनका नाम अवैध रूप से बोर्ड पर लिखा गया है। उन्होंने कहा कि वे क्लीनिक संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि परिजन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं। अब तक आवेदन नहीं मिला है, लेकिन जैसे ही आवेदन प्राप्त होगा, सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लगभग चार घंटे के प्रयासों के बाद परिजन शव को अंत्येष्टि के लिए घर ले जाने को तैयार हुए। स्थानीय लोगों और मृतक के परिजनों ने क्लिनिक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## नरकटियागंज में 88.07 प्रतिशत गणना प्रपत्र अपलोड

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड सभागार में शनिवार को मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर 03 नरकटियागंज विधानसभा के सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो के साथ ईआरओ सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान एसडीएम ने बताया कि अब तक करीब दो लाख 55747 मतदाताओं का गणना प्रपत्र एप्प पर अपलोड कर दिया गया हैं। हालांकि अभी भी 32 हजार 602 वोटर्स का प्रपत्र अपलोड होना बाकी है। उन्होंने बताया कि जिन लोगो ने अपना गणना प्रपत्र अपलोड नही कराया है उनका एक रिपोर्ट शुक्रवार को जिला में सभी पार्टी अध्यक्ष को दिया गया था। आज विधानसभा स्तर पर बैठक कर उनसे सहयोग की अपील की गई है ताकि वो लोग भी अपने स्तर से प्रेरित करे और निर्धारित समय के भीतर अपने प्रपत्र की भरकर जमा करे। बैठक के उपरांत एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि अब तक 88.07 प्रतिशत गणना प्रपत्र को अपलोड किया गया है। शेष प्रपत्र को 26 जुलाई से पहले अपलोड करना है। इसको लेकर किसी भी मतदाता को किसी तरह का संशय हो तो अपने बीएलओ तथा प्रखंड एवं अनुमंडल कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी योग्य मतदाता सूची से नही छुटे। इसको लेकर सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया है। बैठक में डीसीएलआर चंद्रशेखर कुमारन, बीडीओ सूरज कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन ओझा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश मणि तिवारी, मकबूल आलम, लोजपा नेता लक्ष्मीकांत तिवारी, माले नेता सुरेश द्विवेदी, संजय मुखिया आदि उपस्थित रहे।

## फांसी लगाकर दलित युवक ने की आत्महत्या, आपन सिवान के संस्थापक पहुंचे शोक-संवेदना जताने

### हर संभव मदद का दिया भरोसा, परिजनों से मिलकर बंधाया ढाढ़स

**जिरादेई (सिवान)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के तितरा गांव स्थित दलित बस्ती में एक हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। स्वर्गीय लक्ष्मण राम के पुत्र अखिलेश राम (उम्र लगभग 24 वर्ष) ने 16 जुलाई की सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई।



**आपन सिवान संस्थापक ने दिया पीड़ित परिवार को संबल**

घटना की जानकारी मिलने के बाद सामाजिक संगठन आपन सिवान के संस्थापक ई. प्रमोद कुमार मल्ल पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

**परिजनों के दर्द में शामिल हुए कई समाजसेवी**

इस अवसर पर आपन सिवान के संस्थापक ई. प्रमोद कुमार मल्ल के साथ रामदेव राम, तुलसी पंडित, दयाशंकर कुमार भारती, सुमित कुमार बैठा, संतोष राम, मुरारी भारती, रमेश कुमार एवं बृजेश मल्ल सहित कई स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने घटना को अत्यंत दुखद बताया और परिवार के प्रति संवेदना जताई।

**मामले की जांच की उठी मांग**

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से घटना की निष्पक्ष जांच कराने एवं पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अखिलेश राम काफी मिलनसार युवक था। उसकी आत्महत्या के पीछे की वजहों की गहराई से जांच होनी चाहिए।

**सामाजिक संगठनों से आगे आने की अपील**

ई. प्रमोद मल्ल ने क्षेत्र के सभी सामाजिक संगठनों से अपील की कि इस कठिन घड़ी में पीड़ित परिवार के सहयोग के लिए आगे आएं और युवाओं को मानसिक तनाव से बचाने के लिए समाज में जागरूकता फैलाएं।

## 54वां स्थापना दिवस और साइंस ब्लॉक का उद्घाटन समारोह 21 जुलाई को

### जेड. ए. इस्लामिया पी.जी. कॉलेज सीवान में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान होंगे मुख्य अतिथि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** जेड. ए. इस्लामिया पी.जी. कॉलेज, अहमद गनी नगर, सीवान में सोमवार, 21 जुलाई 2025 को 54वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन बड़े ही भव्य तरीके से किया जा रहा है। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में नए साइंस ब्लॉक का उद्घाटन भी किया जाएगा। समारोह की खास बात यह होगी कि बिहार के माननीय राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। राज्यपाल का आगमन कॉलेज प्रांगण में सुबह 11:30 बजे निर्धारित है। कॉलेज प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम संस्थान के इतिहास में एक गौरवशाली पल के रूप में याद किया जाएगा। कॉलेज के सचिव मोहम्मद जफर अहमद गनी और प्राचार्य डॉ. मोहम्मद इदरीश आलम ने संयुक्त रूप से बताया कि यह दिन हमारे लिए केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि ज्ञान, परंपरा और आधुनिकता के संगम का प्रतीक है।




**ज्ञान और नवाचार का संगम बनेगा साइंस ब्लॉक**

कॉलेज परिसर में निर्मित नया साइंस ब्लॉक विद्यार्थियों के लिए आधुनिक प्रयोगशालाओं और उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाओं से सुसज्जित होगा। यह ब्लॉक विज्ञान के क्षेत्र में शोध और व्यावहारिक शिक्षा के नए द्वार खोलेगा।

**शिक्षा की मजबूत नींव पर आगे बढ़ता इस्लामिया कॉलेज**

जेड. ए. इस्लामिया पी.जी. कॉलेज, बीते 54 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना परचम लहराता आ रहा है। संस्थान ने न सिर्फ अकादमिक स्तर पर बल्कि सामाजिक जागरूकता और नेतृत्व के क्षेत्र में भी कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

**समारोह में आमंत्रित हैं सभी गणमान्य नागरिक**

कॉलेज प्रशासन ने सभी शिक्षाविदों, पूर्व छात्रों, स्थानीय बुद्धिजीवियों और जनप्रतिनिधियों से इस आयोजन में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की है। कार्यक्रम की सफलता के लिए कॉलेज के प्रबंधन, कर्मचारी और छात्रगण दिन-रात तैयारी में जुटे हुए हैं।

## प्रशांत किशोर सीवान में करेंगे संवाद, जन सुराज बिहार बदलाव यात्रा का होगा आयोजन

### होटल दी रॉयल पार्क में 20 जुलाई को प्रबुद्ध जनों की बैठक, सभी आमंत्रित

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर अब जन सुराज बिहार बदलाव यात्रा के अंतर्गत सीवान पहुंचने वाले हैं। इस क्रम में सीवान नगर परिषद क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वे सीवान के प्रबुद्ध नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए अधिवक्ता इष्ट देव तिवारी, सदस्य, बिहार राज्य कोर कमेटी, जन सुराज, पटना ने बताया कि यह संवादात्मक बैठक सीवान के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहाँ जनता सीधे प्रशांत किशोर जी से विचार-विमर्श कर सकेगी।



**बैठक का विवरण इस प्रकार है –**

तारीखः 20 जुलाई 2025, रविवार
समयः शाम 7:30 बजे
स्थानः होटल दी रॉयल पार्क, हुसैनी मोड़, डाक्टर्स कॉलोनी, बिंदुसार बुजुर्ग रोड, सीवान

अधिवक्ता इष्टदेव तिवारी ने सभी जागरूक नागरिकों से अपील की है कि वे इस बैठक में भाग लें और बिहार में बदलाव की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उनका कहना है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और मौलाना मजहरूल हक की इस पावन धरती से एक बार फिर बदलाव की शुरूआत की जा सकती है। जन सुराज के इस प्रयास का उद्देश्य जनता के अधिकारों को केंद्र में रखते हुए बिहार को एक नई दिशा प्रदान करना है।

## प्रधान शिक्षक व प्रधानाध्यापक नियुक्ति पत्र वितरण आज, सभी आवश्यक तैयारियां पूरी

### आरडीडीई व डीपीओ ने कैंपस का किया निरीक्षण, छह काउंटरों पर होगा वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा (सारण)।** डीआरसीसी कैंपस में रविवार को होने वाले प्रधानाध्यापक व प्रधान शिक्षक के नियुक्ति पत्र वितरण की सभी तैयारियां कर ली गई है। शनिवार की देर शाम क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक (आरडीडीई) राजदेव राम व स्थापना डीपीओ धनंजय कुमार पासवान ने कैंपस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आरडीडीई ने सभी छह वितरण काउंटरों एवं शेड्यूल की जानकारी ली। डीपीओ ने बताया कि सुरक्षा व अनुशासन को ध्यान में रखते हुए विशेष निर्देश दिए गए हैं।





अभ्यर्थियों के साथ परिजनों को कैंपस में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। केवल अभ्यर्थी ही एडमिट कार्ड व आधार कार्ड के साथ कैंपस में प्रवेश करेंगे। कैंपस में लगाए गए शेड्यूल और रोल नंबर की सूची देखकर अभ्यर्थी संबंधित काउंटर पर जाएंगे। रोल नंबर और नाम के सत्यापन के बाद नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। पांच काउंटरों पर दो-दो लिपिकों की तैनाती की गई है, जहां प्रधान शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरित होंगे, जबकि एक अलग काउंटर से प्रधानाध्यापकों के पत्र दिए जाएंगे। आरडीडीई ने कैंपस की तैयारियों पर संतोष जताते हुए कहा कि वितरण प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी व शांतिपूर्ण बनाने के लिए पूरी टीम तैयार है। इस मौके पर आरडीडीई कार्यालय के प्रधान लिपिक मनोज कुमार, स्थापना डीपीओ कार्यालय के प्रधान लिपिक निरोज कुमार, विवेक कुमार, शैलेन्द्र पासवान समेत अन्य मौजूद थे।

# अनियोजित निर्माण से बदरंग हुआ हुलासगंज का ऐतिहासिक उच्च विद्यालय





## बेतरतीब निर्माण और अतिक्रमण से सिमटा विद्यालय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** भारत छोड़ो आंदोलन के देशव्यापी संघर्ष और स्वदेशी शिक्षा की संकल्पना की सोच से जन्मा हुलासगंज उच्च विद्यालय जिसकी स्थापना 1 जनवरी 1943 को हुई थी। 13 एकड़ भूमि में हुलासगंज बाजार के दक्षिणी छोर पर स्थापित इस विद्यालय की ख्याति पहले दूर-दूर तक होती थी। सुव्यवस्थित विद्यालय की संरचना, उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था और कुशल शिक्षक के निर्देशन के कारण यहां के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में अपनी ख्याति अर्जित की। शायद इन्हीं कारणों से इस विद्यालय को पहले मगध का नेतरहाट भी कहा जाता था। जिले के चुनिंदा विद्यालयों में शुमार इस विद्यालय को वर्ष 2008 में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ। ऐतिहासिक और उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था के रूप में पहचान रखने वाला यह विद्यालय अपनी स्थापना के 82 वर्ष बाद अपनी दुर्दशा पर आज आंसू बहा रहा है। जर्जर भवन, टूटी चारदिवारी, बेतरतीब और अनियोजित विद्यालय की भौतिक संरचना तथा शिक्षक और बुनियादी सुविधाओं का अभाव अब यही इस विद्यालय की पहचान बनकर रह गई है। अनियोजित निर्माण से उपयोगिता खोता जा रहा है विद्यालय - 13 एकड़ में फैले इस विद्यालय में पहले खेल का मैदान भी ऐतिहासिक और समृद्ध था। धीरे-धीरे उसे घेराबंदी कर स्टेडियम का रूप दे दिया गया। इसके दूसरे छोर पर मध्य विद्यालय और कस्तूरबा गांधी विद्यालय की स्थापना भी इसी परिसर में की गई। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन के रूप में हाई स्कूल के मुख्य भवन से दूर वर्ष 2011 में नए भवन का निर्माण किया गया लेकिन उद्घाटन के पहले ही भवन जीर्णशीर्ण होकर खंडहर में तब्दील हो गया। पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार के सांसद निधि से 8 कमरों का दो मंजिला भवन भी मुख्य विद्यालय भवन से अलग बनाया गया लेकीन इस भवन की उपयोगिता आज तक सिर्फ टूटे फूटे फर्नीचर, और मलवा रखने के लिए हुआ है। विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार से सड़क ढलाई कर आम रास्ता का निर्माण कर दिया गया जिससे विद्यालय के जमीन दो भागों में विभक्त होकर रह गया। जिसमें बगल के गांव के किसान द्वारा विद्यालय प्रशासन की सहमति से खेती की जाती है। हालांकि खेती के लिए दिए गए विद्यालय की भूमि से प्राप्त होने वाले राजस्व को विद्यालय विकास मद में कभी जमा नहीं किया गया। हाल में ही पुस्तकालय भवन का निर्माण भी एक अलग ब्लॉक के रूप में विद्यालय परिसर में किया गया है। देखा जाए तो पहले से ही अवस्थित निर्माण ने इस विद्यालय का स्वरूप को बदरंग बना दिया है। मौजूदा भवन संरचना ,शौचालय, खेल मैदान, प्रार्थना सभा और सामुदायिक उपयोग के स्थान अव्यवस्थित और छिन्न भिन्न करके रख दिया है। विद्यालय का हरित क्षेत्र जिसमें पहले आम का बगीचा और कई अन्य विशालकाय पेड़ थे आज उसके जगह पर शीशम के सूखे पेड़ कहीं कहीं नजर आते हैं। चारों तरफ से टूटी चाहरदिवारी और आम रास्ता के साथ दिनभर विद्यालय के संचालन के समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा विद्यालय परिसर में लगा रहता है। आए दिन विद्यालय में पढ़ने वाले छात्राओं से छेड़खानी ,अभद्रता और मारपीट की घटनाएं घटती है इसके बावजूद पास में ही स्थापित थाना या विद्यालय प्रशासन द्वारा कोई सख्त कदम अब तक कभी नहीं उठाया गया है। आसपास के गांव के आवारा और नशा के लत के शिकार युवा दिन भर यहां अभद्र व्यवहार के नशा पान करते नजर आते हैं। वर्तमान समय में इस विद्यालय में 2000 से अधिक छात्र-छात्राओं का नामांकन विभिन्न कक्षाओं में है लेकिन इनमें आधे संख्या में छात्रों के बैठने की व्यवस्था नहीं है। साथ ही पर्याप्त संख्या में कक्ष भी नहीं है। शिक्षा विभाग और सरकार के निर्देश के बाद अब देखना होगा कि विद्यालय का भौतिक और शैक्षणिक वातावरण में कितना परिवर्तन आता है।

## 125 यूनिट बिजली मुफ्त गरीब कल्याण के लिए ऐतिहासिक कदम

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार में 125 यूनिट बिजली मुफ्त करने पर भाजपा नेता आदित्य श्रीवास्तव ने एनडीए सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि गरीब कल्याण के लिए यह एक और ऐतिहासिक कदम है। एनडीए सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार के लोगों को बड़ी सौगात मिली है । उन्होंने बताया कि बिहार में 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। एनडीए सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है। इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। इसके साथ ही अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा। इस ऐतिहासिक निर्णय से बिहार की जनता को काफी राहत हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एनडीए सरकार गरीब कल्याण के लिए संकल्पित है। बिहार की जनता बिहार के चौमुखी विकास को देखते हुए आगामी 2025 की विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनाएगी। बिहार नई प्रगति के आयाम को छूएगा।

## मखदुमपुर पोस्ट ऑफिस में चोरी के बाद कामकाज ठप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता मखदुमपुर (जहानाबाद )।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना के सामने पोस्ट ऑफिस में कुछ दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने गेट के दरवाजा का ताला तोड़ कर पोस्ट ऑफिस से कई आवश्यक सामान की चोरी कर चोर ले भागे थे। साथ ही चोरों ने पोस्ट ऑफिस से नेटवर्किंग का राउटर को भी अपने साथ ले गए थे। अब जबकी चोरी की घटना के 10 दिनों से अधिक बीत जाने के बाद भी उप डाकघर में पैसे निकासी एवं जमा करने का काम नही हो रहा है। इस आशय की जानकारी देते हुए पोस्ट ऑफिस के पोस्ट मास्टर अर्जुन राम ने बताया कि नेटवर्किंग राउटर की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपया है। जो खरीद कर पोस्ट ऑफिस में आ गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### खेत के विवाद में खूनी संघर्ष : पिता को जख्मी कर बेटे को मारी गोली

**जहानाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र के मिस्टरगंज गांव में शनिवार को जमीन के पुराने विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। इस घटना में चचेरे गोतिया दादा ने पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पिता उमेश यादव को तेज धारदार हथियार से गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया, जबकि उनके बेटे राजीव कुमार को गोली मार दी गई।घटना के तुरंत बाद परिजनों ने गंभीर रूप से घायल राजीव को आनन-फानन में सदर अस्पताल, जहानाबाद पहुंचाया, जहां युवक का इलाज जारी है। उमेश यादव का भी प्राथमिक उपचार किया गया है। दोनों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस हमलावर की तलाश में जुटी है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, वहीं पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए गांव में अतिरिक्त बल की तैनाती की है।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, खेत की मेड़ और हिस्सेदारी को लेकर वर्षों से विवाद चला आ रहा था, जो शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया।



### वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन को लेकर अंबा में जनसंपर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता अंबा औरंगाबाद।** वैश्य चेतना समिति के प्रदेश अध्यक्ष ई. सुरेंद्र साहू के नेतृत्व में वैश्य चेतना रथ शनिवार को पटना से चल कर अंबा पहुंची। जहां वैश्य समाज के लोगों ने उसका जोरदार स्वागत किया और आगामी 20 जुलाई को औरंगाबाद के सम्राट अशोक भवन में होने वाली वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अंबा में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के पश्चात बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार तथा संचालन पंचायत समिति प्रतिनिधि कंचन गुप्ता ने किया। इस दौरान ई.साहू ने कहा कि बिहार में वैश्य समाज की 32 उप-जातियां हैं। प्रदेश में वैश्य समाज का 18 प्रतिशत वोट होने के बावजूद हमारा समाज राजनीतिक रूप से उपेक्षित है।उन्होंने 20 जुलाई को औरंगाबाद के वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन में पहुंच कर अपनी एकजुटता दिखाने की अपील की। इस अवसर पर समिति के प्रदेश संयुक्त सचिव कर्मू शाह केशरी, संजय गुप्ता, श्रवण गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, अजय गुप्ता, युवा अध्यक्ष प्रशांत राज, निशांत राज, शिव शंकर गुप्ता आदि उपस्थित रहें।



### कृषक गोष्ठी एवं नीम पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**रफीगंज/औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के डाक बंगला स्थित इफको बाजार केंद्र पर शनिवार को इफको द्वारा कृषक गोष्ठी कार्यक्रम एवं नीम पौधा कार्यक्रम (एक पेड़ मां के नाम) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इफको क्षेत्रीय अधिकारी नवनीत कुमार सिंह, इफको बाजार केंद्र प्रभारी अभिषेक पाठक, इफको के कर्मचारी राज पाठक, राहुल कुमार ,विक्रम कुमार सहित लगभग 50 किसान उपस्थित रहे। इफको क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा नैनो यूरिया तरल, नैनो डीएपी, सागरिका एवं इफको अन्य उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई और बताया कि इफको नैनो यूरिया का अपने अपने खेतों में ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने से मिट्टी का उर्वरक शक्ति बढ़ेगी और अच्छी उपज भी होगी।साथ ही नीम पौधारोपण के दौरान नीम पौधा का पर्यावरण पर प्रभाव की जानकारी दी गई और कहा गया है सभी लोग कम से एक पौधा अपने मां के नाम पर जरूर लगाएं। इससे वातावरण शुद्ध और संतुलित रहता है। साथ ही पौधारोपण करते हुए किसानों के बीच पौधे का वितरण भी किया गया।इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह,सरपंच दयानंद प्रसाद दांगी, पैक्स अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, मुखिया विजय कुमार सिंह,लूटन सिंह, बिमलेश पासवान,नागेंद्र शर्मा, अरविंद कुमार, जेपी सिंह, मो सलीम, मुन्नी लाल वर्मा, अमित कुमार , विनोद यादव, कृष्णा दास उपेंद्र यादव के साथ अन्य दर्जनों किसान मौजूद रहे।



## मेयर सीता साहू का अपमान नहीं सहेगा वैश्य समाज : अकेला

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना नगर निगम के लोकप्रिय नेत्री एवं लगातार दो बार से मेयर पद को सुशोभित कर रहीं वैश्य समाज की आन बान शान माननीया सीता साहू जी का अपमान वैश्य समाज सहन नहीं करेगा और इसका जबरदस्त प्रतिक्रिया देगा। उपरोक्त बातें औरंगाबाद वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक एवं लोजपा (रा) के प्रदेश सचिव सह रोहतास जिला के प्रभारी विजय कुमार अकेला ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा। अकेला ने कहा कि उनके तथाकथित राजनीतिक विरोधी, जो उन्हें चुनाव में शिकस्त नहीं दे सकें,फालतू के झूठे आरोप एवं मुकदमा कर उन्हें अपमानित व परेशान करना चाहते हैं। जबकि वें पटना के एक लोकप्रिय नेत्री के साथ-साथ समाज की एक कर्मठ कार्यकर्ता भी हैं। रात्रि में उनके घर में पुलिस प्रशासन द्वारा घर की तलाशी लेना दुर्भाग्यपूर्ण है। उनके पुत्र के खिलाफ जो फर्जी मुकदमा दायर किया गया है उसमें अभी न्यायालय ने गिरफ्तारी का आदेश भी नहीं दिया है। उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में पुलिस प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा था कि किसी के खिलाफ कोई एफ.आई.आर के लिए आवेदन दे देता है तो उसे बिना वरीय पदाधिकारी के पर्यवेक्षण एवं उनकी गिरफ्तारी के आदेश के बाद हीं गिरफ्तारी जैसा कार्य किया जाना चाहिए, उनके पुत्र शिषिर कुमार के मामले में ऐसा नहीं किया गया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

## जहानाबाद के लोदीपुर गांव में आपसी विवाद में हुई गोलीबारी की घटना में बच्ची घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जिले के सदर प्रखंड के कड़ौना थाना क्षेत्र अंतर्गत लोदीपुर गांव में आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। फाइनेंस कंपनी द्वारा ऑटो जब्त किए जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष की ओर से गोली चला दी गई। इस गोलीबारी में एक मासूम बच्ची सुमन कुमारी घायल हो गई। उसे इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के एक व्यक्ति ने फाइनेंस कंपनी से ऑटो लिया था, लेकिन समय पर किस्त नहीं चुकाने के कारण कंपनी द्वारा ऑटो उठा लिया गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट और फिर गोलीबारी में तब्दील हो गई। इस दौरान गोली चलने की घटना में सुमन कुमारी नामक बच्ची को पैर में गोली लगी, जो इस वक्त अस्पताल में भर्ती है। बच्ची की मां तिलकमणि देवी ने आरोप लगाया है कि गोली राकेश कुमार के बेटे ने चलाई थी। गोलीबारी की घटना में घायल सुमन कुमारी की मां तिलकमणि देवी ने बताया कि हम लोग बाहर खड़े थे, तभी झगड़ा होने लगा। लोग जमा हो गए और अचानक गोली चली जो मेरी बेटी को लग गई। गोली राकेश कुमार के बेटे ने चलाई थी। मेरी बेटी को न्याय मिले, यही मेरी मांग है।घटना की सूचना मिलते ही कड़ौना थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।पुलिस का कहना है कि दोषियों को चिन्हित कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है।

## शिवगंज को प्रखंड बनाने की मांग तेज



**मदनपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मदनपुर के शिवगंज को एक नए प्रखंड बनाने की मांग वर्षो से की जा रही है। अब मांग तेज हो गई है। मदनपुर प्रखंड का क्षेत्रफल बड़ा होने के कारण प्रखंड मुख्यालय में आने में परेशानी के साथ आर्थिक रुप से भी नुकसान का सामना करना पड़ता है। जब वार पंचायत के मुखिया व पहरपुरा निवासी स्व. जीतेन्द्र कुमार सिंह थे, तब उन्होंने वार पहरपुरा को प्रखंड बनवाने की आवाजें उठाई थी। वे संघर्ष के बल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना कराई थी। जहां चिकित्सक से लेकर स्वास्थ्य कर्मी नियमित रुप से कार्य करते हैं। शिवगंज को प्रखंड का दर्जा दिलाने के लिए आम जनता द्वारा समय समय पर उठाते रहे हैं। शिवगंज को एरकीकला, दधपी, वार, चेईनवादा एवं घोडाडीहरी पंचायत को मिला कर प्रखंड बनाया जा सकता है। पांच पंचायत का प्रखंड हो ताकि विकास तेजी से हो सके। लोगों का परेशानी कम होगा। सामाज सेवी मुंशी प्रसाद मेहता, प्रो दिनेश प्रसाद, गोखुल सिंह, मुरारी कुमार सोनी, भिखारी प्रसाद, अनिल कुमार मेहता, रामेश्वर कुमार रौशन, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रामसुंदर यादव उर्फ लंबु यादव, वीरेन्द्र यादव, अजय कुमार ठाकुर, अखिलेश चंद्रवंशी, बुटा साव , संजय रवानी सहित अन्य लोगों का कहना है कि शिवगंज एनएच - 19 पर बसा है। मदनपुर प्रखंड मुख्यालय से 12 कि.मी. की दूरी पर शिवगंज है। ये सभी पंचायतों के मध्य में पड़ता है। जहां लोग आसानी से प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर अपनी समस्या का समाधान करा सकेंगे। शिवगंज में ही सरकारी पशु अस्पताल स्थित है। कई अन्य सरकारी विभागों का अस्थाई कार्यालय भी है।

## कुटुंबा के प्रभारी बीइओ की मनमर्जी से त्राहिमाम कर रहे शिक्षक



**अंबा औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कुटुंबा प्रखंड के प्रभारी बीईओ शिशिर कुमार रंजन की मनमजी से सरकारी व निजी विद्यालयों के शिक्षक त्राहिमाम कर रहे है। बीईओ की तानाशाही के विरुद्ध बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेल्फेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अजय पांडेय ने डीएम व डीईओ से शिकायत की और प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शिशिर कुमार रंजन नियमों की अनदेखी कर आवश्यक कार्यों का उलझा रहे हैं। वे निजी स्कूलो के यू-डायस अपडेट व रिन्यूअल कार्य के निष्पादन में अनावश्यक रूप से विलंब कर रहे है। वहीं ससमय पोर्टल पर डेटा अपडेट एवं एविडेंस रिन्यूअल नहीं होने से बच्चो के भविष्य पर भी संकट मंडरा रहा हैं। संघ सदस्य विजय कश्यप, रिंकू सिंह, दिलीप गुप्ता व गजेंद्र सिंहा आदि ने बताया कि बार-बार प्रभारी बीईओ से संपर्क करने के बावजूद यू-डायस प्रपत्र पर हस्ताक्षर कराना मुश्किल हो गया है। एक तरफ बीईओ बीआरसी कार्यालय आते नहीं है और जब भी उनसे मुलाकात हो जाता है तो वे जानकारी नहीं होने या वरीय अधिकारियों से बात करने का बहाना बना कर टाल मटोल कर देते हैं। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के तहत संचालित विद्यालय के संचालकों ने अपने स्कूल के आवश्यक दस्तावेज निर्धारित समय के अंदर जमा करा दिए हैं।

## हुलासगंज बाजार में स्थित बुढ़वा महादेव की है महिमा अपरंपार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले से 25 किलोमीटर पूरब हुलासगंज प्रखंड मुख्यालय में स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (वर्तमान में स्टेडियम) के मैदान में 500 वर्ष पहले शिवलिंग की स्थापना सूरजपुर गांव के किसी व्यक्ति के द्वारा किया गया था। जिसे स्थानीय लोग बुढ़वा महादेव के नाम से जानते हैं। बुढ़वा महादेव की महिमा अपरंपार मानी जाती है । सावन के दिनों में आसपास के कई गांव के लोग विशेष आस्था के साथ यहां भोलेनाथ को जल अर्पित करते हैं। यहां साधारण मंदिर में स्थापित शिवलिंग का स्वरूप और महात्म्य अद्वितीय माना जाता है।

***मंदिर का इतिहास***

यहां स्थापित शिवलिंग लगभग 500 वर्ष पहले का बताया जाता है। बताया जाता है कि हाई स्कूल के स्थापना के समय तत्कालीन प्रधानाध्यापक रामेश्वर बाबू पूरे वर्ष शिवलिंग को जलाभिषेक करके ही विद्यालय में प्रवेश करते थे। प्रचलित कथा के अनुसार यहां स्थापित शिवलिंग को नाग साक्षात अपने फन से ढंककर रखता था तथा आने जाने वाले लोगों को पूजा के लिए कोई व्यवधान नहीं करता था। नाग देवता को लोग दूध पिलाते लेकीन इससे किसी व्यक्ति को कोई डर नहीं लगता। सूरजपुर गांव के बुजुर्ग सियाराम शर्मा बताते हैं कि बुढ़वा महादेव को जलाभिषेक करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। श्रद्धालु अपनी मनोकामना का मन्नत लेकर बड़ी संख्या में जलाभिषेक करने के साथ-साथ रुद्राभिषेक भी करने भी यहां आते हैं। यहां आने वाले हर एक श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण होती है। श्रद्धालुओं के द्वारा ही यहां पर मंदिर का निर्माण कराया गया है।




***मंदिर की विशेषता***

यहां स्थापित शिवलिंग शिल्प कला के दृष्टिकोण से अद्वितीय है। शिव लिंग का पत्थर काफी चिकना और काले पत्थर का प्रतीत होता है। स्थानीय बाजार के कमेटी के द्वारा मंदिर के रखरखाव की व्यवस्था की गई है। उत्तर भारत में शैव मत के लोगों की अधिकता के साथ इस क्षेत्र में कई प्रसिद्ध शिव मंदिरों का इतिहास है जिसे आपस में जोड़ने की जरूरत है।

1- स्थानीय ग्रामीण और मंदिर के व्यवस्थापक राजेंद्र गुप्ता उर्फ विधायक जी बताते हैं कि यहां स्थापित शिवलिंग प्राचीन होने के साथ-साथ मनोकामना सिद्धि के लिए भी विख्यात हैं। यहां स्थापित शिवलिंग के प्रति श्रद्धालुओं की बड़ी आस्था है।माना जाता है कि हर संकट और आपदा से बुढ़वा महादेव लोगों की रक्षा करते हैं।

2- मंदिर के पुजारी राजेश पाण्डेय बताते हैं कि यहां स्थापित शिवलिंग प्राचीन होने के साथ-साथ काफी मान्यता है। यहां सच्चे मन से आने वाले हर श्रद्धालुओं की इच्छा भोलेनाथ पूर्ण करते हैं। महिलाएं यहां सप्ताह में 2 दिन पूरे वर्ष शिव चर्चा करने के लिए इकट्ठा होती हैं।

## बीएलओ बनी शबनम खातून घर-घर जाकर वोटर कार्ड अपडेट का संभाल रही जिम्मा

### छोटी दीदी के नाम से प्रचलित शबनम सबके काम में कर रही सहयोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के काको नगर परिषद के वार्ड संख्या 13 में चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची सुधार कार्यक्रम को लेकर बीएलओ शबनम खातून दिन-रात मेहनत कर रही हैं। जिलेभर में चल रहे इस व्यापक अभियान के तहत वोटर कार्ड में संशोधन, सुधार एवं नामांकन कार्य किया जा रहा है। बीएलओ शबनम खातून, जिन्हें स्थानीय लोग प्रेम से छोटी दीदी कहकर पुकारते हैं, ने बताया कि उन्हें बूथ संख्या 59 का दायित्व सौंपा गया है और वे हर घर जाकर फॉर्म बांटने और भरवाने का कार्य पूरी जिम्मेदारी से कर रही हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि बीएलओ शबनम स्वयं उनके घर आकर फार्म देती हैं, दस्तावेजों की पूरी जानकारी समझाती हैं, और जो लोग खुद से फॉर्म नहीं भर पाते, उनका फॉर्म भी वह खुद पूरे तत्परता से भरती है। इसी वार्ड के एक निवासी ने बताया कि हम लोग तो कुछ समझ नहीं पा रहे थे, लेकिन छोटी दीदी (बीएलओ) ने आकर हमें बताया कि कौन-कौन सा कागज लगेगा और कैसे फॉर्म भरना है। उन्होंने खुद हमारे घर पर बैठकर फॉर्म भरा और फिर बाद में जमा करने भी आई।एक अन्य बुजुर्ग ने बताया कि "पहले कोई नहीं आता था, लेकिन इस बार हमारी मोहल्ले में बीएलओ लगातार आ रही हैं, कई बार तो सुबह से शाम तक हर गली में घूमते वह दिख जाती है। जिनके घरों में लोग नहीं मिलते, वहां बार-बार जा रही है। इस संबंध में शबनम ने बताया कि मुझे यह जिम्मेदारी जिलाधिकारी के आदेश पर मिली है और मेरा यह पूरा प्रयास है कि हर व्यक्ति तक मैं खुद पहुंचूं, उन्हें सही जानकारी दूं और उनका फॉर्म समय से भरवा सकूं।उन्होंने बताया कि वे स्थानीय निवासी हैं, इसलिए मोहल्ले के लोगों से संवाद करने में उन्हें आसानी हो रही है और लोग भी सहयोग कर रहे हैं। अब तक वे आधे से अधिक घरों में फॉर्म बांट चुकी हैं और कई घरों से फॉर्म वापस भी ले चुकी हैं। उन्होंने कहा कि कुछ घर बंद मिलते हैं या कुछ लोग बाहर चले गए हैं, ऐसे में थोड़ी दिक्कतें आती हैं, लेकिन फिर भी वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से काम कर रही हैं। गौरतलब है कि बिहार समेत पूरे देश में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में सुधार के लिए दस्तावेजों के साथ फॉर्म 6, 7, 8 भरवाने का काम बीएलओ के माध्यम से किया जा रहा है। इस बार समय कम है और काम ज्यादा, ऐसे में बीएलओ की भूमिका बेहद अहम हो गई है।स्थानीय निवासियों ने बीएलओ शबनम खातून की सराहना करते हुए कहा कि यदि सभी बीएलओ ऐसे ही जिम्मेदारी से कार्य करें, तो वोटर कार्ड की त्रुटियों को 100 फीसदी सुधारा जा सकता है।

## प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्रों द्वारा 61 क्षय रोगियों के बीच खाद्य सामग्री वितरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद।** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति ने जी.एन.एम. शिक्षण संस्थान, जहानाबाद में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन, अल्ट्रासाउंड एसोसिएशन, एवं ऑल इंडिया मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन, जहानाबाद के संयुक्त सौजन्य से जिले के कुल 61 इलाजरत क्षय रोगियों को निक्षय मित्रों द्वारा फूड बास्केट वितरित किया गया।प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत माननीय राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 9 सितंबर 2022 को शुरू किए गए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य क्षय रोगियों को पोषण, सहयोग एवं सामाजिक भागीदारी से उपचार में सहायता प्रदान करना है।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति ने आम नागरिकों, जन प्रतिनिधियों, गैर-सरकारी संगठनों एवं कॉरपोरेट संस्थानों से निक्षय मित्र के रूप में आगे आकर क्षय रोगियों की सहायता करने का आग्रह किया।

CMYK

# बाढ़ आपदा घोषित करने और ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर एसएच किया जाम

## छह तटबंध टूटे, 30 गांव बाढ़ की चपेट में, देवधा में स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र में घुसा पानी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना गया स्टेट हाईवे 1 पर धनरूआ थाना क्षेत्र के सेवधा मोड़ के पास शनिवार की दोपहर कई गांव के ग्रामीणों ने सड़क पर टायर जलाकर आगजनी करते हुए घंटो सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। जहां इस प्रदर्शन मामले में कुशवन गांव में ट्रांसफार्मर बदलने एवं धनरूआ प्रखंड में के छह पंचायतो में आए हुए बाढ़ के पानी से हुए क्षति को लेकर पूरे इलाकों को बाढ़ आपदा क्षेत्र घोषित करते हुए बाढ़ पीड़ितों को राहत कार्य दिलाने की मांग को लेकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करते नजर आए। सड़क जाम के बाद घंटों यातायात बाधित रहे। घटना की सूचना मिलते ही धनरूआ पुलिस की टीम और अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी मौके पर पहुंची जहां पर कुशवन गांव में अविलंब ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया गया। इसके अलावा उन्होंने आश्वस्त किया कि जहां-जहां बाढ़ का पानी से क्षति हुई है उनका आकलन किया जा रहा है और सरकार को यह रिपोर्ट भेजी जाएगी जैसे ही बाढ़ आपदा क्षेत्र घोषित होगी सभी पंचायत स्तर पर चिन्हित कर बाढ़ पीड़ितों को सरकारी मुआवजा दिया जाएगा, विरोध प्रदर्शन मे भाकपा माले नेता निरंजन वर्मा, रामजीवन पासवान, रंजय बिन्द, सिद्धेश्वर दास, बबलू चौधरी, पप्पू चौधरी, नागरसिंग पासवान, रिता देवी, सुजंता देवी, मुन्नी देवी, सिद्धेश्वर साव, मजदूर किसान छात्र नौजवान महिला अन्य ग्रामीण सैकड़ों जनता मौजूद रहे।

### टूटे तटबंधों को दुरुस्त करने में जुटा प्रशासन

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के कई पंचायत में आए बाढ़ के पानी से सबसे ज्यादा किसानों को क्षति हुआ है इसके अलावा कई तटबंध भी टूट चुके थे। तटबंध टूटने से सैकड़ो एकड़ में लगे हुए किसानों की फसल का भारी नुकसान हुआ है, ऐसे में टूटे हुए तटबंधों को दुरुस्त करने में प्रशासन युद्धस्तर पर जुटा हुआ है। बताया जाता है कि पूरे प्रखंड के प्रभावित पांच पंचायतों मे छह जगहों पर तटबंध टूटे थे, जहां युद्धस्तर पर बैग पीचिंग और कटावरोधी कार्य किया जा रहे हैं। बरहमपुर पंचायत में कररूआ नदी मे आये बाढ के पानी से अरमल और छोटकी सिम्हाडी एवं दरधा नदी में आये बाढ के पानी से देवदाहा पंचायत में दरियापुर, सेवधा बीघा, वीर एवं सीताचक में तटबंध मरम्मती कार्य किया जा रहा हैं। सबसे ज्यादा दरियापुर के तटबंध मरम्मती करने मे समय लग रहा है। जहां तकरीबन डेढ़ सौ फीट तटबंध टूट चुके थे, जिसका तटबंध दुरुस्त करने में कार्य चल रहा है। अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि बाढ़ को लेकर 5 नाव की ब्यवस्था की गई हैं। बाढ़ से हुई क्षति का आकलन पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। बाढ़ आपदा घोषित होने पर सभी बाढ़ पीड़ितों को सरकारी सहायता दी जाएगी फिलहाल सभी जगह पर टूटे हुए तठबंधो को दुरुस्त किया जा रहा है।

## धनरूआ के चकजिया गांव में फैला डायरिया, एसडीएम ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पिछले एक सप्ताह से धनरूआ प्रखंड के देवधा पंचायत के चकजिया गांव में डायरिया फैलने से दहशत का माहौल है। खबर मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनरूआ की टीम मौके पर पहुंची जहां मरीजों का इलाज किया जा रहा है। वहीं शनिवार को एसडीएम अभिषेक कुमार, अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी और मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार की टीम संक्रमित गांव में पहुंचे हैं और डायरिया पीडितो के चल रहे इलाज का पूरी तरह से जानकारी लिया है। बताया जाता है कि पिछले एक सप्ताह से डायरिया फैला हुआ है। इधर बाढ़ के पानी आने से रास्ता पर पानी आने से मेडिकल टीम नहीं आई है मेडिकल टीम को निर्देशित किया गया है कि कैंप करके सभी मरीजों का इलाज करे, इसके अलावा बाढ़ पीड़ित गांव में लगातार डायरीया पीड़ित की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया है। मेडिकल टीम के साथ पहुंचे डॉक्टर मनोज कोहली ने बताया कि पूरे गांव में तकरीबन 11 लोक संक्रमण का शिकार हुए थे, वे सभी ठीक है। दो लोगों का इलाज पटना में चल रहा है, बाकी अन्य लोग अभी खतरे से बाहर हैं। सबो के बिच दवाई का वितरण किया जा रहा है। बहरहाल डायरिया संक्रमण में निर्मला देवी पति शैलेश प्रसाद, रौशन कुमार पिता राकेश प्रसाद, सिंपी कुमारी पिता रंजीत प्रसाद, सुशीला देवी पति उमेश प्रसाद, रईस कुमार प्रियांशु कुमार पिता विश्वकर्मा प्रसाद, गौरी देवी पति पंकज कुमार, कीर्ति कुमारी सोनी कुमारी, अनु कुमारी पिता अखिलेश प्रसाद आदी है।

## नल-जल की पानी टंकी बनी शोभा की वस्तु

### पांच साल बीत गए पर नल से जल नहीं हुआ नसीब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल जल मसौढ़ी के ग्रामीण इलाकों में यह सपना अभी भी अधूरा है। आज भी कई ऐसे गांव हैं जहां पर नल जल के नाम पर कहीं टंकी लगी है तो कहीं नल लगा है लेकिन नल से जल नसीब नहीं हो रहा है। ऐसा ही उदाहरण मसौढ़ी प्रखंड के दौलतपुर पंचायत के सर्फाबाद बलियारी गांव में देखा गया है। जहां पर नल जल का टंकी लगे हुए 5 साल हो गए हैं। बावजूद हर घर में नल से जल नसीब नहीं हो पाया हैं। जिसको लेकर गांव के लोग काफी परेशान हैं और पानी के लिए इधर-उधर मगजमारी करनी पड़ रही है। जिसको लेकर एक बार फिर से



स्थानीय लोगों में गुस्सा पनपने लगा है। सर्फाबाद बलियारी की वार्ड नंबर 12 में तकरीबन 2500 आबादी है जहां पर सभी गांव के लोग आक्रोशित हैं। यह नल जल शोभा की वस्तु बन गई है। पानी की जो टंकी लगी है उसेसे पानी ही नहीं चढ पा रही है। ऐसे में लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और अब आंदोलन के मूड में है। आक्रोशित ग्रामीणों में जटू रविदास, सुदामा रविदास, सतनारायण रविदास, सुगनी यादव, राकेश यादव, प्रदुमन कुमार, वासुदेव रविदास, मोनी देवी, जीरा देवी, लालमंती देवी, बविता देवी आदि ने कहा कि नल जल शोभा की वस्तु बन गई है सरकार हर घर में नल से जल की बात तो कह रही है लेकिन इस गांव में कोई देखने वाला नहीं है। वहीं वार्ड सदस्य सिकंदर रविदास ने कहा कि जब हम बात सदस्य बने थे तो इसे काफी मरम्मत करने की कोशिश की लेकिन बना नहीं। दरअसल इसकी बोरिंग ही खराब है बीडीओ प्रभाकर कुमार ने बताया कि यह अब पीएचईडी विभाग को इसे देखना है हम खबर कर रहे हैं। वहीं पीएचईडी विभाग के जेईई नीतीश कुमार से बात की गई उन्होंने कहा कि हम लोगों ने स्थल निरीक्षण किया है। नया बोरिंग के लिए इस्टीमेट बनाया जा रहा है नए सिरे से बोरिंग होगी। बहरहाल पिछले कई सालों से नल जल योजना से वंचित ग्रामीण को नल से जल नसीब नहीं होना सरकार की योजना पर ग्रहण लगने जैसा है।

## रामदयालु सिंह महाविद्यालय का इतिहास गौरवशाली : कुलपति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** रामदयालु सिंह महाविद्यालय के 77वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि सह अध्यक्ष के रूप में अपना व्याख्यान देते हुए कुलपति डॉ दिनेश चंद्र राय ने कहा कि रामदयालु सिंह कॉलेज का इतिहास गौरवशाली है। आगे इसका भविष्य स्वर्णिम होगा। विगत 77 वर्षों के दौरान कॉलेज ने एकेडमिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के साथ-साथ चहुंमुखी विकास किया है। इसमें यहां के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों की महती भूमिका है। यहां के शिक्षक शोध कार्यों में गहरी रुचि ले रहे हैं। विश्वविद्यालय में पदाधिकारी के रूप में यहां के शिक्षक काफी अच्छा कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के विभागों एवं कॉलेज में कार्यरत अतिथि प्राध्यापक भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा




रहे हैं। प्राचार्य डॉ अनिता सिंह ने सभी अतिथियों, पूर्व प्राचार्य, विश्वविद्यालय पदाधिकारी व सेवानिवृत्ति शिक्षकों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया और कहा कि सबों के सहयोग और प्रेरणा से यह महाविद्यालय सभी क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। यहां के शिक्षक शोध एवं प्रोजेक्ट कार्य में काफी बेहतर कर रहे हैं।

**पत्रिका का विमोचन :** इस अवसर पर कुलपति एवं अतिथियों द्वारा महाविद्यालय की पत्रिका 'वर्तिका' का विमोचन किया गया। इसके साथ ही राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ देवेंद्र प्रताप तिवारी की पुस्तक भारतीय संघीय व्यवस्थाः अतीत वर्तमान और भविष्य का भी कुलपति व प्राचार्य के हाथों लोकार्पण किया गया।

पुरस्कृत किए गएः कला विज्ञान और वाणिज्य संकाय के स्नातक व स्नातकोत्तर में तीस टॉपर छात्रों को सर्टिफिकेट, मेडल और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। एनसीसी और एनएसएस में बेहतर करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का यह पहला कॉलेज है जहां टॉपर्स को सम्मानित करने की संस्कृति है।

स्थापना दिवस के अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कत्थक, गोदना गीत, शिव तांडव, विदेशिया नृत्य, सोलो डांस, समूह गीत आदि की प्रस्तुति नए कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अक्षिता, आदित्य केशव, अंजलि, सृष्टि, पवन, गुंजा, शुभम, पलक आदि ने शानदार प्रस्तुति की।

महाविद्यालय के इतिहास पर वर्तिका पत्रिका के संपादक डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता और डॉ नीलिमा झा ने विस्तार से प्रकाश डाला। कॉलेज के शिक्षकों की उपलब्धियां का डिजिटल प्रेजेंटेशन भी किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय की उपलब्धियों पर डॉ रजनीकांत पांडे ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनुराधा पाठक और डॉ नीरज कुमार मिश्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ मंजरी आनंद ने किया। इस अवसर पर पूर्व कुलपति प्रो प्रसून कुमार राय, पूर्व प्राचार्य डॉ बी के आजाद, प्राचार्य डॉ ममता रानी, प्राचार्य डॉ अमीता शर्मा, डॉ शरदेंदु शेखर, कॉलेज इंस्पेक्टर डॉ अरविंद कुमार, डीएसडब्ल्यू डॉ आलोक प्रताप सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ रामकुमार, डॉ अरुण कुमार सिंह, सीनेटर डॉ संजय कुमार सुमन, सीनेटर डॉ भरत भूषण,सिंडिकेट सदस्य डॉ सत्येंद्र प्रसाद सिंह, डॉ सौरभ राज, डॉ राकेश कुमार सिंह समेत पूर्ववर्ती छात्र, समाजसेवी, साहित्यकार, सीनेट व सिंडिकेट के सदस्य गण, कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राध्यापक गण , छात्र एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### जान जोखिम में रख बीएलओ व शिक्षक जा रहे दियारा

**दानापुर (नबिटा संवाददाता)।** गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि और तेज धारा व उफान में नाव के सहारे बीएलओ व शिक्षक गंगा नदी पार कर रहे. बीएलओ ने बताया कि गंगा के तेज धारा व उफान के कारण नाव उपर-नीचे होता है .जिससे नाव पर सवार बीएलओ व शिक्षकों डर-सहम जाते है. नासरीगंज फक्कर महतो घाट से नाव खुलती है तो तेज धारा नाव दीघा की ओर बह जाता है और नाविक किसी तरह नाव को गतंव्य स्थान तक पहुंचे है। बीएलओ सुपरवाइज रंजन कुमार ने बताया कि गंगा के तेज धारा व उफान के कारण नाव बह जाता है और गंगा का पानी दियारे में घुस जाने के कारण पानापुर में सडक दो से ढाई फुट बह रहा है जिससे आने-जाने में भारी परेशानी हो रहा है. बीएलओ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गंगा के जलस्तर वृद्धि से दियारा के सडकों पर बाढ का पानी बह रहा है।

## गंगा नदी के जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर, फसल डूबी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** पिछले तीन दिनों में गंगा के जलस्तर में सवा तीन फुट वृद्धि हुई है। इससे दियारेवासियों की परेशानी बढ़ गयी है। शनिवार को देर शाम गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। दियारा क्षेत्र के निचले और तटवर्तीय इलाका जलमग्न हो गया है। सैकड़ों बीघे में लगी फसल डूब गयी है, जिससे किसान परेशान हैं। दियारे की सात पंचायतों के दर्जनों गांव बाढ़ के पानी से घिर चुके हैं। सड़कों पर डेढ से दो फुट पानी बह रहा है। दर्जनों स्कूल परिसर में पानी घुस गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों की शिकायत है कि उन लोगों के बीच अब तक प्रशासन स्तर पर कोई राहत, बचाव कार्य शुरू नहीं किया गया है। बताया जाता है कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर बीएलओ व शिक्षकों को घुटने भर सड़कों पर बाढ के पानी में घुसकर जाने को विवश है। बीएलओ व शिक्षकों ने बताया कि गंगा नदी में तेज लहरें व उफान में नाव से दियारा स्कूल में गंगा नदी पार करने से डर-सहमे है। बाढ़ नियंत्रण केंद्र के अनुसार गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। शनिवार को शाम में देवनानाला पर गंगा का जलस्तर 167। फुट रिकॉर्ड दर्ज किया गया। बाढ़ के पानी से घिरे दियारे के हेतनपुर, कासीमचक, पुरानी पानापुर, मानस व नवदियरी में सड़कों व खेतों में बाढ का पानी एक से डेढ़ फुट तक बह रहा है। दियारे के लोगों ने बताया कि सड़कों पर डेढ फुट बाढ़ का पानी बह रहा है और खेतों में एक-डेढ फुट पानी बह रहा है। इससे मक्के, मंसूरी और हरी सब्जियों के फसल डूब गए हैं। संभावित बाढ़ को देखते हुए दियारावासियों रातजगा कर रहे हैं। कनीय अभियंता नीतीश कुमार ने बताया कि गंगा के जलस्तर में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि इलाहाबाद व बनारस में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है और वृद्धि होने की संभावना है। पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकाश यादव, सोनू यादव, वकील राय, संजय सिंह व रामभजन सिंह यादव ने सीएम और आपदा प्रबंधन मंत्री समेत अधिकारी से सरकारी स्तर पर नाव परिचालन के साथ बचाव और राहत कार्य चलाने की मांग की है। एसडीओ दिव्या शक्ति ने बताया कि संभावित बाढ़ को देखते हुए प्रशासन सजग है। उन्होंने बताया कि 22 नाव का निबंधित करा लिया गया है।

## जदयू की बीएलए लेवल टू की बैठक में बूथ जीतो चुनाव जीतो के मंत्र पर किया गया मंथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** जदयू की विधानसभा स्तरीय बीएलए लेवल-2 कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को सगुना मोड़ स्थित सिगनेचर टावर परिसर में सम्पन्न हुई। जदयू प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बीएलए टू के मनोनयन और चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने, मतदाता संपर्क अभियान को तेज़ करने और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने दानापुर विधानसभा क्षेत्र से जदयू सीट घोषित करने की मांग की और विनोद कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाने की मांग मुख्यमंत्री से की गई है। दानापुर विधानसभा प्रभारी धीरज कुशवाहा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर पार्टी का एक बीएलए होना है। इसके लिए सभी बूथ के लिए बीएल टू का चयन समय रहते ही पूरा किया जाना है। इसके लिए प्रखंड अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष व पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता अभी से लग जाएं। प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को पार्टी का रीढ बताया और कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में चौमुखी विकास के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ जीतो, चुनाव जीतो के तहत बूथ कमिटियों को सशक्त बनाने का आह्वान किया. पटना महानगर अध्यक्ष आशिफ कमाल, बीएलए टू पटना प्रभारी राजेश त्यागी, पटना महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में भी प्रशासन और मतदाताओं का सहयोग करना है। लोगों के मन में जो भ्रम है उसे भी दूर करना है। किसी भी योग्य मतदाता का नाम नही छूटे इस पर भी पार्टी के कार्यकर्ताओं को ध्यान देना है। मंच संचालन प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार ने किया. बैठक में इमानुद्दीन अंसारी, राम कुमार, नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, गौरव कुमार, अशोक सिंह, ओम सिंह, अभय पटेल, किशोर कुमार सिन्हा, जितेंद्र पटेल, सियाराम सिंह, डा सुरेश सिंह, धनंजय सिंह, बृंद सिंह, रिंकू सिंह, विनोद कुमार, नागेंद्र कुमार, सौरभ कुमार, रीता पासवान समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पटना एम्स के हॉस्टल में एमडी छात्र ने की आत्महत्या, कमरे में बंद मिला शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** पटना एम्स से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां हॉस्टल नंबर 10 के कमरे संख्या 515 में पढ़ाई कर रहे एमडी प्रथम वर्ष के छात्र का शव संदिग्ध हालात में बरामद किया गया है। मृतक की पहचान ओडिशा निवासी यादवेंद्र साहू उर्फ अमृत्य अरविंद के रूप में हुई है, जो एम्स पटना में मेडिकल की पढ़ाई कर रहा था। घटना के बाद से एम्स परिसर में मातम पसरा हुआ है। छात्र गहरे सदमे में हैं। वहीं एम्स प्रशासन इस संबंध में अभी तक कुछ भी बोलने से परहेज कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, छात्र ने खुद को कमरे में बंद कर लिया था। जब देर तक दरवाजा नहीं खुला, तो साथियों को शक हुआ और उन्होंने एम्स प्रशासन को जानकारी दी। सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा, तो अंदर छात्र का शव मिला। पूरे हॉस्टल में हड़कंप मच गया। फुलवारी शरीफ के डीएसपी सुशील कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। छात्र उड़ीसा का निवासी था और एमडी प्रथम वर्ष का छात्र था। परिजनों को सूचना दे दी गई है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही फोरेंसिक टीम को बुलाकर कमरे से साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। डीएसपी के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। छात्र ओडिशा का रहने वाला था। उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है। मामले की जांच जारी है। उसके परिवार वालों के आने का इंतजार किया जा रहा है आगे उनके बयान के आधार पर जो भी शिकायत दर्ज होगी उसकी भी जांच की जाएगी।

### बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

**दानापुर।** बीबीगंज स्थित आंबेडकर भवन में सबका विकास की ओर से निःशुल्क शिक्ष केंद्र में शनिवार को इनरव्हील क्लब आशियान की ओर से बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया। क्लब के किरण गुप्ता, रश्मि रानी ने बताया कि बच्चों के बीच सामग्री वितरण किया गया है. मौके पर संस्था के अध्यक्ष सुजीत कुमार, सुरेश राम, राकेश पटेल आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### कोर्ट ने सात वर्ष की सुनाई सजा

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिविल कोर्ट मसौढ़ी में अपर जिला सत्र न्यायाधीश प्रथम संकेश चंद्रा की कोर्ट में गैर इरादतन हत्या मामले में 7 वर्ष की सजा एवं 10000 का जुर्माना लगाई गई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर 6 माह का साधारण कारावास सुनाई गई है। बाहरहाल पिपरा थाना कांड संख्या 16 /15 के तहत अभियुक्त श्यामनारायण मिस्त्री उर्फ बुटाई मिस्त्री पिपरा के निवासी है। श्याम नारायण मिस्त्री उर्फ बुटाई मिस्त्री को धारा 304 भा.द.वी में 7 वर्ष की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा 10 हजार का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर छह माह का साधारण कारावास होगा। अपर लोक अभियोजक धनंजय कुमार ने बताया कि यह मामला पिपरा थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जो गैर इरादतन हत्या मामले में सिविल कोर्ट मसौढ़ी में यह सजा सुनाई गई है।

### पइन में डूब कर बच्चे की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के हुलासचक गांव से दक्षिण एक पाईंन में नहाने के दौरान 9 साल के एक बच्चे की डूबने से मौत हो गई है, घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है, किसी तरह गांव के लोगों ने डूबे हुए बच्चे को खोजबीन कर तकरीबन डेढ़ घंटे के बाद उसे निकाला गया, जहां उसकी मौत मौके पर हो गई है, मृतक की पहचान हुलासचक के जितेंद्र कुमार के 9 वर्षीय पुत्र मिट्ठू कुमार के रूप में हुई है, मृतक बच्चे मिट्ठू के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, मृतक की मां नीरू कुमारी ने बताया कि हमारे दो बच्चे थे जिसमें यह बड़ा बच्चा था अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था जहां यह घटना घट गई है। मौके पर पहुंचे धनरूआ प्रखंड के उप प्रमुख प्रेम कुमार ने बताया की दरधा नदी से यह पाईन जुड़ा हुआ है जो हुलासचक गांव से दक्षिण गांव से तकरीबन 100 मीटर की दूरी पर यह पाईन है, जहां बाढ़ के पानी से सभी गांव के बच्चे नहा रहे थे, इस दौरान डूबने से मौत हुई है, सरकार से मांग करते हैं कि पीड़ित परिजनों को मुआवजा दिया जाए।

### 11 वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वारंटी धर पकड़ अभियान के तहत मसौढ़ी पुलिस ने शनिवार को विभिन्न इलाकों से विभिन्न मामलों में वांछित 11 वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी में मारपीट, हत्या का प्रयास, जुआ अधिनियम,ठगी, मध निषेध, चोरी, घरेलू हिंसा समेत कई मामलों में संलित वारंटीयों की गिरफ्तारी की गई है। वारंटियों की गिरफ्तारी संगतपर, मालिकाना, पुरानी बाजार, महुआ बीघा, दाउदपुर, तारेगना डी, ब्लॉक रोड, थलपुरा आदि गांव से एक सघन छापेमारी चलाते हुए गिरफ्तारी की गई है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया एक समकालीन अभियान के तहत मसौढ़ी क्षेत्र में विभिन्न मामलों में वांछित वारंटी जिसमें न्यायालय द्वारा निर्गत वारंटी भी शामिल हैं गिरफ्तार कर अग्रेतार कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है, जो विभिन्न गांव से विभिन्न मामलों में वांछित वारंटी के घर पकड अभियान से पूरे गांव में हड़कंप मची हुई रही।

### ससुराल वालों से तंग आकर थाना पहुंची विवाहिता

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के पकड़ी बाजार के रहने वाली विवाहिता आरती देवी पति मनोज कुमार ने अपने सास ससुर पति के खिलाफ पुनपुन थाने में पहुंचकर उन सब वह खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए लिखा है। यह सभी ससुराल वाले बराबर हमें और हमारी बेटी को जान से मारने की नीयत से धमकी देते हैं। खाना-पीना खर्चा नहीं देते हैं हमारी बेटी को भी करने की बराबर धमकी देकर गली गलोज मारपीट करते रहते हैं, जिसको लेकर थाने में अपने पति मनोज कुमार पिता बचु साव,सास राधिया देवी, ससुर बच्चू साव के खिलाफ पुनपुन थाने में प्राथमिक की दर्ज कार्यवाई की गुहार लगाई है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है

### करंट लगाने से लकड़ी व्यवसायी की मौत

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के पीपा पुल घाट पर दुकान में गंगा का पानी घुसने के बाद लकडी निकालने के दौरान विद्युत धारा प्रवाहित तार के चपेट में आने से दुकानदार की मौत व एक जख्मी हो गये है। स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले गये .जहां से गंभीर रूप से झुलसे मनोज के परिजनों ने सगुना मोड स्थित निजी अस्पताल ले गये. जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया. मृतक का पहचान शाहपुर थाने के मुबारकपुर शांति नगर निवासी मनोज कुमार के रूप में हुई है जबकि जख्मी रमेश कुमार सुलतानपुर निवासी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है. मौत की सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे परिजनों चित्कार कर उठे. मृतक मनोज के परिजनों ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि से पीपा पुल घाट पर दुकानों में पानी घुस गया है. मनोज ने शनिवार को सुबह घर से दुकान में डूबे रहे लकडी को अपने पॉटर्नर रमेश कुमार के साथ निकाल रहे थे. पानी में घुसकर दुकान से लकडी निकाल रहे थे और बिजली कट हुआ था. इसी दौरान बिजली आ गई।

### चोरी के आरोप में नाबालिग की पिटाई

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राजधानी पटना के संपतचक नहर पर इलाके से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक नाबालिग चोर को लोगों ने चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया. इसके बाद भीड़ ने कानून को हाथ में लेते हुए युवक को कमर में रस्सी बांधकर पेड़ से बांध दिया और सरेआम उसकी जमकर पिटाई की। घटना दो दिन पुरानी बताई जा रही है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि युवक एक घर में चोरी की नीयत से घुसा था। पूछताछ में उसने यह भी बताया कि उसके साथ दो और साथी थे, जो मौके से फरार हो गए।

### छात्रों के मुद्दों को लेकर करेंगे संघर्ष

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को गणेशदत्त महाविद्यालय के दिनकर सेमिनार हल में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। वार्ता में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के द्वारा विश्विद्यालय एवं जिले के सभी महाविद्यालय से जुड़ी नई एवं पुरानी मांगों को रखा गया। वही इस मौके पर जिला एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष राजा कुमार ने कहा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन लगातार छात्र हितों की मुलभुत मुद्दों को लेकर संघर्ष करती आ रही है। विगत कुछ महीने पहले भी विश्वद्यालय एवं महाविद्यालय की मांग को लेकर कलेज प्राचार्य के पिछले 14 दिनों पहले मांग पत्र सौंपी गई। लेकिन समाधान नहीं हुई। जिससे छात्रों की समस्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विश्विद्यालय और महाविद्यालय में छात्र,छात्राओं की कार्य के नाम पर लूट, खसोट की समस्या बढ़ती जा रही है। श्याम सुन्दर ने कहा कि बलिया में डिग्री कलेज करोड़ों के खर्चे पर बना दिया गया है लेकिन अभी तक वहाँ पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है।

# चार भारतीय महिला खिलाड़ी एफआईडीई वर्ल्डकप क्वार्टर फाइनल में

## हम्पी-वैशाली चीनी खिलाड़ी से भिड़ेंगी, दिव्या-हरिका का आपस में मुकाबला



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की चार महिला चेस खिलाड़ी एफआईडीई विमेंस वर्ल्ड कप के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई हैं। जॉर्जिया के बटुमी में आयोजित हो रहे इस टूर्नामेंट में कोनेरू हम्पी, द्रोणवल्ली हरिका, आर.वैशाली और इंटरनेशनल मास्टर दिव्या देशमुख ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली है।अनुभवी हम्पी ने भी स्विट्जरलैंड की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक को टाईब्रेक्स में 1.5-0.5 से हराया। हम्पी सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए चीन की युशिन सॉन्ग से भिड़ेंगी।

**दिव्या और हरिका में से एक का सेमीफाइनल में जाना तय** - दिव्या और हरिका में से एक का सेमीफाइनल में जाना तय है। क्वार्टर फाइनल में दिव्या और हरिका आपस में भिड़ेंगी। जिससे यह मुकाबला पूरी तरह से भारतीय होगा। दिव्या ने प्री-क्वार्टरफाइनल में दूसरे वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी झू जिनर को 1.5-0.5 से हराया। उन्होंने पहले गेम में काले मोहरों से जीत हासिल की और दूसरे गेम में सफेद मोहरों से ड्रॉ किया। दिव्या ने प्री-क्वार्टरफाइनल में दूसरे वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी झू जिनर को 1.5-0.5 से हराया। हरिका ने रूस की कतेरीना लागनो के खिलाफ 15+10 रैपिड टाईब्रेक्स के पहले गेम में हार का सामना किया, लेकिन दूसरे गेम में वापसी करते हुए जीत हासिल की। मुकाबला फिर 10+10 रैपिड टाईब्रेक्स में चला गया, जहां हरिका ने पहले गेम में काले मोहरों से ड्रॉ किया और दूसरे गेम में सफेद मोहरों से जीत दर्ज की।

**वैशाली का सामना चीनी खिलाड़ी से होगा** - आर.वैशाली ने कजाकिस्तान की मेरुएर्त कमालिदेनोवा के खिलाफ 15+10 और 10+10 रैपिड टाईब्रेक्स में गेम्स को बांटा। मुकाबला ब्लिट्ज टाईब्रेक्स में चला गया, जहां प्रत्येक खिलाड़ी को प्रति गेम तीन सेकंड की बढ़ोतरी के साथ पांच मिनट मिले।वैशाली ने पहले गेम में काले मोहरों से ड्रॉ किया और दूसरे गेम में सफेद मोहरों से जीत हासिल की। वैशाली का क्वार्टरफाइनल मुकाबला चीन की तान झोंगयी से होगा। महिला विश्व कप, एक हाई-स्टेक नॉकआउट टूर्नामेंट है, जिसमें कुल 6,91,250 अमेरिकी डॉलर (5 करोड़ 96 लाख रुपए) का पुरस्कार है। विजेता को 50,000 डॉलर (43 लाख 9 हजार रुपए) मिलेंगे। वहीं इस टूर्नामेंट में टॉप-3 पर रहने वाली महिला खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई भी करेंगी।

# प्रतिका रावल पर लगा जुर्माना

## ● इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में ये हरकत पड़ी महंगी




**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज प्रतिका रावल को इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया और उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। भारतीय सलामी बल्लेबाज को थोड़े समय के अंतराल में हुई दो अलग-अलग घटनाओं के लिए दंडित किया गया है। 18वें ओवर में, सिंगल लेते समय उन्होंने गेंदबाज लॉरेन फाइलर के साथ शारीरिक संपर्क बनाया, जिससे बचा जा सकता था। अगले ओवर में आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम लौटते समय उन्होंने गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन के साथ भी ऐसा ही शारीरिक संपर्क बनाया, जिससे बचा जा सकता था। इसके अलावा रावल के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। इस बीच, इंग्लैंड की टीम पर धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया क्योंकि निर्धारित समय सीमा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने लक्ष्य से एक ओवर कम फेंका।

# कॉन्वे की फिफ्टी से न्यूजीलैंड जीता

## ट्राई सीरीज के तीसरे मैच में जिम्बाब्वे को 8 विकेट से हराया

### मैट हेनरी को 3 विकेट




**हरारे (एजेंसी)।** डेवोन कॉन्वे की फिफ्टी से न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को टी20 ट्राई सीरीज में 8 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। इसी के साथ कीवी टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई हैं। शुक्रवार को हरारे में खेल गए मैच में मैट हेनरी के 3 विकेट के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करते हुए जिम्बाब्वे को 120/7 के स्कोर पर रोका। इसके बाद न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने 14 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे उनका नेट रन रेट 1.919 तक पहुंच गया। जिम्बाब्वे को अभी कोई अंक नहीं मिला है और उन्हें ट्राई सीरीज में बाहर होने से बचने के लिए दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दोनों मैच जीतने होंगे।

**जिम्बाब्वे की पारी में 11 चौके और एक सिक्स लगा** - इस मैच में जिम्बाब्वे ने पिछले मैच (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) की तुलना में अधिक आक्रामकता दिखाई, लेकिन वे केवल 11 चौके और एक छक्का ही लगा सके, जो पिछले मैच से कम था।जिम्बाब्वे की सबसे बड़ी साझेदारी 37 रन की थी, जबकि न्यूजीलैंड ने दो अर्धशतकीय साझेदारियां कीं।

**कॉनवे और रचिन की फिफ्टी पार्टनरशिप** -टिम साइफर्ट के आउट होने के बाद डेवोन कॉनवे और रचिन रवींद्र ने 44 गेंदों में 59 रन जोड़े, फिर कॉनवे और डेरिल मिशेल ने 32 गेंदों में 58 रन की साझेदारी कर जीत आसान कर दी ।न्यूजीलैंड की गेंदबाजी शानदार रही। मैट हेनरी ने 3/26 के साथ छोटी गेंदों का अच्छा उपयोग किया। स्पिनर मिशेल सैंटनर, माइकल ब्रेसवेल और रवींद्र ने 9 ओवर में केवल 43 रन देकर एक-एक विकेट लिया। जिम्बाब्वे के गेंदबाजों में केवल ब्लेसिंग मुजारबानी ने 6.75 की इकोनॉमी के साथ एक विकेट लिया। वेलिंगटन मसाकद्ज़ा की जगह तेज गेंदबाज टिनोटेंडा मापोसा को खिलाने का फैसला गलत साबित हुआ।

**मधेवेरे की कोशिश** - वेस्ली मधेवेरे ने पहली गेंद पर चौका लगाकर जिम्बाब्वे को तेज शुरुआत दी। पहले ओवर में 11 रन बने। पिछले 11 पारियों में केवल एक बार 20 से अधिक रन बनाने वाले मधेवेरे ने आक्रामकता दिखाई, लेकिन 36 रन बनाकर आउट हो गए।

**जिम्बाब्वे का मिडिल ऑर्डर फेल** - मधेवेरे और क्लाइव मडांडे के आउट होने के बाद जिम्बाब्वे का मिडिल ऑर्डर 43 गेंदों में 5 विकेट खोकर 37 रन ही बना सका। रेयान बर्ल, सिकंदर रजा और ताशिंगा मुसेकिवा जल्दी आउट हुए, जिससे एक समय जिम्बाब्वे 17वें ओवर में 98/6 के स्कोर पर था। आखिरी 3 ओवर में केवल 21 रन बने।

**नगरावा और मुजारबानी की शुरुआत** - रिचर्ड नगरावा और मुजारबानी ने शुरुआत में दबाव बनाया। नगरावा को पहली गेंद पर विकेट मिल सकता था, लेकिन कैच छूटा। मुजारबानी ने साइफर्ट को आउट किया, लेकिन कॉनवे के दो कैच छोड़े। न्यूजीलैंड चार ओवर में 19/1 था, लेकिन रवींद्र के तीन चौकों ने दबाव कम किया।

**डेवोन कॉन्वे की फिफ्टी** - कॉन्वे शुरू में संघर्ष करते दिखे। उनके दो शॉट टॉप-एज हुए, लेकिन कैच नहीं हुए। मापोसा की गेंद पर वह लगभग आउट थे, और एक बार रन-आउट भी बचे। लेकिन बाद में उन्होंने नगरावा और रजा पर छक्के लगाए और 34 गेंदों में अर्धशतक बनाया। यह उनकी पिछले 15 टी20 पारियों में दूसरी फिफ्टी थी।

# नीरज चोपड़ा शादी के बाद पहली बार पत्नी संग दिखे

## तस्वीरें शेयर कीं, पानीपत गोल्डन बॉय ने टेनिस प्लेयर से सीक्रेट मैरिज की थी

**पानीपत (एजेंसी)।** हरियाणा के ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने शादी के बाद पहली बार पत्नी हिमानी मोर के साथ तस्वीरें शेयर कीं। वह तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन का फाइनल मुकाबला देखने पहुंचे थे। करीब 5 दिन पहले यह मुकाबला हुआ था। नीरज ने पहले अपनी अकेले की ही तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी, लेकिन बीती रात उन्होंने पत्नी हिमानी की भी फोटो शेयर की।इन फोटो के साथ उन्होंने लिखा- दुनिया के दो सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेनिस खिलाड़ियों को एक-दूसरे से भिड़ते हुए देखने का मौका मिला। मुझे बुलाने के लिए विंबलडन का धन्यवाद। 16 घंटे में 3 लाख लोगों ने उनकी फोटो को लाइक किया। जबकि 554 लोगों ने कमेंट किया। 1133 लोगों ने फोटो को शेयर किया है। नीरज ने 16 जनवरी को गुपचुप सोनीपत की टेनिस प्लेयर हिमानी मोर से शादी की थी। यह शादी हिमाचल प्रदेश के सोलन में एक रिजॉर्ट में हुई।नीरज ने अपने



इंस्टाग्राम अकाउंट पर 5 फोटो शेयर की हैं, जिसमें से तीन में वे खुद व पत्नी संग नजर आ रहे हैं। 2 फोटो विंबलडन कोर्ट के हैं। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच भिड़ंत होने वाली है। नीरज चोपड़ा और अरशद नदीम एक दूसरे के खिलाफ सिलेसिया डायमंड लीग 2025 में खेलेंगे।

# मैनचेस्टर में खूब बोलता है जो रूट का बल्ला

## बड़े रिकॉर्ड पर नजरें, पोंटिंग-द्रविड़ से निकलेंगे आगे

**मैनचेस्टर (यूके) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट कुछ दिग्गजों को पछाड़ने की कोशिश करेंगे क्योंकि सचिन तेंदुलकर के सर्वकालिक टेस्ट रिकॉर्ड की राह थोड़ी आसान हो गई है। मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान रूट को ऑस्ट्रेलियाई महान रिकी पोंटिंग को पछाड़ने और तेंदुलकर के बाद सफेद टेस्ट में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने के लिए 120 रन और चाहिए।

इंग्लैंड के पक्ष में 2-1 से सीरीज होने और लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में शतक लगाकर पहले दो टेस्ट में मिले-जुले प्रदर्शन की भरपाई करने के साथ यह अनुभवी खिलाड़ी इंग्लैंड के लिए सर्वश्रेष्ठ रन-मशीन बने रहने का लक्ष्य रखेगा। अब तक तीन टेस्ट मैचों में रूट ने 50.60 की औसत से 253 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। वह अब तक आठवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जो इस दशक में उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए थोड़ा निराशाजनक है।

रूट का मैनचेस्टर में शानदार रिकॉर्ड है, जहां उन्होंने 11 टेस्ट मैचों की 19 पारियों में 65.20 की औसत से 978




रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254 है। यह स्टाइलिश बल्लेबाज वर्तमान में टेस्ट मैचों में पांचवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ हैं जिन्होंने 156 टेस्ट मैचों की 285 पारियों में 50.80 की औसत से 13,259 रन बनाए हैं, जिसमें 37 शतक और 66 अर्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 262 है।

सिर्फ 30 रन और बनाकर रूट चौथे स्थान पर पहुंच जाएंगे और भारत के महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ (164 टेस्ट मैचों में 13,288 रन) को पीछे छोड़ देंगे जबकि 120 रन और बनाकर वह दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस (166 टेस्ट मैचों में 13,289 रन) और ऑस्ट्रेलिया के पोंटिंग (168 मैचों में 13,378 रन) को पछाड़कर अब तक के दूसरे सबसे ज़्यादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। तेंदुलकर टेस्ट मैचों में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने 200 टेस्ट मैचों की 329 पारियों में 53.78 की औसत से 15,921 रन बनाए हैं जिसमें 51 शतक और 68 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 248* है।

- **इंग्लैंड सीरीज के लिए भारत की टेस्ट टीम** - शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।
- **भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम** - बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

# आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा

## 2016 वर्ल्डसेमीफाइनल को बताया सबसे गर्व का पल




**जमैका (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने ऐलान किया है कि वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 और 22 जुलाई को होने वाले दो टी20 मैचों के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। यह दोनों मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो रसेल का घरेलू मैदान है। रसेल ने वेस्टइंडीज के लिए 141 मैच खेले और अपनी सबसे यादगार पारी 2016 टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ मुंबई में खेली। उस मैच में भारत ने 193 रन बनाए थे।रसेल जब नंबर 5 पर बल्लेबाजी के लिए आए, तब वेस्टइंडीज को 41 गेंदों में 77 रन की जरूरत थी। रसेल ने नाबाद 43 रन सिर्फ 20 गेंदों में बनाए और आखिरी ओवर में विराट कोहली की गेंद पर छक्का मारकर वेस्टइंडीज को जीत दिलाई

रसेल ने वेस्टइंडीज क्रिकेट को दिए इंटरव्यू में कहा,2016 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मेरी जिंदगी का सबसे गर्व भरा पल था। उस समय भारत का पूरा स्टेडियम अपनी टीम को सपोर्ट कर रहा था, जिससे थोड़ा दबाव था। लेकिन पिच अच्छी थी और ड्रेसिंग रूम में हमें आत्मविश्वास था।

# मोहम्मद शमी डोमेस्टिक सीजन 2025-26 खेल सकते हैं

## ● बंगाल ने 50 संभावित खिलाड़ियों में जगह दी ● दलीप ट्रॉफी से वापसी हो सकती है

**बंगाल एजेसी)।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे पेसर मोहम्मद शमी को बंगाल ने डोमेस्टिक सीजन 2025-26 के 50 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है। शमी इंग्लैंड में भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं और आईपीएल 2025 के बाद से उन्होंने कोई भी मैच नहीं खेला है।

**28 अगस्त से दलीप ट्रॉफी खेल सकते हैं** - शमी 28 अगस्त से शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी में पूर्व क्षेत्र की टीम का हिस्सा हो सकते हैं। यह टूर्नामेंट, अपने पुराने फॉर्मेट इंटर-जोनल तरीके से खेला जाएगा। शमी, जिन्होंने 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

**आईपीएल में कुछ खास नहीं कर सके** - आईपीएल में, शमी की नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद छठे स्थान पर रही, और उनका प्रदर्शन भी प्रभावशाली नहीं रहा। उन्होंने 9 पारियों में 6 विकेट लिए और प्रति ओवर 11.23 रन दिए। शमी इससे पहले लंबे समय तक चोट के कारण बाहर थे, जिसमें उनकी टखने की सर्जरी हुई और घुटने की समस्याओं ने भी परेशान किया।



**आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए खेले** - शमी ने आखिरी बार 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए खेला था। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीता, और शमी ने 5 मैचों में 9 विकेट लिए, जो भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक थे। हालांकि, उनकी गेंदबाजी महंगी रही, क्योंकि उन्होंने प्रति ओवर 5.68 रन दिए।

**बंगाल की संभावित सूची में अभिमन्यु ईश्वरन का नाम** -शमी ने जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज में वापसी की थी, इससे पहले वह नवंबर 2023 में वनडे विश्व कप फाइनल में खेले थे। उनकी घरेलू क्रिकेट में वापसी 2024 के अंत में बंगाल के लिए हुई थी। बंगाल की संभावित सूची में अभिमन्यु ईश्वरन, आकाश दीप, मुकेश कुमार, शाहबाज अहमद और अभिषेक पोरेल जैसे सभी प्रमुख नाम भी शामिल हैं।

### एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप

# भारतीय मिक्स्ड टीम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची; यूएई को 110-83 से हराया

**इंडोनेसिया (एजेंसी)।** भारत ने बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 110-83 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप इंडोनेशिया में खेला जा रहा है। इससे पहले इंडिया ने शुक्रवार को श्रीलंका को हराया था। भारत ग्रुप डी में हैं और हांगकांग ने भी अपने दोनों मुकाबले जीत लिए हैं। दोनों टीमें शुक्रवार को आपस में भिड़ेंगी।

**भारत ने अपने सभी गेम जीते** -भारत ने शानदार शुरुआत की, जब लड़कियों के सिंगल्स में रुजुला रामू ने मायशा खान को 11-5 से हराया। इसके बाद मिक्स्ड डबल्स में सी लालरमसांगा और तारिणी सूरी ने भारत की बढ़त को 22-11 तक पहुंचाया। मैच के बीच में स्कोर 55-41 था, जो भारत के पक्ष में रहा। वहीं, यूएस ओपन फाइनलिस्ट तन्वी शर्मा ने मधुमिता सुंदरपांडियन को हरा कर भारत को 66-46 से आगे कर दिया। इसके बाद लालरमसांगा और रेशिका यू की जोड़ी ने दूसरी मिक्स्ड डबल्स में अधित्य किरण और मायशा खान को 11-5 से हराकर भारत को 77-51 की मजबूत बढ़त दिलाई।

**रिले स्कोरिंग फॉर्मेट में खेला जा रहा है टूर्नामेंट** - यह



टूर्नामेंट 110 अंकों के रिले स्कोरिंग फॉर्मेट में खेला जा रहा है, जिसमें टीमें 10 मुकाबलों में 110 अंक हासिल करने होते हैं। भारत का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में रहा था, जब उसने कांस्य पदक जीता था। पिछले साल भारत मलेशिया से 2-3 से हारकर क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गया था।

**टूर्नामेंट में 17 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है** - इस टूर्नामेंट में 17 टीमें चार ग्रुप में बंटी हैं। तीन ग्रुप में तीन-तीन टीमें और एक ग्रुप में पांच टीमें हैं। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचती हैं। सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को ब्रॉन्ज मेडल दिया जाता है।

# बीसीसीआई का एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक से इनकार

## ● 24 जुलाई को ढाका में होनी है मीटिंग ● बैठक की जगह बदली नहीं तो एशिया कप पर कोई फैसला नहीं होगा

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ढाका में एशियन काउंसिल की वार्षिक बैठक आयोजित होने पर भाग नहीं लेगा। यह बैठक 24 जुलाई को बांग्लादेश की राजधानी ढाका में होनी है।बीसीसीआई ने साफ कर दिया है कि अगर बैठक का स्थान नहीं बदला गया, तो वह बैठक में लिए गए किसी भी फैसले को स्वीकार नहीं करेगा। बीसीसीआई का कहना है कि बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए बोर्ड वहां बैठक में शामिल नहीं हो सकता। भारत ने एसीसी अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी से बैठक का स्थान बदलने की मांग की थी, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। सूत्रों के मुताबिक, मोहसिन नकवी भारत पर अनावश्यक दबाव डालने की कोशिश कर रहे हैं। बीसीसीआई ने साफ कहा है कि जब तक बैठक की जगह बदली नहीं जाती, एशिया कप को लेकर कोई




फैसला नहीं हो सकता।

**भारत के पास मेजबानी** - भारत इस बार एशिया कप की मेजबानी कर रहा है और यह टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। अभी तक,ष्ट्ट ने टूर्नामेंट का शेड्यूल या स्थान घोषित नहीं किया है, लेकिन माना जा रहा है कि यह सितंबर में हो सकता है।2023 में भी भारत ने पाकिस्तान जाकर एशिया कप खेलने से मना कर दिया था, जिसके बाद भारत के मैच श्रीलंका में कराए गए थे। इस साल भी ऐसी अटकलें थीं कि भारत महिला और पुरुष टीमें एशिया कप से हट सकती हैं, लेकिन क्ष्टष्ट्ठ सचिव देवजित सैकिया ने इन खबरों को कल्पना पर आधारित और झूठा बताया है।

**श्रीलंका, ओमान और अफगानिस्तान भी भारत के साथ** - श्रीलंका, ओमान और अफगानिस्तान के क्रिकेट बोर्ड भी भारत के साथ हैं और उन्होंने भी ढाका में मीटिंग को लेकर चिंता जताई है। बावजूद इसके, एसीसी चेयरमैन मोहसिन नकवी मीटिंग को ढाका में ही कराने पर अड़े हुए हैं।

**संविधान के अनुसार बैठक हो सकती है अवैध** - एसीसी के संविधान के अनुसार, अगर अहम सदस्य बोर्ड इस बैठक में शामिल नहीं होते हैं तो वहां लिए गए फैसले अमान्य माने जा सकते हैं। इससे एशिया कप की मेजबानी को लेकर बड़ा विवाद पैदा हो सकता है।

**एशिया कप का भविष्य अधर में** - सूत्रों का यह भी कहना है कि नकवी का ढाका में ही बैठक करवाने का जोर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। मीटिंग में अब केवल 5 दिन बचे हैं, लेकिन अभी तक एसीसी की तरफ से किसी नए स्थान की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इससे सितंबर में संभावित एशिया कप पर खतरा मंडरा रहा है।

# खाद की कालाबाजारी व जमाखोरी पर लगातार रखें निगरानी : डीएम

## डीएम ने की कृषि टास्क फोर्स की बैठक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरीफ मौसम की वर्तमान कृषि स्थिति, वर्षा की प्रगति, बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण एवं खरीफ 2025-26 के लक्ष्यों की पूर्ति की समीक्षा की गई। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले में अब तक कुल 189.07 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि सामान्य वर्षापात 324.3 मिमी निर्धारित है, जिससे अब तक 176.4 मिमी की वर्षा की कमी दर्ज की गई है। यह भी अवगत कराया गया कि वर्षा में कमी के कारण कृषकों को विशेष सावधानी एवं वैकल्पिक तकनीकों का प्रयोग करना आवश्यक है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में खरीफ फसलों हेतु जिले का कुल लक्ष्य 1,72,000 हेक्टेयर निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक कुल 44,245 हेक्टेयर क्षेत्र में बुआई कार्य संपन्न हो चुका है, जो लक्ष्य का 25.72 प्रतिशत है। बैठक में यह बताया गया कि खाद की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति संतोषजनक है। यूरिया, डीएपी, एमओपी, एनपीकेएस तथा एसएसपी खाद की प्रचुर मात्रा में आपूर्ति की गई है और सभी प्रखंडों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। खाद कंपनियों द्वारा दी गई अद्यतन रिपोर्ट के अनुसार जिले में अब तक कुल 11207.1 मीट्रिक टन यूरिया, 1424 मीट्रिक टन डीएपी, 699.8 मीट्रिक टन एमओपी, 4791.84 मीट्रिक टन एनपीकेएस तथा 4500.95 मीट्रिक टन एसएसपी खाद का भंडारण एवं वितरण किया जा चुका है। बीज वितरण की समीक्षा करते हुए बताया गया कि अब तक 830.025 क्विंटल धान बीज किसानों के बीच वितरित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, अब तक 16796 बीज मिनीकिट तथा 9774 मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया जा चुका है। वर्षा की कमी को ध्यान में रखते हुए कृषकों को जल संरक्षण आधारित तकनीकों जैसे शुष्क बुआई, समांतर पंक्तियों में बुआई, कम अवधि वाली फसलें अपनाने एवं सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। किसानों की नर्सरी में टपक सिंचाई, पाइप सिंचाई, स्प्रिंकलर एवं ड्रम विधि से सिंचाई की सलाह दी गई है। प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे कृषकों के बीच भ्रमण कर तकनीकी जानकारी एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाएं। बैठक में उपस्थित पशुपालन, गव्य विकास, मत्स्य, उद्यान एवं अन्य विभागों के पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। साथ ही सभी विभागीय पदाधिकारियों को कृषि टास्क फोर्स की आगामी बैठकों में अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है ताकि खरीफ 2025 मौसम के लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, उद्यान सहायक निदेशक श्रीकांत कुमार, पौधा संरक्षण विभाग के सहायक निदेशक रॉकी रावत सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# आहर से मिला अज्ञात युवक का शव, हत्या की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के जम्होर थाना क्षेत्र अंतर्गत चित्रगोपी गांव के समीप स्थित एक आहर से अज्ञात युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रथम दृष्टया शव लगभग दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल से एक चप्पल भी बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि युवक की मौत पानी में डूबने से हुई हो सकती है, लेकिन स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका जताई है, जिससे मामला संदिग्ध बन गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक का पैर फिसलने से वह आहर में गिरा और डूबने से उसकी जान चली गई। वहीं, कुछ लोगों ने दावा किया कि यह सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या हो सकती है। फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है कि मृतक कौन था, वह वहां कैसे पहुंचा और उसकी मौत के पीछे की असली वजह क्या है।

पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। इसके अलावा शव को पहचान के लिए 72 घंटे तक पुलिस अभिरक्षा में रखा जाएगा और विभिन्न स्रोतों के माध्यम से शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग इस रहस्यमयी मौत को लेकर कई तरह की आशंकाएं जता रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के बारे में कोई जानकारी हो, तो वह थाना को सूचित करें।

# वादों के निस्तारण में मध्यस्थता आवश्यक: तान्या पटेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** न्यायिक व्यवस्था में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे को लेकर मध्यस्थता की भूमिका को अहम बताते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने कहा कि मध्यस्थता न केवल न्यायिक बोझ को कम करती है, बल्कि समाज में सौहार्द और शांति भी स्थापित करती है। सचिव पटेल सोमवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में पारा विधिक स्वयंसेवकों के साथ बैठक कर रही थीं। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि जिला जज के निर्देश पर सभी न्यायालयों से संबंधित वादों को मध्यस्थता केंद्र भेजने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। विशेष मध्यस्थता अभियान के तहत वैवाहिक विवाद, घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटना से जुड़े मुआवजा मामले, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, वाणिज्यिक विवाद, ऋण वसूली, बेदखली, भूमि अधिग्रहण जैसे मामलों को चिन्हित कर सुलह के माध्यम से समाधान की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान मध्यस्थता राष्ट्र के लिए शीर्षक से राष्ट्रीय स्तर पर चलाया जा रहा है, जो सुप्रीम कोर्ट के सहयोग और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार लागू किया गया है। औरंगाबाद के साथ-साथ अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय दाउदनगर में भी अभियान की कार्रवाई की जा रही है। सचिव तान्या पटेल ने सभी पारा विधिक स्वयंसेवकों से अपील की कि वे इस मुहिम को गांव-गांव तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग मध्यस्थता से जुड़ें और उन्हें न्याय मिले। उन्होंने बताया कि आगामी 90 दिनों तक चलने वाले इस विशेष अभियान में जिला एवं तालुका न्यायालयों में लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाएगा। बैठक के अंत में सचिव ने सभी संबंधित कर्मियों और पारा विधिक स्वयंसेवकों को निर्देश दिया कि वे इस अभियान के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भागीदारी निभाएं और इसे सफल बनाने में सहयोग करें।

# आश्रित को मिला मुआवजा

## नहर में डूबने से हुई थी मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सोन कैनाल में डूबने से जम्होर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी मुसाफिर राम की बीते दिनों मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी को चार लाख रूपये का मुआवजा चेक प्रदान किया गया हैं। चेक प्रदान करते हुए सदर प्रखंड के उपप्रमुख ओम प्रकाश उर्फ बादशाह यादव ने कहा कि सरकार हर आपदा पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और यथासंभव मदद देने का प्रयास करती है। मुसाफिर राम की बीते दिनों बुधवार को नहर में डूबने से मौत हो गई थी। काफ़ी मस्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम द्वारा शव बरामद किया गया था। मृतक काफी गरीब हैं। वह किसी तरह मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। इस दौरान प्रखंड के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मृतक को नावल्द बताकर करोड़ों की जमीन बेची, परिजनों सहित पूर्व अंचलाधिकारी और कर्मचारियों पर संलिप्तता का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या 11 में करोड़ों रुपये मूल्य की जमीन को मृतक को नावल्द घोषित कर बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि मृत घोषित किए गए व्यक्ति संजय कुमार गुप्ता की जमीन को हड़पने की नीयत से परिजनों, बिचौलियों, निवर्तमान अंचलाधिकारी और उनके कर्मचारियों की मिलीभगत से पारिवारिक सूची में हेराफेरी कर दी गई। जानकारी के अनुसार, स्व. मोहन लाल गुप्ता के पुत्र संजय कुमार गुप्ता लगभग 20 वर्षों से लापता हैं। वे उड़ीसा में शराब भट्ठी में काम करते थे और वहीं से अचानक गायब हो गए थे। उनके जीवित होने या मृत्यु की कोई पुष्ट जानकारी आज तक नहीं मिली है। इसके बावजूद उनके ही परिवार के लोगों ने उन्हें पारिवारिक सूची में नावल्द (मृत घोषित) कर भुवनेश्वर के सलेमपुर स्थित करोड़ों की जमीन को बेच दिया। परिजनों ने यह पारिवारिक सूची बनवाकर उड़ीसा भेजी, जिसमें संजय को मृत बताया गया। उनके छोटे भाई मुरारी गुप्ता ने इसी सूची के आधार पर जमीन की बिक्री कर दी। यह फर्जीवाड़ा उस वक्त उजागर हुआ जब अप्रैल 2025 में पारिवारिक सूची के सत्यापन के लिए आवेदन रफीगंज अंचल कार्यालय पहुंचा। उस समय प्रभारी अंचलाधिकारी राम कुमार रमण (मौजूदा राजस्व पदाधिकारी, मदनपुर) थे। आरोप है कि बिचौलियों के माध्यम से जांच रिपोर्ट में संजय को मृत घोषित किया गया और उसकी स्वीकृति दे दी गई। इस पूरे मामले में अंचल कार्यालय के शहरी कर्मचारी, तत्कालीन सीओ के निजी चालक संतोष कुमार विश्वकर्मा की संलिप्तता भी सामने आई है। संजय गुप्ता की पत्नी पुष्पा देवी, जो अपने तीन पुत्रों - अभिषेक (26), अभिमन्यु (24), और अभिनव उर्फ डब्लू (21) - के साथ मायके में रह रही हैं, ने बताया कि पति के लापता होने के बाद ससुराल पक्ष के अत्याचार के चलते रफीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बाद में न्यायालय में समझौता भी हुआ, लेकिन अब जमीन बिक्री की सूचना मिलने पर वह हैरान रह गईं। वर्तमान अंचलाधिकारी भारतेन्दु ने बताया कि उन्हें पारिवारिक सूची में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है। मृतक की पत्नी और पुत्रों ने आवेदन देकर पूरे मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच की जाएगी।

# जनता दरबार में भूमि विवाद के 16 मामलों की सुनवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** भूमि विवाद को लेकर बढ़ते तनाव को देखते हुए शनिवार को रफीगंज थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। यह दरबार अंचलाधिकारी भारतेंदु के दिशा-निर्देशन में प्रभारी अंचल निरीक्षक अजीत कुमार और थानाध्यक्ष शंभु कुमार की देखरेख में आयोजित हुआ। जनता दरबार में कुल 16 मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें से अधिकांश भूमि विवाद से संबंधित थे। प्रभारी अंचल निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि 9 पुराने मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया गया। वहीं, 5 मामलों में दोनों पक्षों की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। इन मामलों की सुनवाई अगली निर्धारित तिथि को की जाएगी। इसके अतिरिक्त दो नए भूमि विवाद के मामले भी सामने आए हैं। अजीत कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में भूमि विवाद को लेकर मारपीट और झगड़े की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने लोगों से अपील की कि विवादों को झगड़े की बजाय संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाएं। अंचल प्रशासन द्वारा प्रत्येक शनिवार को मुफ्त में जनता दरबार लगाया जाता है, ताकि लोगों को न्याय सुलभ हो सके। इस मौके पर एएसआई एस.के. पासवान, राजस्व कर्मचारी अजीत कुमार समेत कई पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# 48 घंटे के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 48 दिन बाद भी अज्ञात युवक की पहचान नहीं हो सकी हैं। दरअसल 16 जुलाई को दाउदनगर थाना क्षेत्र के एनएच 139 पर भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद कॉलेज के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई थी। शव का पोस्टमार्टम के उपरांत 72 घंटों के लिए पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इस दौरान पुलिस अपने स्तर से विभिन्न माध्यमों द्वारा खोजबीन कर रही हैं, लेकिन अब तक शव का शिनाख्त नहीं हुई हैं। मामले में ट्रैफिक थाना के सब-इंस्पेक्टर बाबूलाल यादव ने बताया कि शव की पहचान न होने के कारण पुलिस ने शव को सुरक्षित रखा गया है और आसपास के इलाकों में पूछताछ कर रही है।

# औरंगाबाद में 20 हजार नए सदस्यों को जोड़ेगी एबीवीपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) औरंगाबाद की जिला इकाई ने आगामी सदस्यता अभियान को लेकर शनिवार को सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय परिसर में कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में 21 जुलाई से 15 अगस्त तक चलने वाले सदस्यता अभियान के तहत 20 हजार नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। विभाग संयोजक गोपाल शर्मा ने कहा कि एबीवीपी देश का एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है, जो प्रतिवर्ष सिर्फ एक बार व्यापक सदस्यता अभियान चलाता है। इस अभियान में जिले भर के महाविद्यालय, नगर, प्रखंड और लॉज इकाइयों को सक्रिय भूमिका दी गई है। जिला सदस्यता प्रमुख राहुल सिंह ने बताया कि इस बार सदस्यता ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से की जाएगी। कार्यशाला में सभी कार्यकर्ताओं को सदस्यता फॉर्म भरने, डिजिटल सदस्यता प्रक्रिया, संपर्क संवाद, सामूहिक बैठकें आयोजित करने और नव सदस्य संवाद जैसे कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर, बैनर, पंपलेट, स्टिकर और सोशल मीडिया कैंपेन की रणनीति भी साझा की गई। तय किया गया कि सोशल मीडिया पर औरंगाबाद जिले का अभियान पूरे बिहार में मॉडल कैंपेन के रूप में प्रस्तुत हो।

# मध्यस्थता अभियान को लेकर अधिवक्ताओं के बीच चला जागरूकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र और सौहार्दपूर्ण निपटारे के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मध्यस्थता अभियान को लेकर अधिवक्ताओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में दो सौ से अधिक अधिवक्ताओं के बीच मध्यस्थता से संबंधित पंपलेट वितरित कर उन्हें अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। पैनल अधिवक्ता सह जिला विधिज्ञ संघ के सहायक सचिव सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि यह विशेष अभियान ल्लमेडिएशन फॉर द नेशनङ्क शीर्षक से 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलेगा। यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के निर्देशानुसार, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पटना के तत्वावधान में संचालित हो रहा है। इस अभियान के तहत व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद तथा अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर स्थित मध्यस्थता केंद्रों पर वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक, उपभोक्ता, सुलहनीय आपराधिक, भूमि अधिग्रहण, सेवा विवाद व ऋण वसूली जैसे मामलों का समाधान मध्यस्थता के जरिए कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, महासचिव जगन्नारायण सिंह, उपाध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव दिलीप कुमार सिंह, पूर्व सचिव नागेंद्र सिंह, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय कुमार सिंह और महासचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने अभियान की सराहना करते हुए इसे न्यायिक प्रणाली के लिए एक सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल लंबित वादों के निष्पादन में सहायक होगा, बल्कि समाज में आपसी सद्भाव और स्थायी समाधान की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा। अधिवक्ताओं ने आमजन और वादकारियों से अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता प्रक्रिया से सुलझाने की अपील की है।

# मां वैष्णवी दुर्गा महोत्सव समिति ने की महाआरती



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड के ग्राम पौथु में मां वैष्णवी धाम के प्रांगण में मां वैष्णवी दुर्गा महोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में महाआरती का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया संजीव द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित महाआरती का वेद मंत्रोच्चार के साथ शुरुआत की गई। आचार्य कामेश्वर शास्त्री, बजरंगी दूबे, गोरखनाथ पांडेय, हरि ओम, विष्णुकांत चतुर्वेदी, धर्मेंद्र दुबे द्वारा वेद मंत्र कर किया गया। पुजारी की भूमिका ब्रजनंदन तिवारी ने निभाई। संचालन की जिम्मेवारी सोनू त्रिवेदी ने निभाई। प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि पौथु गांव शुरू से ही धार्मिक अनुष्ठानों को आयोजन कर्ता गांव के रूप में रहा है। रामानुज पांडेय ने पौथु के सांस्कृतिक विरासत की चर्चा की एवं इस स्थल को गया तीर्थ का प्रवेश स्थल बताया। प्रो विजय कुमार सिंह ने माता वैष्णवी के विभिन्न स्वरूपों की एवं यहां हजारों वर्ष प्राचीन मूर्तियों के बारे में भी चर्चा की। संजीव कुमार सिंह ने पौथु और बड़ेम को विश्व स्तरीय संत त्रिदंडी स्वामी जी महाराज का कर्मस्थली बताया। उनके सान्निध्य को प्राप्त करने वाला दोनों ही जगह अपने धार्मिक ऊर्जस्विता को बरकरार रखे हुए है। मौके पर गुप्तेश्वर तिवारी, उपाध्यक्ष शैलेश सिंह एवं दिलीप त्रिवेदी, सचिव श्याम बिहारी तिवारी, उपसचिव अश्विनी कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष रवि रंजन त्रिवेदी, हरेंद्र सिंह सहित अन्य की विशेष सहभागिता रही।

# गर्भवती महिला की मौत पर परिजनों का हंगामा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के बाद एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए परिजनों ने शनिवार को अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। मायापुर गांव निवासी साकेत यादव की पत्नी मनोरमा कुमारी (24) को शुक्रवार को डिलीवरी के लिए राजदेव हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। शाम में ऑपरेशन के बाद महिला ने एक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। लेकिन शनिवार सुबह उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए भड़क उठे। मौके पर भारी संख्या में लोग जुट गए और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना मिलते ही बंदेया व गोह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को समझाकर शांत कराया। इस बीच कुछ स्थानीय मध्यस्थों की पहल पर अस्पताल प्रबंधन व पीड़ित परिवार के बीच आपसी सहमति से समझौता हो गया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। गौरतलब है कि नवजात शिशु पूरी तरह स्वस्थ है।

# स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सरकारी पहल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राज्य में नवाचार, उद्यमशीलता एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं के बीच स्टार्टअप संस्कृति को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सरकार विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चला रही है। इन पहलों का मुख्य लक्ष्य युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करना, आवश्यक सहायता प्रदान करना और एक अनुकूल वातावरण बनाना है ताकि वे अपने स्टार्टअप शुरू कर सकें और सफल हो सकें। उद्योग विभाग, बिहार सरकार एवं योर स्टोरी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में 'बिहार आइडिया फेस्टिवल 2025 का आयोजन 14 जुलाई 2025 से 27 अगस्त 2025 तक बिहार के सभी जिलों में किया जा रहा है। यह महत्वाकांक्षी आयोजन तीन स्तरों जिला, प्रमंडलीय एवं राज्य स्तर पर संपन्न होगा। औरंगाबाद जिले में इस कार्यक्रम का आयोजन 29 जुलाई 2025 को राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, रफीगंज में किया जायेगा। इस अभियान के अंतर्गत जिले के अधिक से अधिक युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने हेतु जिला उद्योग केन्द्र, औरंगाबाद एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, औरंगाबाद की टीम द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक स्तर पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 19 जुलाई 2025 को पीएनबी पीएनबी आरसेटी औरंगाबाद एवं सीतयोग इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, औरंगाबाद में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इसमें जिला उद्योग केन्द्र, औरंगाबाद के महाप्रबंधक, स्टार्टअप सेल के प्रभारी, बीआईएडा के प्रतिनिधि, पीएनबी आरसेटी के निदेशक, सीतयोग संस्थान के चेयरमैन, प्राचार्य, प्रोफेसर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एवं स्टार्टअप सेल प्रभारी द्वारा छात्र-छात्राओं को अपने नवीनतम एवं नवोन्मेषी विचारों को साझा करने, स्वरोजगार की दिशा में पहल करने तथा स्टार्टअप पॉलिसी के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त लाभों की जानकारी दी गई। बताया गया कि अंतिम रूप से चयनित उत्कृष्ट आईडिया को बिहार स्टार्टअप पॉलिसी 2022 के अंतर्गत 10 लाख रूपये तक की सीड फंडिंग, 10 वर्षों तक ब्याज मुक्त ऋण, राष्ट्रीय मीडिया में कवरेज तथा विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। साथ ही, चयनित इच्छुक प्रतिभागियों को चन्द्रगुप्त इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना में नवाचार, उद्यमिता और उद्यम निर्माण में पीजीडीएम पाठ्यक्रम में अध्ययन का वित्त पोषित अवसर प्रदान किया जाएगा।

# हाथी-ट्रेन टक्कर की घटना के बाद रेलवे और वन विभाग के अधिकारियों की समन्वय बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खड़गपुर।** ट्रेन संख्या 12022 की हाथी से टक्कर की दुखद घटना के बाद रेलवे और वन विभाग के अधिकारियों के बीच शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मुख्य वन संरक्षक, हिजली के कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य वन संरक्षक संदीप सुंद्रीयाल और मंडल रेल प्रबंधक के. आर. चौधरी ने की। इस अवसर पर परिचालन के अपर मंडल रेल प्रबंधक, विभिन्न रेलवे विभागों के अधिकारी, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक और प्रभागीय वन अधिकारी समेत वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक उपायों पर विचार करना था। बैठक में विशेष रूप से उन इलाकों पर चर्चा हुई, जहां रेलवे पटरियां जंगलों से होकर गुजरती हैं। वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए शुरुआती चेतावनी प्रणाली जैसी तकनीकों के उपयोग और हाथी गलियारों की पहचान पर भी विमर्श किया गया। दोनों विभागों ने वन्यजीव संरक्षण और यात्रियों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही यह भी तय किया कि हाथी-ट्रेन टक्कर जैसी घटनाओं को रोकने के लिए एक सहयोगात्मक कार्य योजना बनाई जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

CMYK